# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024



## चिकित्सा सेवाओं का विस्तार स्वस्थ मध्यप्रदेश का आधार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

एवं

**डॉ. मनसुख मांडविया**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन व उर्वरक मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में

## ₹218 करोड़ लागत की 187 स्वास्थ्य संस्थाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

### महाकाल मंदिर एवं उज्जैन के अन्य मंदिरों में विकास कार्यों का शिलान्यास

### उज्जैन फूड स्ट्रीट (प्रसादम्) का उद्घाटन

**7 जनवरी, 2024 । प्रात: 10:30 बजे । श्री महाकाल महालोक परिसर, उज्जैन**




### सबकी पहुंच में चिकित्सा सुविधाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला चिकित्सालय | 51 | ऑक्सीजन बेड | 15500 |
| सिविल अस्पताल | 144 | एच.डी.यू. बेड | 563 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र | 353 | आई.सी.यू. बेड | 1695 |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र | 1450 | पी.आई.सी.यू. बेड | 626 |
| उप स्वास्थ्य केन्द्र | 10258 | एस.एन.सी.यू. बेड | 1639 |
| स्वास्थ्य संस्थाओं में सामान्य बिस्तर | 45011 | एन.बी.एस.यू. बेड | 780 |

"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया लगातार जारी है। मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश से हम मध्यप्रदेश को निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में आगे कदम बढ़ा चुके हैं।"

– डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11165/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

5 बोट रेस में 36 टीमों ने लिया भाग, प्रथम पुरस्कार ...



6 मुंबई से पैदल अयोध्या जा रही शबनम सीहोर...



# बीआरटीएस हटाने बनी कार्ययोजना, जल्द शुरू होगा कार्य, 11.67 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीआरटीएस हटाने के लिए बनी कार्य योजना पर काम अब जल्दी ही शुरू हो जाएगा। पिछले दिनों कॉरिडोर हटाने की पूरी रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय में सौंप दी गई थी। मुख्य सचिव ने इस पर बैठक लेकर जल्दी ही अमलीजामा पहनाने को कहा है। अब जल्दी ही इस पर सिलसिलेवार काम शुरू होगा। बैठक में यह तय किया गया कि बीआरटीएस कॉरीडोर हटाने के संबंध में दिए गए निर्देशों के संबंध में प्रति सप्ताह मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में की जाएगी।

दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में पिछले दिनों हुई बैठक में भोपाल में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए बीआरटीएस कॉरीडोर हटाने के संबंध में निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के परिपालन में भोपाल के 24 किमी लम्बाई के बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार हो गई है। नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तैयार की गई कार्ययोजना पर शीघ्र काम शुरू करने और इसे निश्चित समय-सीमा में पूरा किए जाने के निर्देश दिए हैं।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया निर्णय**

**हर सप्ताह मुख्य सचिव को देनी होगी रिपोर्ट**

**कॉरिडोर में बस लेन छोड़कर दोनों तरफ 3-3 कुल 6 लेन मार्ग किया**



### डेडिकेटेड कॉरिडोर हटाया जाएगा

बीआरटीएस के रोशनपुरा से कमला पार्क मार्ग (1.42 किमी) में भी सुधार किया जाएगा। यहां डेडिकेटेड कॉरीडोर हटाया जाएगा और मिक्स्ड वाहनों के लिए 3 लेन सड़क मय सेंट्रल वर्ज बनाया जाएगा। इस पर 3 करोड़ 21 लाख रु.खर्च होंगे। कलेक्ट्रेट से लालघाटी मार्ग (1.73 किमी) का भी डेडिकेटेड कॉरीडोर हटेगा। यहां दोनों तरफ 3-3 लेन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पर 3 करोड़ 63 लाख रुपए खर्च होंगे। यह सभी कार्य नगरपालिक निगम भोपाल से स्वयं की निधि से कराए जाएंगे।

### होशंगाबाद रोड के साइकिल ट्रैक में भी किया जाएगा सुधार

कार्ययोजना के संबंध में मुख्य सचिव वीरा राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि मिसरोद से एम्प्री (होशंगाबाद रोड) सेक्शन कुल लम्बाई 6.7 किलोमीटर में सुधार के लिए आवश्यक सुधार किए जाएंगे। इस भाग में पर्याप्त राइट ऑफ वे एवं भूमि उपलब्ध होने के बाद भी वाहनों के लिए मात्र दो लेन का स्थान उपलब्ध है। कॉरीडोर में बस लेन को छोड़कर बीआरटीएस में दोनों तरफ 3-3 कुल 6 लेन मार्ग किया जाएगा। इसके लिए कॉरीडोर हटाया जाएगा। इस पर 11 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसके बाद इसके साथ ही कॉरीडोर में निर्मित साइकिल ट्रैक में भी सुधार किया जाएगा। इस कार्य के बाद दो पहिया वाहनों का उपयोग सुलभ तरीके से हो सकेगा।

### मुख्य सचिव को हर सप्ताह दी जाएगी रिपोर्ट

बैठक में यह भी तय किया गया कि बीआरटीएस कॉरीडोर हटाने के संबंध में दिए गए निर्देशों के संबंध में प्रति सप्ताह मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में की जाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त अजित केसरी प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह, कमिश्नर भोपाल संभाग पवन कुमार शर्मा, आयुक्त नगर पालिक निगम फ्रेंक नोबल ए. मौजूद थे।

### हलालपुर से सीहोर नाका का कार्य पीडब्ल्यूडी करेगा

बीआरटीएस कॉरीडोर में हलालपुर से सीहोर नाका मार्ग जो 3.81 किलोमीटर का है। यह मार्ग मुख्य रूप से भोपाल-इंदौर मार्ग का हिस्सा है। इसमें सुधार का कार्य लोक निर्माण विभाग से कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इस स्थान पर एलीवेटेड कॉरीडोर बनाने के लिए परियोजना स्वीकृत कर दी है और निविदा कार्य आदेश भी जारी हो गए हैं। इस भाग में लोक निर्माण विभाग की एजेन्सी ने बीआरटीएस कॉरीडोर में पिलरर्स का कार्य किया जाएगा। इसके बाद इस मार्ग में डेडिकेटेड कॉरीडोर खत्म हो जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि कॉरीडोर के सभी बस स्टॉफ और उससे जुड़े अधोसंरचना के कार्य बिना किसी शासकीय व्यय के पीपीपी ऑपरेटर से निर्धारित किए गए स्थान पर रि-लोकेट किए जाएंगे। इसके लिये पीपीपी ऑपरेटर के साथ अनुबंध किया जाएगा।

### कलेक्टर ने किया तीन कमेटियों का गठन, ताला नहीं खुलने से वापस लौटे कलेक्टर और पुलिस अफसर

# 'आंचल' में विदेशी फंडिंग की आशंका, दो एडीएम और एक एसडीएम करेंगे जांच, परमिशन भी देखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया स्थित आंचल बालिका गृह के अवैध संचालन के मामले में कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने विदेशी फंडिंग, व्यवस्थाएं और निर्माण अनुमति को लेकर तीन कमेठियों का गठन किया है। तीनों कमेटियां अपनी-अपनी जांच करके रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेंगी। इधर, शनिवार को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह सहित पुलिस अधिकारी बालिका गृह की जांच करने पहुंचे, जहां ताला नहीं खुलने की वजह से अफसर वापस लौट आए।

बालिका गृह में बालिकाओं के गायब होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन और पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। गुरुवार को एफआईआर होने के बाद एक्शन लिया गया है। शनिवार को तीन अफसरों को सस्पेंड करने के साथ डीपीओ सहित एक अन्य को नोटिस दिया गया है। इस कार्रवाई के साथ कलेक्टर ने एडीएम हरेंद्र नारायण को व्यवस्थाएं, एडीएम अंकिता धाकरे को विदेशी फंडिंग और हुजूर एसडीएम आशुतोष शर्मा को बिल्डिंग की निर्माण अनुमति के संबंध में जांच करना है, जिसकी रिपोर्ट कलेक्टर को पेश की जाएगी।

### एफआईआर के बाद एक्शनः 3 सस्पेंड डीपीओ सहित एक अन्य को नोटिस



### डीपीओ सोलंकी की लापरवाही उजागर

डीपीओ सुनील सोलंकी को दिए नोटिस में संभाग कमिश्नर ने बालिका गृह के संबंध में जांच नहीं करने को लेकर गंभीर लापरवाही माना गया है। दरअसल, डीपीओ को बिना परमिशन चल रहे बालिका गृह के संबंध में जानकारी होना चाहिए थी, लेकिन उन्होंने इस संबंध में अफसरों को जानकारी नहीं दी। इधर संचालक बाल संरक्षण योजना रामगोपाल यादव की भी लापरवाही सामने आई है।

### सभी बालिका गृहों की कराएंगे जांच

शहर में चल रहे बालिका गृहों की परमिशन सहित अन्य जांच कराई जाएंगी। जिससे पता चल सके कि बिना परमिशन के कहां-कहां बालिका गृह चलाए जा रहे हैं।

**कौशलेंद्र सिंह,** कलेक्टर

### जेजे एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज, बच्चियों के कराए जा रहे बयान

भोपाल। परविलया सड़क पुलिस ने ग्राम तारासेवनिया खेत में सुनसान जगह बिना अनुमति प्राप्त चिल्ड्रन होम के संचालक पर जेजे एक्ट का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच में यदि धर्मांतरण की बात आती है तो पुलिस मप्र धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भी कार्रवाई करेगी। एफआईआर रामगोपाल यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास की शिकायत पर की गई है। दो दिन पहले 4 दिसंबर को हुई इस गंभीर मामले की एफआईआर की भनक मीडिया तक नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोरे सहित अन्य अधिकारियों जब यह जानकारी लगी तो रामगोपाल यादव को थाने भेजकर शिकायत कराई गई। सहायक संचालक राम गोपाल यादव ने औचक निरीक्षण किया तो पता चला कि संस्था ग्राम तारा सेवनिया के खेत में बनाई गई है। संस्था में 41 बच्चियां थी, जिनकी उम्र 6 से 18 साल थी। चिल्ड्रन होम में रखे गए दस्तावेजों के निरीक्षण में पता चला कि यहां कुल 68 बच्चियां रजिस्टर्ड हैं। 26 बच्चियां अनुपस्थित मिली।

### मापदंड पूरे किए बिना संचालित किया जा रहा था चिल्ड्रन होम

निरीक्षण में पाया गया कि संस्था किशोर न्याय चालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 (संशोधित 2022) एवं आदर्श नियम वर्ष 2016 के मापदंड के अनुसार संचालित नहीं किया जा रहा था। यहां अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यार्पित बच्चियों को बिना बाल कल्याण समीति के आदेश के रखा गया था। चिल्ड्रन होम का अधिनियम की धारा 41 के अंतगर्त पंजीकरण नहीं है।

### मामले की जांच की जा रही है

जेजे एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी सबूत सामने आएगे। उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रमोद सिन्हा,** एसपी देहात

## आंचल की 41 बच्चियां अन्य पंजीकृत बालगृहों में शिफ्ट, सीडब्ल्यूसी कराएगी काउंसलिंग

भोपाल। राजधानी के परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित आंचल बालगृह में बीते गुरूवार देर रात राष्ट्रीय बाल आयोग और मप्र बाल आयोग की टीम द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के बाद कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बिना पंजीयन चलाए जा रहे इस बालगृह में मिली 41 बच्चियों को पंजीकृत अन्य बालगृहों में शिफ्ट किया गया है। पुलिस द्वारा बयान दर्ज करने के बाद बच्चियों की काउंसलिंग बाल कल्याण समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें और खुलासे होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद आंचल बाल गृह का संचालक अनिल मैथ्यु अस्पताल में भर्ती हो गया था, जिसे पुलिस नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, कुछ बच्चियों के अभिभावक उन्हे लेने पहुंचे थे, लेकिन दस्तावेज के अभाव में उन्हे बच्चियां नहीं सौंपी गई। अभिभावकों को सोमवार को दस्तावेजों के साथ बुलाया गया है।

**बिना दस्तावेज पहुंचे परिजन को लौटाया, सोमवार को दस्तावेज के साथ बुलाया**



### बाल आयोग की टीम ने जब्त किए दस्तावेज

बताया जा रहा है कि मामले में बाल आयोग की टीम द्वारा बाल गृह से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इसके साथ ही संस्था की अन्य गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है।

### 26 नाबालिग लड़कियों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म मिले

इधर आंचल चिल्ड्रन होम के रिकॉर्ड में लापता बताई गई सभी 26 नाबालिग लड़कियों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म मिले हैं। बाल संरक्षण आयोग को कार्रवाई के दौरान नाबालिग बच्चियों को उनके परिजनों के सुपुर्द करने की जानकारी बालगृह संचालक ने दी थी। लेकिन, इनकी सुपुर्दगी का कोई भी दस्तावेज आयोग के अफसरों को नहीं दे सके थे। अब इन बच्चियों को पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से खोज निकाला है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी...



भोपाल। राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सुबह सवेरे जवान मैदान में पहुंचकर परेड की रिहर्सल में जुटे हुए हैं।

# बीएमएचआरसी में अब कार्डियो की ओपीडी रोज

**कार्डियोलॉजी में डीएम कोर्स की तीन सीटें और न्यूरो सर्जरी में एमसीएच की दो सीटों पर स्टूडेंट्स ने किया ज्वॉइन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में सुपरस्पेशियलिटी कोर्स शुरू हो गए हैं। कार्डियोलॉजी में डीएम कोर्स की तीन सीटें और न्यूरो सर्जरी में एमसीएच की दो सीटों पर स्टूडेंट्स ने ज्वाइन कर लिया है। इसके साथ ही अब कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी भी सोमवार से शनिवार तक तक रोजाना संचालित होगी। न्यूरो सर्जरी विभाग में भी अब पूरे समय डॉक्टर मरीज की सेवा के लिए उपलब्ध होंगे। प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि बीएमएचआरसी में सुपर स्पेशियलिटी कोर्स शुरू होना संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे मरीजों को प्राप्त होने वाले उपचार में गुणवत्ता के साथ ही रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में कार्डियोलॉजी की ओपीडी सप्ताह में चार दिन संचालित होती थी।

### शुरू होंगे एमबीबीएस और पीजी कोर्स

*डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि एनेस्थीशियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, मनोचिकित्सा और नेत्र रोग विभाग में पीजी कोर्स पहले ही शुरू हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस की 100 सीटों के साथ-साथ रेडियोलॉजी, ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन, पल्मोनरी मेडिसिन और यूरोलॉजी विभाग में पीजी कोर्स शुरू करने के लिए मप्र आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (एमपीएमएसयू) से कन्सेंट ऑफ एफिलिएशन प्राप्त हो गया है। नेशनल मेडिकल काउंसिल एनएमसी से लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त होने के बाद इन विभागों में भी अगले वर्ष से एमबीबीएस कोर्स व पीजी कोर्स शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा अगले वर्ष से एमफिल (क्लिनिकल साइकॉलजी) और बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी) कोर्स भी शुरू होने की उम्मीद है।*

### गणतंत्र एवं शहीद दिवस पर मांस विक्रय बंद रहेगा

भोपाल। गणतत्र दिवस पर शुक्रवार, 26 जनवरी व गांधी पुण्यतिथि (शहीद दिवस) मंगलवार, 30 जनवरी को नगर निगम की सीमा के अंतर्गत मांस विक्रय पूर्णतः बद रहेगा। ऐसे में यदि कोई भी व्यक्ति मांस विक्रय करता हुआ पाया जाता है, तो उसका लायसेंस निरस्त करते हुए पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठाः मंदिर कराएगा अखंड रामायण-भंडारा

**सूर्यवंशी राम के मंदिर बनने पर सूर्य देव का निकलेगी शोभायात्रा**

# जिस तलैया के राम मंदिर से अयोध्या के लिए रवाना हुए थे 90 कारसेवक, वहीं 22 जनवरी को होगी भव्य आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में श्रीराम मंदिर बन रहा है और 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। इस मंदिर के बनने में भोपाल के राम भक्तों का भी खासा योगदान रहा है ।

दरअसल, 1993 में गुरूबख्श की तलैया में स्थित श्रीराम मंदिर से 90 कारसेवक अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। राममंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम मेहता ने बताया कि यह मंदिर उन सभी 90 कार सेवकों की शरणस्थली बना था और यही से सभी लोग अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश सीमा में हमें गिरफ्तार कर लिया गया था और चित्रकूट की मध्यप्रदेश सीमा में लाकर छोड़ गया था। इस समय बहुत ही खुशी का समय है। 21 जनवरी को मंदिर में अखण्ड रामायण का पाठ शुरू होगा, जो कि 22 तक चलेगा।

### द्वितीय भव्य अंतरराष्ट्रीय रामायण मेला 9 मार्च से



भोपाल । द्वितीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय मेला रामायण केंद्र भोपाल द्वारा आगामी 09-10 मार्च को भोपाल में आयोजित किया जाएगा । इस संदर्भ में एक आवश्यक बैठक मध्यप्रदेश तीर्थ स्थान एवं मेला विकास प्राधिकरण कार्यालय मालवीय नगर भोपाल में आज संपन्न हुई । इस बारे में जानकारी देते हुए रामायण केंद्र के निदेशक डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन में देश विदेश के अनेक संत महात्मा ,रामायण के अधिकृत विद्वान , शोधार्थी , विद्वान ,शोधार्थी ,लेखक ,कलाकार एकत्रित होंगे । इस महत्वपूर्ण आयोजन में पुस्तक लोकार्पण ,पुस्तक प्रदर्शनी ,शोध प्रबंध आदि के आयोजन किए जाएँगे । इस आयोजन का मुख्य विषय होगा संस्कृति के उन्नायक राम।

### सूर्यवंशी राम के लिए गहोई वैश्य समाज निकालेगा शोभा यात्रा

*गहोई वैश्य समाज के आराध्य सूर्य भगवान हैं। सूर्य भगवान की जयंती 21 जनवरी को है श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गहोई वैश्य समाज भोपाल में भगवान सूर्य और श्रीराम चंद्र जी की शोभा यात्रा निकालेगा। समाज के महामंत्री ऋषभ गुप्ता ने बताया कि 21 जनवरी को जनकपुरी से शीतला माता मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। वहीं श्री हिंदू उत्सव समिति भव्य चल समारोह निकालने की तैयारी कर रही है। समिति की रविवार को एक बैठक होनी है, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी।*

### प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाने लगेगी बड़ी स्क्रीन

ओम मेंहता ने बताया कि भगवान श्री रामलला के सभी को दर्शन हों और उस पल के सभी साक्षी बने इसलिए राम मंदिर के बाहर बड़ी स्क्रीन लगाई जायेगी। ताकि आस पास के श्रद्धालू लाइव प्रसारण देख सकें। मंदिर में ठीक 12 बजे आरती की जायेगी इसके बाद प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। ओम मेहता ने बताया कि मंदिर में 21 और 22 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो गई है।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024

## गिरने लगा रात का पारा भी


कोहरे की चादर से ढकी मनुआभान टेकरी

# अब दिन और रात में पड़ेगी कड़ाकेदार सर्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश में शनिवार से कोहरे के बीच बादलों ने डेरा जमा लिया है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में अब रात के तापमान में भी गिरावट शुरू हो गई है। मंगलवार से रात के तापमान में और गिरावट होने से दिन के अलावा अब रात में भी सर्दी बढ़ेगी। प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कुछ कमी आ रही है। लेकिन, पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में बादलों का असर बना हुआ है, जो अभी जारी रहेगा।

मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को भी कई जिलों में घना कोहरा और बादल के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ेंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पूर्वी मप्र में बादलों का असर ज्यादा है, शेष प्रदेश में दिनभर कोहरे के बीच बादल छाए हुए हैं, जिससे तापमान में बदलाव हो रहा है। शनिवार को उज्जैन, रतलाम, इंदौर, धार सहित कुछ जिलों में दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बढ़त रही। वहीं, पूर्वी मप्र के छिंदवाड़ा, दमोह, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, टीकमगढ़ व मलाजखंड ⏩शेष पेज 2 पर

**ग्वालियर की रात (10.2 डिग्री) और सागर (16.5 डिग्री) का दिन सबसे सर्द**

**भोपाल सहित कई जिलों में घने कोहरे के बीच विजिबिलिटी रही शून्य**

### क्यों बढ़ेगी सर्दी?

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उप्र में एक हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना है। साथ ही उप्र से गुजरात तक एक ट्रफ लाइन भी बनी है, जो मप्र से होकर गुजर रही है। इससे मौसम बदला हुआ है। पश्चिमी मप्र से बादल छंटने और सर्द हवाओं से मंगलवार के आसपास से रात के तापमान में और गिरावट होगी, जिससे दिन के साथ रात में भी सर्दी बढ़ेगी। ⏩पढ़ें पेज 10 भी

### कहां कितनी विजिबिलिटी?



शनिवार को भोपाल में घना कोहरा रहा, जिससे सुबह विजिबिलिटी 50 मीटर यानि शून्य रही। गुना, ग्वालियर, रीवा, खजुराहो, सागर में भी यह 50 मीटर के करीब यानि शून्य ही रही है। टीकमगढ़, जबलपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, नर्मदापुरम, राजगढ़, रतलाम सहित कुछ जिलों में भी घना कोहरा रहा। इससे यातायात प्रभावित रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एआई से कैंसर का पता लगाएगा टाटा हॉस्पिटल



मुंबई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से कैंसर जैसी बीमारी का पता लगाने के लिए मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने एक खास पहल की है। टाटा कैंसर की बीमारी में उपयोग में आने वाले निदान उपकरणों में एआई का उपयोग कर रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि यह पता लगाने वाला उपकरण, उत्तरदाताओं के लिए अनावश्यक कीमोथेरेपी से बचने में भी मदद करेगा।

### विधायकों के लिए प्रबोधन 9 व 10 जनवरी को



भोपाल। मप्र विधानसभा में 9 व 10 जनवरी को सुबह 11 बजे से 16वीं विधानसभा में नव निर्वाचित विधायकों के लिए प्रबोधन होगा। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सीएम डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मौजूद रहेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम शिलान्यास समारोह में कहा

# नई शिक्षा नीति सर्वांगीण विकास और मानवीय मूल्यों की स्थापना पर केंद्रित

पतंजलि योग पीठ का 29वां स्थापना दिवस और स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ ही गुरुकुल के संस्थापक स्वामी दर्शनानंद की जयंती के अवसर पर हरिद्वार में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यहां पतंजलि गुरुकुलम की आधारशिला रखी।



डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि 21वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी होगी और उत्कर्ष के यह लक्षण दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का यश संपूर्ण विश्व में स्थापित हुआ है।



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल/हरिद्वार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी युगों में हमारे देश में शिक्षा-दीक्षा को महत्व प्रदान किया गया। आज से 5 हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बाल रूप में कंस जैसी महाशक्ति का पराभव करने के बाद भी तत्कालीन समाज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा होना चाहिए।

इसके बाद श्रीकृष्ण उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपिनी आश्रम पधारे। तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था 14 विद्या व 64 कला से परिपूर्ण थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ⏩शेष पेज 2 पर



### स्वामी रामदेव ने कहा...

**अगले 5 साल में 5 से 10 हजार करोड़ रुपए शिक्षा के अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य**

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त कर मानव सेवा के लिए विशाल अर्थ साम्राज्य स्थापित किया। अभी 500 करोड़ की लागत से पतंजलि गुरुकुलम तथा आचार्यकुलम तैयार करने की योजना है तथा साथ ही अगले 5 सालों में 5 से 10 हजार करोड़ रुपए शिक्षा के अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जो देश से पाया, उसे इस देश को लौटाना है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पूज्य स्वामी दर्शनानंद जी ⏩शेष पेज 2 पर

### रक्षा मंत्री ने कहा

**भारतीय संस्कृति जीवित है तो इसमें देश के गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान**

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश में सिख धर्म है, वह शिष्य शब्द से ही निर्मित है। भारत में कई सारे ऐसे धर्म और संप्रदाय हैं, जो गुरुवाणी के आधार पर ही कायम है। यदि भारतीय संस्कृति जीवित है और यह सनातन बनी हुई है, तो इसकी जीवंतता को बनाए रखने में इस देश के गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान है। संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के गुरुकुल आगे आए। उन्होंने कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है। दुनिया के कई विद्वानों ने प्रकृति और सृष्टि को समझने के लिए संस्कृत का ही अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अहम स्थान है। योग दर्शन भी महर्षि पतंजलि ने संस्कृत में ही लिखा था। उन्होंने संस्कृत पढ़ने लिखने और बोलने वालों की कम होती संख्या को लेकर चिंता जताई। योग गुरु बाबा रामदेव वेद और योग को सरलता से जनमानस तक पहुंचा रहे हैं इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भगवान राम फिर से अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं। आज चाहे काशी विश्वनाथ के भव्य कॉरिडोर का निर्माण हो या बद्रीनाथ का मास्टर प्लान और केदारनाथ का पुनर्निर्माण हो। हर जगह काम हो रहा है।*



# लोकसभा चुनावः मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता

**64523**

मतदान केंद्रों के मतदाता सूची का शनिवार को हुआ प्रकाशन

**6 से 22**

जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने की प्रक्रिया चलेगी

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन सूची में नाम जुड़वा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों के मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार को कर दिया गया। इसके तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया चलेगी।

इस बीच जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है एवं जो युवा एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर दी जानकारी

**खास बात**

- मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर ले सकते हैं सहायता



**पांच करोड़ 60 लाख 73 हजार 696 मतदाता**

मप्र में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 87 लाख 90 हजार 967 पुरुष और 2 करोड़ 72 लाख 6 हजार 136 महिला मतदाता हैं। एक हजार 267 थर्ड जेंडर मतदाता है।

### voters.eci.gov.in पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिक वोटर हेल्प लाइन एप और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी एवं सहायता के लिए मतदाता कार्यालयीन समय में टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

### हर मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल में बैठक की। 6 जनवरी से शुरू हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। राजन ने कहा कि प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की गई।

### दलों से नागरिकों के नाम सूची में जुड़वाने की अपील की

साथ ही एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। राजन ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, इसमें सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान भाजपा से भगवानदास सबनानी, एसएस उप्पल, कांग्रेस पार्टी से जेपी धनोपिया, आम आदमी पार्टी से सुमित चौहान, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम सहित कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से रामचरण पीवी मौजूद थे।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर, घर-घर जाएंगे

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। विशेष शिविर के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर जाएंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। 2 फरवरी तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 8 फरवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अनिल 10वीं बार बने फेडरेशन के अध्यक्ष

**भोपाल।** सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के चुनाव शनिवार को संपन्न हुए। इसमें समस्त निगम मंडलों में काम करने वाले कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए। जिसमें सर्व सम्मति से अनिल वाजपाई को सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन का 10वीं बार अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद कर्मचारी संगठनों ने वेयरहाउसिंग कारपोरेशन में चार सौ ट्रांसफर किए गए की जांच की मांग करते हुए निगम मंडलों में खाली पड़े पदों पर संविदा कर्मचारी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की।

### 120 कर्मचारी करेंगे रामलला के दर्शन

**भोपाल।** अखिल भारतीय पुरानी पेंशन बहाली महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी स्वयं के खर्चे पर 120 कर्मचारियों को अयोध्या धाम की यात्रा कराएंगे। कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश सरकार से 22 जनवरी का अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में प्रमोद तिवारी ने महासंघ के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का सौंपा है।

### 12 से शारदा विहार में समिति समागम

**भोपाल।** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के तीन दिवसीय समिति समागम संकल्प दृष्टि 2024 12 जनवरी से 14 जनवरी तक राजधानी के शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आयोजित होगा। इसमें देशभर के शिक्षाविद शामिल होंगे। वहीं प्रांत से 180 समितियों के 1500 से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। तीन दिन तक सात सत्रों में उन्हें देश के प्रख्यात शिक्षाविद एवं संगठन के अखिल भारतीय अधिकारियों के विचार जानने का अवसर मिलेगा।

### बीयू: 12 तक जमा होंगे पीजी के परीक्षा फार्म

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों के लिए परीक्षा आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। विवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी अथवा एटीकेटी के लिए अब परीक्षा आवेदन 5 जनवरी 2024 के स्थान पर 12 जनवरी तक किए जा सकेंगे। स्नातकोत्तर के तहत एमए, एम काम., एम.एस.सी., एम.एस.सी के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जा सकेंगे।

### आरटीई के प्रवेश की प्रक्रिया हुई शुरू

**भोपाल।** प्रदेश के निजी स्कूलों में सत्र 2024-25 में आरटीई अधिनियम के तहत निःशुल्क प्रवेश को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेशभर के डीपीसी को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। निजी स्कूलों को यूडाइस पोर्टल पर प्रोफाइल दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया 15 जनवरी तक पूरी करनी होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सनातन भूषण की उपाधि से सम्मानित...



*अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार में आयोजन कर किया अलंकृत*

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार में 'सनातन भूषण' की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज, शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, आवाहन पीठाधीश्वर अवधूत अरूण गिरीजी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हरी चेतनानंद महाराज सहित अन्य पूज्य संत मौजूद थे।

## सीएम डॉ. यादव गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को हरिद्वार स्थित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे।

शांतिकुंज व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शांतिकुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल दीदी से भेंट कर विभिन्न रचनात्मक और सृजनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रमुख पण्ड्या व शैल दीदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंगल तिलक कर अभिनंदन किया और समाज के विभिन्न समस्याओं के समाधान परक युग साहित्य एवं गायत्री महामंत्र लिखित उपवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।



### मुख्यमंत्री ने सिद्ध अखंड दीपक के दर्शन किए

मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि नारी सशक्तिकरण, युवा जागरण सहित समाज के नवसृजन में चलाए जाने वाले कार्यक्रमों में अखिल विश्व गायत्री परिवार का सतत सहयोग प्रदेश सरकार को मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शांतिकुंज पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1926 से सतत प्रज्वलित सिद्ध अखण्ड दीपक का दर्शन कर समाज और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। साथ ही युग ऋषि द्वय की पावन स्मारक सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा में अपनी भावांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे।

## सीएम ने कहा- अवैध बाल संरक्षण गृहों पर होगी सख्त कार्रवाई

# मध्यप्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि अंतरित की जाएगी। पूरे प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को देर शाम इंदौर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से युवा दिवस, मकर संक्रान्ति और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के संबंध में तैयारियों की बैठक ली। बैठक में इंदौर से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और भोपाल से मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

*मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि होगी जमा*

*मकर संक्रान्ति पर्व और युवा दिवस के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन*

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजनों की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश
- सीएम ने इंदौर में ली तैयारियों को लेकर बैठक



### युवाओं के लिए कार्यक्रम होंगे

मख्यमंत्री ने कहा कि युवा दिवस पर पूरे प्रदेश में युवाओं के लिए कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाए। स्वामी विवेकानन्द के विचारों उनके सांस्कृतिक अवदानों के बारे में परिचर्चाएं, निबंध लेखन, संभाषण और गोष्ठियां आयोजित की जाए। सामाजिक संगठनों से प्रचार-प्रसार किया जाए।

### परंपरागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रान्ति पर्व पर परम्परागत खेलों को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम किए जाएं। साथ ही युवाओं को मकर संक्रान्ति का वैज्ञानिक महत्व बताने के लिए भी कार्यक्रम हों। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाए। भजन मण्डलियों को भी शामिल करें।

### अवैध बाल संरक्षण गृहों पर सख्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में कोई भी अवैध बाल संरक्षण गृह संचालित नहीं हो। पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। अधिकारी सतत निरीक्षण भी करते रहें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में इंदौर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, उषा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री मांडविया करेंगे शिरकत

# मुख्यमंत्री आज करेंगे देश के पहले 'प्रसादम' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन के महाकाल महालोक के नीलकंठ वन परिसर में देश के पहले प्रसादम का शुभारंभ 7 जनवरी को हो रहा है। मप्र के लिए ये यह बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया इसका शुभारंभ करेंगे। वे 218 करोड़ 76 लाख रुपए लागत की स्वास्थ्य केंद्रों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहेंगे।

### एक करोड़ 75 लाख रु. की लागत से निर्माण

देश का पहला प्रसादम एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से फ़ूड एंड सेफ्टी स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के 'क्लीन स्ट्रीट फूड हब' कार्यक्रम के अंतर्गत उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से श्री महाकाल महालोक के नीलकंठ वन परिसर और अवंतिका हाट के बीच विकसित किया गया है। इसमें 17 दुकानों का निर्माण कर एक स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब बनाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। महाकाल लोक परिसर में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक खुलेगा।

### विकसित भारत बनाने की मोदी की गारंटी है विकसित भारत संकल्प

**भोपाल।** राज्यपाल पटेल शनिवार को इंदौर जिले के ग्राम मंगलिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर नगरीय विकास, आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद, विधायक और त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसके लिए जरुरी है कि शासन की योजनाओं से कोई भी वंचित नहीं रहे। ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीण परिवार को पक्की छत का मकान मिलने की खुशी और आत्मिक आनंद की अनुभूति उन्होंने की है।

*भाजपा अपने हर कार्यकर्ता का रखती है हर समय ख्याल*

## प्रदेश अध्यक्ष वीडी के निर्देश पर पीड़ित कार्यकर्ता को सौंपा चार लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी अपने हर कार्यकर्ता का पूरा ख्याल रखती है। पार्टी एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एक-एक कार्यकर्ता के सुख-दुख में हर समय उसके साथ खड़े रहते हैं।

इसका ताजा उदाहरण भोपाल में विधानसभा चुनाव के बाद एक नेता के समर्थक बदमाशों के चुनावी रंजिश के चलते भाजपा कार्यकर्ता पर किए गए हमले के मामले में देखने को मिला है, जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश एवं सरकार के सहयोग से एकत्रित की गई 4 लाख रुपए का चेक पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने घायल कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह ठाकुर व उसके परिजनों को सौंपा है।



### बदमाशों ने किया था भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उक्त कार्यकर्ता को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे थे और परिजनों को हर तरह की मदद का आश्वासन दिया था। प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों को आश्वासन दिया था कि पार्टी पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है और उन्हें किसी भी तरह की तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के अरेरा मंडल के कार्यकर्ता और झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय मंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर पर 5 दिसंबर को चुनावी रंजिश के चलते कांग्रेस समर्थित बदमाश फारुख राइन उर्फ मिन्नी ने अपने चार साथियों शाहरुख, समीर उर्फ बिल्लू, असलम और बिलाल के साथ मिलकर साईं बाबा नगर में धारदार हथियार से हमला कर दिया था।

### पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह के विजन पर काम करें: सारंग

**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह, सहकारिता मंत्री अमित शाह के विजन अनुसार काम कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार प्रदेश में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी सजग रहें जीरो टॉलरेंस पर काम करें। मंत्री सारंग ने शनिवार को समन्वय भवन में सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। मंत्री सारंग ने कहा कि नागरिकों के जीवन की बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभाग कार्य करें। अधिकारी सहकारिता की नींव को और अधिक मजबूत कर उसकी साख बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान दें।

## कांग्रेस ने चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाई

*पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह शामिल*

# जीतू पटवारी होंगे प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष पॉलिटिकल अफेयर्स देखेंगे प्रदेश प्रभारी जीतेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया है। प्रदेश चुनाव समिति में जीतू पटवारी को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही 34 सदस्य शामिल किए गए हैं। जबकि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह को बनाया गया है।

पटवारी इस समिति के कन्वीनर होंगे। खास बात यह है कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ, उनके बेटे नकुलनाथ, पूर्व दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह शामिल है।



### ये है पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी

जितेंद्र सिंह (अध्यक्ष), जीतू पटवारी (कन्वीनर), कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंगार, कांतिलाल भूरिया, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, नकुलनाथ, कमलेश्वर पटेल, ओमकार सिंह मरकाम, डॉ. गोविंद सिंह, मीनाक्षी नटराजन, बाला बच्चन, रामनिवास रावत, सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, विजयलक्ष्मी साधौ, जयवर्धन सिंह, हिना कांवरे, आरिफ मसूद, फूल सिंह बरैया, सिद्धार्थ कुशवाह, सुखदेव पांसे, तरुण भनोट, झूमा सोलंकी, प्रियव्रत सिंह ,शेख अलीम, शोभा ओझा और मुकेश नायक ।

### कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति

*जीतू पटवारी (अध्यक्ष), कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, रामनिवास रावत, सज्जन सिंह वर्मा, कमलेश्वर पटेल, राजेंद्र कुमार सिंह, फूल सिंह बरैया, हेमंत कटारे, डॉ. गोविंद सिंह, एनपी प्रजापति, आरिफ मसूद, दिनेश गुर्जर, संजय उइके, यादवेंद्र सिंह बुंदेला, फुन्दे लाल मार्को, महेश परमार, पीसी शर्मा, दिलीप सिंह गुर्जर, प्रवीण पाठक, संजय शर्मा, रवि जोशी, तरबर सिंह लोधी, अजय मिश्रा बाबा, जगत बहादुर सिंह अनु, अशोक सिंह और राजीव सिंह।*

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव कल, जज और पुलिस अफसरों ने लिया जायजा

*मुख्य चुनाव अधिकारी ने चुनाव अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश*

# वकीलों के मतदान के लिए बनाए गए 100 पोलिंग बूथ



विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला अभिभाषक संघ के 8 जनवरी को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए जिला अदालत परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नेतृत्व में जज और पुलिस अधिकारियों ने चुनाव अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा। यह चुनाव जज और स्टेट बार कौंसिल के पर्यवेक्षकों की निगरानी में होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ अथवा स्टेट बार कौंसिल का आई कार्ड दिखाने के बाद ही मतदान स्थल पर प्रवेश दिया जाएगा। मतदान ओपन एरिया में किया जाएगा।

### सीसीटीवी कैमरें लगाए

मतदान के लिए 20 हजार स्कॉयर फीट का वाटर प्रूफ पण्डाल लगाया गया है। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे अदालत परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिला अभिभाषक संघ में लगभग 8 हजार 500 वकील पंजीकृत हैं, इसमें से 4 हजार 616 मतदाता वकील मत का प्रयोग कर सकेंगे। 100 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी ने शनिवार को चुनाव अधिकारियों की बैठक चुनाव प्रक्रिया के संबंध में चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए।


भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष : 10, अंक : 291 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 19 न्यून.13 haribhoomi com

हरिभूमि



# इसरो ने रचा 'इतिहास'... अब रहस्य नहीं रहेगा कोरोना लेयर और सूरज का तापमान

# आदित्य-एल-1 का 'सूर्य नमस्कार'



1 आदित्य-एल1 को 2 सितंबर 2023 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था

2 'एल1' प्वॉइंट के आसपास के क्षेत्र को 'हेलो प्वॉइंट' कहा जाता है

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

आदित्य एल1 यान पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर शनिवार को अपराह्न चार बजे सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के 'लैग्रेंज प्वॉइंट' 1टी (एल 1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में पहुंचा। 'एल1 प्वॉइंटश' पृथ्वी और सूर्य के ▸▸ शेष पेज 2 पर

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

***हम मानवता की भलाई के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को पार करते रहेंगे:*** *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत का पहला सौर अनुसंधान उपग्रह आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंच गया। यह सबसे जटिल और कठिन अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में हमारे* ▸▸ शेष पेज 2 पर



**126** दिन की यात्रा **15** लाख किमी का सफर **05** साल करेगा अध्ययन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए देश के पहले अंतरिक्ष आधारित मिशन 'आदित्य एल1' यान को शनिवार को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर इसकी अंतिम गंतव्य कक्षा में स्थापित कर दिया

## खबर संक्षेप

### एक्टिवा पार्क करते वक्त हार्ट अटैक से मौत



**इंदौर।** सियागंज के व्यापारी को उस वक्त अटैक आया, जब वह एक्टिवा से घर जा रहे थे और हींग लेने एक दुकान पर रुके। तभी अचानक उन्हें अटैक आया और वे एक्टिवा से गिर पड़े। दूसरे व्यापारियों ने सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश भी। अस्पताल ले गए तो उन्हें मृत घोषित कर दिया। उषा नगर में रहने वाले किराना व्यापारी और ब्रोकर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष 55 वर्षीय पंकज गादिया जैन की सियागंज में दुकान है।

### हिजाब पर मौलाना के बयान से मचा हंगामा



**तिरुवनंतपुरम।** हिजाब पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना एक स्कॉलर खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कोझिकोड सिटी पुलिस को जमीयतुल उलमा के संयुक्त सचिव उमर फैजी मुक्कम के खिलाफ शिकायत मिली। उन्होंने उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि जो भी महिलाएं 'हिजाब' नहीं पहनती हैं, उनकी नैतिकता ढीली होती है। इस पर काफी हंगामा हुआ।

### झारखंड सीएम के प्रेस एडवाइजर तलब



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन से जुड़ी धनशोधन से अर्जित एक हजार करोड़ रुपए की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद और साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को 11 जनवरी को तलब किया है। इसके अलावा एक अन्य बिनोद सिंह को 15 जनवरी को ईडी ने पेश होने को कहा है। बयान धन शोधन अधिनियम के तहत दर्ज होंगे।

**मोहन सरकार का कड़ा एक्शन :** बालिका गृह को विदेशी फंडिंग की जांच करेगा महिला बाल विकास विभाग

# अवैध बाल गृह मिलने पर दो सीडीपीओ एक परियोजना अधिकारी समेत तीन नपे

इस मामले में प्रशासन को धर्मांतरण का शक परवलिया थाने में एफआईआर दर्ज

**अपने-अपने घर में** परिजनों के पास मिलीं गायब 26 बच्चियां

**डीपीओ को नोटिस,** तीन दिन में मांगा गया जवाब

सभी अलग-अलग धर्मों की बच्चियों को ईसाई धर्म से जुड़ी प्रार्थनाएं करवाई जाती थीं। इन बच्चियों के पास जो अपने धर्म की प्रार्थना सामग्री थी, वह प्रबंधन ने जब्त कर ली थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

परवलिया क्षेत्र में चलाए जा रहे आंचल मिशनरी संस्था के बालिका गृह के निरीक्षण में 68 में से 26 बच्चियां लापता मिलने और बच्चियों के गायब होने के बाद जिला प्रशासन एक्शन में आ गया है। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने सभी बच्चियों को बरामद कर लिया है। देहात एसपी प्रमोद कुमार सिन्हा के मुताबिक यह बच्चियां अपने-अपने घर पर ही मिली हैं। जिसके बाद शनिवार को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने बालिका ▸▸ शेष पेज 2 पर

*शनिवार को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने बालिका गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आंचल मिशनरी संस्था के भवन अनुमति की भी होगी जांच*





***बालिका गृह में कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं किचन में मांस मिला***

*शिकायत में कहा गया है कि आंचल बालिका गृह के संचालक अनिल मैथ्यू ने गैरकानूनी तरीके से बच्चों को रखा। किचन में मांस भी मिला था।* ▸▸ शेष पेज 2 पर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर कहा कि भोपाल के परवलिया थाना क्षेत्र में संचालित बालगृह से लापता बालिकाओं का वेरिफिकेशन हो गया है। सभी बेटियां सुरक्षित हैं और इनकी पहचान भी कर ली गई है। एक भी दोषी और लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**कानूनगो ने मुख्य सचिव वीरा राणा से 7 दिन में मांगी थी जांच रिपोर्ट**

यहां मिली ज्यादातर लड़कियां अलग-अलग राज्य की थी। बाकी जो 41 लड़कियां मिली हैं वे रायसेन, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सीहोर, विदिशा समेत राजस्थान, झारखंड, और गुजरात की हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मुख्य सचिव वीरा राणा को पत्र ▸▸ शेष पेज 2 पर

**यौन उत्पीड़न और मारपीट के तथ्य नहीं**

कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित संस्था के भवन अनुमति और संस्था को फॉरेन फंडिंग तो नहीं हो रही इसकी भी जांच की जा रही है। इसी के साथ ही अन्य विषयों की भी जांच की जा रही है। अब तक की जांच में बच्चियों के साथ किसी प्रकार के यौन उत्पीड़न और मारपीट संबंधी बात सामने नहीं आई है। सभी पहलुओं पर मामले ▸▸ शेष पेज 2 पर

**महादेव एप केस में नई 'सनसनी'**

# ईडी की चार्जशीट में पूर्व सीएम बघेल का नाम भी

◆ कैश कूरियर असीम दास के दावे को बनाया आधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली/ रायपुर

महादेव एप सट्टेबाजी मामले में जेल में बंद कैश कूरियर असीम दास ने दावा किया है कि महादेव एप का पैसा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए ही कथित तौर पर भेजा गया था।

वह अपने पूर्व के बयान पर आज भी कायम है। दरअसल, ईडी ने पिछले दिनों कोर्ट में पेश किए गए पूरक चालान में इसका उल्लेख किया है। इससे पहले 12 दिसंबर को दास ने अदालत में कहा था कि उसे एक साजिश के तहत फंसाया गया है और उसने कभी किसी को नकदी नहीं दी थी।

दास ने स्वीकार किया कि तीन नवंबर का बयान किसी ऐसे व्यक्ति के प्रभाव में दिया गया था, जो उनके वकील के साथ आया था। उस व्यक्ति ने उन्हें एक पूर्व टाइप किया हुआ दस्तावेज़ दिया और इसे अपनी लिखावट में दोबारा लिखने के लिए कहा था। वह हस्ताक्षरयुक्त पत्र ही ईडी के डायरेक्टर को भेजा गया था और कोर्ट में भी दिया गया था। ईडी का दावा है कि दास का तीन नवंबर को दिया गया पहला बयान सही था, जिसमें बघेल को करोड़ों रुपए देने की बात कही थी।



**भूपेश ने लगाया आरोप**

***ईडी मारपीट और धमकाकर गवाहों से मेरा नाम लेने को कह रही***

*भूपेश बघेल ने कहा कि महादेव एप के पूरे मामले को जिस तरह से राजनीतिक रंग दिया गया है उससे साफ है कि इसका उद्देश्य अब असली अपराधियों को बचाने और राजनीतिक दुष्प्रचार कर भाजपा को फायदा पहुंचाने का ही रह गया है। ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर कूटरचना कर लोगों को गिरफ़्तार कर रही है और उनसे दबावपूर्वक मेरे और मेरे सहयोगियों के ख़िलाफ़ बयान दिलवा रही है। इन बयानों में जो पैसों के लेनदेन के आरोप लगाए गए हैं उनका कोई आधार नहीं है। ईडी ने दावा किया है कि चंद्रभूषण वर्मा ने भी अपना पहले का बयान वापस ले लिया है। ईडी के नए दस्तावेज से यह और स्पष्ट हो गया है।*

**पीसीसी बैठक में उठी भितरघाती नेताओं पर कार्रवाई की मांग**

# बड़े नेताओं पर फूटा कांग्रेस के हारे प्रत्याशियों का गुस्सा, बोले- पाल रखे हैं आस्तीन के सांप

चेताया...तो लोकसभा चुनाव में भी होगा विधानसभा जैसा हश्र

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



विधानसभा चुनाव लड़े कांग्रेस प्रत्याशी अपनी हार को भुला नहीं पा रहे हैं, जबकि प्रदेश कांग्रेस पराजय से उबर कर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है। इसी संदर्भ में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय (पीसीसी) में विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों की बैठक बुलाई गई थी।

यहां पार्टी के बड़े नेताओं पर इनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि इन बड़े ▸▸ शेष पेज 2 पर

**जीतू ने आश्वासन के साथ आगे बढ़ने की दी नसीहत**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभी की शिकायतें गंभीरता से सुनी और जरूरी कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधानसभा चुनाव की हार भूलकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतने की कोशिश करना है। यह काम इसलिए कठिन नहीं है क्योंकि कांग्रेस लगभग 100 विधानसभा सीटें एक से दो फीसदी के अंतर से ही हारी है। बाजी पलटते देर नहीं लगेगी। बैठक में जीतू ने कांग्रेस की फंडिंग के लिए ब्लॉक से लेकर जिला और प्रदेश के पदाधिकारियों के लिए राशि फिक्स कर दी है। ▸▸ शेष पेज 2 पर





# सचिन से भी कम उम्र में वैभव ने दिखाया कमाल

**13 साल में बना दिया रिकॉर्ड**

*पटना। पटना के मोइनुद्दीन स्टेडियम में बिहार और मुंबई के बीच रणजी ट्रॉफी का मुकाबला चल रहा है। इस मुकाबले में बिहार के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने डेब्यू किया है। रणजी ट्रॉफी में वैभव सूर्यवंशी सचिन से भी कम उम्र में डेब्यू करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सचिन तेंदुलकर ने 15 साल की उम्र में अपना पहला रणजी मैच खेला था, जबकि संजीव सूर्यवंशी का दावा है कि उनके बेटे वैभव सूर्यवंशी की उम्र 13 साल से भी कम है। वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी ने वैभव का आधार कार्ड दिखा कर उसकी उम्र की पुष्टि भी की। वैभव के पिता का कहना है कि देश भर में सबसे कम उम्र मे रणजी खेलने का रिकॉर्ड उनके बेटे के नाम होने वाला है।*

**हमला करने वालों में सरपंच का पति भी शामिल!**

# अवैध खदानों का रास्ता बंद करने पहुंचे वन अमले पर हमला,डिप्टी रेंजर घायल

***करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों ने रॉड और डंडे लेकर बोला हमला***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

अवैध खदानों का रास्ता बंद करवाने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला हो गया। 30 से 40 बदमाश हॉकी और डंडा लेकर टीम पर टूट पड़े। डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमला करने वालों में सरपंच पति भी शामिल है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए वहां फोर्स भेजी गई है। घटना हकीम खेड़ी की है। यहां पर शनिवार दोपहर 1 बजे डिप्टी रेंजर लाल सिंह पूर्वी, डिप्टी रेंजर मोती सिंह यादव, वनपाल राधा सोलंकी, वनरक्षक ▸▸ शेष पेज 2 पर



**डिप्टी रेंजर की हत्या की कोशिश**

रेंजर प्रवेश पाटीदार ने बताया कि अवैध खनन रोकने को लेकर टीम जंगल में काम कर रही थी। पहले बावलिया में खनन वाली जगह को भरा गया, इसके बाद टीम हकीमखेड़ी पहुंची। यहां काम कर रही थी, तभी गांव के सरपंच पति तौफिक 30-40 लोगों के साथ स्टाफ को धमकाने आ गया। उनके पास डंडे और हॉकी स्टिक ▸▸ शेष पेज 2 पर

**बतौर रिपोर्टर तब अयोध्या आंदोलन में मौजूद रहे प्रभात झा की 'आंखों-देखी'**




# 4 दिसंबर को अयोध्या के राजमार्ग पर कारसेवकों का 'समंदर' था, सभी भोजनालयों में खाना खत्म था पर कोई भूखा नहीं था

कारसेवकों की चिंता के लिए कारसेवकपुरम में विश्व हिंदू परिषद के नेता (स्व) अशोक सिंहल, (स्व) गिरिराज किशोर, संघ के अखिल भारतीय अधिकारी (स्व) मोरोपंत पिंगले व्यवस्था की दृष्टि से अलग-अलग बैठकें ले रहे थे ।

**जैसा दीपेश कौरव को बताया**

मैं पत्रकार के नाते 6 दिसंबर 1992 को रामलला जन्मभूमि के उस परिसर में खड़ा था, जहां हमारी आंखों के सामने माथे पर भगवा पट्टी बांधे सैकड़ों कारसेवक देखते-देखते गुंबद पर चढ़ गए। बस, घंटे-दो घंटे में विवादित ढांचे को धूल-धूसरित कर दिया। 1986 से बजरंग दल के तत्कालीन राष्ट्रीय संयोजक जयभान सिंह पवैया के साथ रामनवमी पर रिपोर्टिंग करने और रामलला के दर्शन करने हम लगभग प्रति वर्ष जाते थे । हम मिथिलावासी हैं। हम मां मिथिलेश कुमारी ▸▸ शेष पेज 2 पर



प्रभात झा

***सबसे ज्यादा भीड़ परमहंस दास के आसपास थी***

इस बीच रामलला परिसर में लोग ढोल-ढमाकों के साथ आने लगे थे। विहिप के जन्मभूमि न्यास के माध्यम से मंच भी बनने लगा था। 4 दिसंबर की रात्रि हम लोग सोए नहीं। राजगढ़ का युवा गीतकार व चित्रकार ▸▸ शेष पेज 2 पर

**राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर**

### इंदौर में जगमगाएंगे 1 करोड़ दीप 2 हजार किलो पेड़े वितरित होंगे

इंदौर। 22 जनवरी को देशभर में राम मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां इसी कड़ी में धर्म और संस्कृति के शहर इंदौर में 22 जनवरी का दिन दीपोत्सव की तरह मानने का निर्णय लिया गया है। इस दिन पूरे शहर में 1 करोड़ 8 लाख दिये लगाए जाएंगे। साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव भी मनाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में फैसला लिया गया कि, इंदौर शहर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ▸▸ शेष पेज 2 पर

## जैकेट का शेष

### नई शिक्षा नीति...

शनिवार को हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिष्य का सर्वांगीण विकास और उनमें मानवीयता के उत्कृष्ट मापदंडों की पुनर्स्थापना करना इस व्यवस्था का उद्देश्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हो रही नई शिक्षा नीति भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानवीय मूल्यों की स्थापना पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति गुरु और गुरुकुल दोनों की महिमा बताती है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने गुरुकुल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। हमारा यह सौभाग्य है कि मप्र भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि योगगुरु स्वामी रामदेव ने हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम की स्थापना से इस पुण्य धरा को शिक्षा से जोड़ने का पुनीत कार्य किया है। उन्होंने स्वामी रामदेव को इस प्रकल्प के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जैन या प्रदेश के अन्य किसी उपयुक्त स्थल पर गुरुकुल व आश्रम स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि 21 वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी होगी और उत्कर्ष के यह लक्षण दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का यश संपूर्ण विश्व में स्थापित हुआ है। स्वामी रामदेव ने भारतीय संस्कृति की महत्ता को विश्व में स्थापित करते हुए भारतीय दर्शन व चिंतन में विश्वास की पुनर्स्थापना की है। स्वामी दयानंद ने 200 साल पहले जो अलख जगाया और स्वामी दर्शनानंद महाराज ने गुरुकुलों के माध्यम से जिन मूल्यों और विचारों का प्रसार किया, उन सबको नई शिक्षा नीति में सम्मिलित किया गया है। शिलान्यास समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी उपस्थित थे।

**पतंजलि गुरुकुलम में 1500 छात्रों के लिए आवासीय सुविधाएं:** पतंजलि योग पीठ का 29वां स्थापना दिवस और स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती तथा गुरुकुल के संस्थापक स्वामी दर्शनानंद की जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 118 साल पहले स्वामी दर्शनानंद द्वारा तीन बीघे जमीन, तीन ब्रह्मचारी और तीन चवन्नियों के साथ शुरू किए गए गुरुकुल का नाम स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर होगा। 10 करोड़ की लागत से बनने वाले पतंजलि गुरुकुलम के नए सात मंजिला परिसर में करीब 1500 छात्रों के लिए आवासीय सुविधाएं भी होंगी।

### अगले 5 साल में 5 से 10...

ने अल्प संसाधनों से यह संस्था प्रारंभ कर एक स्वप्न देखा था जिसे स्वामी रामदेव साकार कर रहे हैं।

### अब दिन और...

आदि जिलों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट हुई है। सिवनी में सबसे अधिक 6 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 19 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6 डिग्री कम है। ग्वालियर की रात और सागर का दिन सबसे सर्द रहा। ग्वालियर में रात का पारा 10.2 और सागर में दिन का पारा 16.5 डिग्री रहा है।

## पेज एक का शेष

### आदित्य-एल-1 का...

बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। इसरो अधिकारियों ने कहा कि 'एल1 प्वाइंट ए' के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में उपग्रह से सूर्य को लगातार देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का अवलोकन करने में अधिक लाभ मिलेगा। 'लैग्रेंज प्वॉइंट ए' वह क्षेत्र है जहां पृथ्वी और सूर्य के बीच गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाता है। प्रभामंडल कक्षा, एल 1, एल 2 या एल 3 लैग्रेंज प्वाइंट ए में से एक के पास एक आवधिक, त्रि-आयामी कक्षा है। इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी57) ने दो सितंबर को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के दूसरे प्रक्षेपण केंद्र से आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था।

**सूर्य तक कौन-कौन पहुंच चुका?:** भारत ने पहली बार सूर्य मिशन लॉन्च किया है। भारत से पहले 22 मिशन सूर्य पर भेजे जा चुके हैं। सूर्य का अध्ययन करने के लिए अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल है। बता दें कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए सबसे अधिक सूर्य मिशन नासा ने भेजे हैं। नासा ने अकेले 14 सूर्य मिशन भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने भी नासा के साथ मिलकर 1994 में सूर्य मिशन भेजा था। नासा ने 2001 में जेनेसिस मिशन लॉन्च किया था। इस मिशन का मकसद सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाते हुए सौर हवाओं का सैंपल लेना था।

### हम मानवता की भलाई के...

*वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ हूं। हम मानवता की भलाई के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को पार करते रहेंगे। केंद्रीय प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी इसरो की कामयाबी पर उसे बधाई दीछ। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि भारत के लिए यह साल शानदार रहा। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, टीम इसरो द्वारा लिखी गई एक और सफलता की कहानी।*

### अवैध बाल गृह...

गृह का निरीक्षण किया।

बिना अनुमति के बाल संचालन पर संभाग कमिश्नर पवन शर्मा ने परियोजना अधिकारी कोमल उपाध्याय और सुपरवाइजर मंजूषा राज को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, गंजबासौदा के परियोजना अधिकारी बृजेंद्र प्रताप सिंह को भी सस्पेंड किया है। वे पूर्व में भोपाल में पदस्थ थे। वहीं, भोपाल संभाग कमिश्नर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील सोलंकी और सहायक संचालक बाल संरक्षण योजना रामगोपाल यादव को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है। बताया जा रहा कि डीपीओ को इन केंद्रों के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन वह आंगनबाड़ी केंद्र सहित बालिका गृहों का निरीक्षण करने नहीं जाते हैं।

### कानूनगो ने मुख्य सचिव...

लिखा था, साथ ही सात दिन में जांच रिपोर्ट मांगी थी। मामले को लेकर परवलिया थाना ने एफआईआर भी दर्ज की है।

### यौन उत्पीड़न और ...

की जांच की जा रही है। आंचल चिल्ड्रन होम का संचालन अवैध तरीके से किया जा रहा था। इसी आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### बालिका गृह में कहीं ...

*बालिका गृह में कई धर्म की बच्चियां हैं, लेकिन उन्होंने बताया कि ईसाई धर्म के अनुसार ही प्रार्थना कराई जाती है। बालिका गृह में कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। रात में 2 महिलाओं के अलावा 2 पुरुष गार्ड रहते हैं। जबकि, बच्चियों की सुरक्षा के लिए सिर्फ महिला गार्ड ही होनी चाहिए।*

### बड़े नेताओं पर फूटा...

नेताओं ने आस्तीन के सांप पाल रखे हैं। यदि इनके खिलाफ कार्रवाई न हुई तो लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का हश्र विधानसभा चुनाव जैसा ही होगा। कई प्रत्याशियों ने चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सज्जन सिंह वर्मा, पीसी शर्मा, एनपी प्रजापति तथा विजयलक्ष्मी साधौ भी मौजूद थे। गुना से विधानसभा का चुनाव लड़े पंकज कनेरिया ने कहा कि कांगेस के बड़े नेताओं ने आस्तीन के सांप पाल रखे हैं। इन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हराने का काम किया है। ये खुले आम घूम रहे हैं। इनकी शिकायत हम करें तो कहां? मुंगावली से चुनाव लड़े राव यादवेंद्र सिंह ने कहा कि भितरघात करने वाले ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाना चाहिए वर्ना लोकसभा चुनाव में भी विधानसभा चुनावों जैसा हश्र होगा।

### जीतू ने आश्वासन ...

चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भी राशि तय की गई है। उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश का दौरा करूंगा और कार्यकर्ताओं के घरों में ही रुकूंगा।

### अवैध खदानों का रास्ता...

रूप सिंह यादव अवैध खदानों का रास्ता बंद कर रहे थे। तभी गांव के लोग हॉकी और डंडे लेकर वहां पहुंच गए। उन्होंने अलग-अलग ग्रुप में टीम को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। हमले में डिप्टी रेंजर लाल सिंह के सिर में गंभीर चोट लग गई। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले की सूचना के बाद कलेक्टर अरविंद दुबे, एसपी और डीएफओ भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल डिप्टी रेंजर से का हाल जाना।

### डिप्टी रेंजर की हत्या ...

थी। सुलेमान खां, हकीम खां समेत अन्य ने हंगामा शुरू कर दिया। स्टाफ ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने से उन्हें मना किया तो डिप्टी रेंजर को जान से मारने की कोशिश की। उनकी हालत गंभीर है। बाकी टीम को मामूली चोट आई है।

**कलेक्टर बोले- पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए कहा:** कलेक्टर अरविंद दुबे का कहना है कि खनन करने वालों ने फॉरेस्ट एरिया में एक रास्ता बना रखा था। इसे ही बंद करने टीम वहां गई थी। गांव के असामाजिक तत्वों ने डिप्टी रेंजर के साथ मारपीट की है। उन्हें गंभीर चोट आई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजा जा रहा है। पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए कहा गया है।

**डिप्टी रेंजर के सिर में गहरी चोट:** जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रतीक शर्मा का कहना है कि डिप्टी रेंजर के सिर पर गंभीर चोट लगी है। हाथ और छाती में चोट के कारण सूजन है। उनका एक्स-रे समेत अन्य जांच करवाई गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कितनी गहरी चोट है, इस संबंध में पता चलेगा।

**गिरफ्तारी के लिए फोर्स भेजी: एसपी**
एसपी विकास कुमार सहवाल ने बताया कि वीडियो के आधार पर 4 से 5 लोग जो हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल पर पुलिस फोर्स रवाना कर दिया है।

### 4 दिसंबर को अयोध्या के...

(सीता जी) के वंशज हैं। भगवान राम से हमारा नाता शास्त्रों के अनुसार, साले-बहनोई का है। मिथिलावासी सीताजी के कारण अवध निवासी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को अपना बहनोई मानते हैं। बहन सीता के कारण अयोध्या से मेरा लगाव पहले से ही रहा है। केरल से कश्मीर तक कोई ऐसा राज्य नहीं था, जहां से कारसेवक का आना न हो रहा हो। उन कारसेवकों की चिंता के लिए कारसेवकपुरम में विश्व हिंदू परिषद् के नेता स्व. अशोक सिंहल, स्व. गिरिराज किशोर, संघ के अखिल भारतीय अधिकारी स्व. मोरोपंत पिंगले व्यवस्था की दृष्टि से अलग-अलग बैठकें ले रहे थे। 2 दिसंबर, 1992 को लोगों के आने का सिलसिला और बढ़ गया। 3 दिसंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह केसी सुदर्शन वहां हम सभी पत्रकारों को मिले। 3 दिसंबर की सायं अयोध्या के सभी भोजनालय में भोजन समाप्त हो गया था। अयोध्या के सभी महंतों के आश्रम और मंदिरों में भोजन के लिए कारसेवकों का तांता लग गया था। 4 दिसंबर को अयोध्या के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जब हमने निगाहें दौड़ाई तो कारसेवकों के सिवा कुछ और नहीं दिख रहा था। हनुमानगढ़ी, कनक भवन, वाल्मीकि मंदिर, छोटी छावनी से लेकर सैकड़ों मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लखनऊ, फैजाबाद और अयोध्या से प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के वाहन अयोध्या की ओर आ रहे थे। अयोध्या पुलिस छावनी बन चुकी थी। लोगों को समेटने की सीमाएं टूट गई थी। पुल से जब कैमरे में सरयू तट पर स्नान कर रहे लाखों कारसेवकों का फोटो खींच रहे थे तो लेंस में लोग समा नहीं रहे थे। ***(प्रभात झा राज्यसभा सांसद भी रहे हैं।)***

### सबसे ज्यादा भीड़ ...

जिसका नाम सत्यनारायण मौर्य जिसे प्यार से लोग बाबा मौर्य कहते हैं, ने पूरी अयोध्या की दीवारों को अपनी तूलिका से राममय कर दिया था। सर्वाधिक भीड़ श्री राम जन्मभूमि न्यास के तत्कालीन अध्यक्ष महंत परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज के पास थी।

### इंदौर में जगमगाएंगे इ...

की शुरुआत मकर संक्रांति 14 जनवरी से होगी, जो 22 जनवरी तक मनाया जाएगा। 22 जनवरी को 56 दुकान पर तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा, जहां 56 दुकान को सजाया जाएगा। वहीं मंदिर की प्रतिकृति भी लगाई जाएगी। नमकीन-मिठाई संगठन के द्वारा 2 हजार किलो पेड़े बनाकर शहर भर में वितरित किए जाएंगे। वहीं दूध विक्रेता संघ इस अवसर पर केसरिया दूध का वितरण करेगा।

# श्रद्धा ट्रेडिशनल लुक में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पद्मिनी कोल्हापुरे और प्रदीप शर्मा के बेटे प्रियांक शर्मा और उनकी पत्नी शजा मोरानी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। हाल ही में कपल की गोदभराई सेरेमनी हुई थी। इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर भी अपने कजिन ब्रदर की खुशियों में शामिल होती हुई नजर आईं। इस खास मौके की कई तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। प्रियांक शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर



तस्वीरों की एक सीरीज पोस्ट की है जिसमें न केवल श्रद्धा कपूर बल्कि प्रियांक की मां, पद्मिनी कोल्हापुरे और शाज़ा मोरानी की बहन ज़ोआ भी शामिल नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में श्रद्धा कपूर को प्रियांक और शजा के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। गोदभराई के मौके पर शज़ा और प्रियांक ने शाइनी पिंक कलर के आउटफिट पहने थे। मॉम टू बी शजा अट्रैक्टिव ज्वैलरी के साथ साटन की साड़ी में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आईं। वहीं प्रियांक ने भी ट्विनिंग करते हुए कुर्ता-पायजामा पहना था। वहीं श्रद्धा के लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने अपने कजिन ब्रदर और भाभी की गोदभराई फंक्श नके लिए ट्रेडिशनल लुक कैरी किया था। श्रद्धा ने लेमन कलर की अनारकली ड्रेस पहने हुई थी और वे काफी प्यारी लग रही थीं। उन्होंने अपनी नाक में नथ, झुमका और बालों का जूड़ा बनाकर अपना लुक कंप्लीट किया था। इस दौरान एक्ट्रेस ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

श्रद्धा के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस फिलहाल 'स्त्री 2' की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में उन्होंने अपकमिंग फिल्म के लिए अपने लुक की एक झलक शेयर की थी।

# सिंघम-3 में श्वेता बनेंगी खुफिया अधिकारी



**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। अब श्वेता रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' में दिखाई देंगी। 'सिंघम 3' में श्वेता तिवारी खुफिया अधिकारी के रोल में दीपिका पादुकोण के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्वेता तिवारी सिंघम अगेन में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। श्वेता तिवारी का कहना है कि रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है और जब उन्हें सिंघम अगेन के लिए उनकी टीम से कॉल आया, तो वह बहुत एक्साइटेड हुईं। श्वेता ने कहा, रोहित सर ने मुझसे कहा कि वह मुझे तभी दूसरा प्रोजेक्ट देंगे, जब मुझे इंडियन पुलिस फोर्स के सेट पर हर रोज खाना लाकर खिलाएंगी। लेकिन इसके बिना ही उन्होंने अपनी अगली फिल्म का ऑफर कर दिया।

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9300009644



**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**CHANGE OF NAME**
I, No. 4577613F L/HAV LAKUM NARESHBHAI JADAVBHAI s/o LATE JADAV BHAI presently residing at To -CHUDA. Village- CHUDA Post- CHUDA district - Surendranagar Gujarat Pin- 363410 have changed my son's name from NIRAVKUMAR to LAKUM NIRAVKUMAR NARESHBHAI Vide affidavit No. 75AA 880580.

**CHANGE OF NAME**
I, BABY SINGH is legally wedded spouse of Army No. JC804961A Rank- Sub Maj(Hony Lt) Name RIPU MARDAN KUMAR presently residing at Tilakpur, Sultanganj, Tilakpur, Bhagalpur, Bihar Pin-813228 have changed my name from BABY KUMARI to BABY SINGH vide affidavit No. BK 197111.

**CHANGE OF NAME**
I, Army No. JC804961A Rank- Sub Maj(Hony Lt) Name RIPU MARDAN KUMAR s/o PURAN SINGH presently residing at Tilakpur, Sultanganj Tilakpur Bhagalpur Pin:813228 have changed my daughter's name from RIYA KUMARI to RIYA SINGH vide affidavit No. BK 197110.

**CHANGE OF NAME**
I Lahari Dey w/o Army No - JC - 778876X Rank -Nb Sub Name Dipak Dey Residing at Village Haripur Post Benapur Tehsil Kharagpur District Midnapore West State West Bengal Pin Code 721301 have changed my name from Lahari to Lahari Dey vide affidavit dated 04/01/2024 at Bhopal Court Madhya Pradesh.

**CHANGE OF NAME**
I, Army No. JC804961A Rank- Sub Maj(Hony Lt) Name RIPU MARDAN KUMAR s/o PURAN SINGH presently residing at Tilakpur, Sultanganj Tilakpur Bhagalpur Pin:813228 have changed my son's name from RITIK SINGH to RITIK RAJ SINGH vide affidavit No. BK 197109

**वैवाहिकी**
**वर चाहिए**
वर चाहिए- उम्र 35/5'-2" बीएससी, PGDCA/ सरकारी बैंक कार्यरत/ मासिक आय 78000 सुशील महिला 35 से 60 तक वर चाहिए जाति बंधन नहीं, रिटायर्ड, तलाकशुदा, विधुर, अनमैरिड, बच्चे मान्य सम्पर्क -9179472796 (32457)

वर चाहिए- कान्यकुब्ज ब्राह्मण जन्म 1993 ग्वा. सुंदर आदि नाड़ी 29/6'1" एम.एस. (LPU) पी.जी.डी.एम. फ्रंट ऑफिस मैनेजर एम.एन.सी दिल्ली 8 लाख (पिता क्लास वन शास. म.प्र.) कार्यरत हेतु सुंदर सुशील समकक्ष कार्यरत वधु चाहिए (सभी ब्राह्मण मान्य) मोबाइल:- 94247 67409 (2361)

वर-वधु चाहिए- जीवन साथी चाहिए मिडिल क्लास फैमिली इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 9039563783 (32458)

**वधु चाहिए**
वधु चाहिए-गुजराती 44/ 5'11" स्वयं का व्यवसाय इनकम 40000 मासिक, युवक हेतु कन्या चाहिए उच्च जाति बंधन नहीं संपर्क करें 9827114645, 91311 39179 (2406)

**परिचय सम्मेलन**
पंजीयन क्र. 1582/99
म.प्र. राजपूत समाज
6वां अ.भा. क्षत्रिय/राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन
रविवार, 28 जनवरी 2024
web- www.mprajputsamaj.org

हरिभूमि
डिस्प्ले क्लासीफाइड
आवश्यकता, लोक सेवा, अन्य ..., आम सूचना/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644


कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸निवेश का सुनहरा मौका
▸डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸पूर्णत: विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू



प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कानहसैया (न्यू RTO ऑफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारगर इलाज
सफेद दाग
गारंटेड इलाज



Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष:** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आएगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन:** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क:** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला:** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु:** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन:** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5387



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5386 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | ■ | ■ | क | मी | ज | ■ |
| रा | ल | ■ | न | ■ | श | प | थ | ■ | मा | मा |
| म | ■ | ■ | ध | नि | क | ■ | न | ■ | ■ | लि |
| दे | ह | दा | न | ■ | ■ | अ | ■ | ल | ल | क |
| ह | ■ | खि | ■ | बे | शु | मा | र | ■ | ह | ■ |
| ■ | सा | ल | ■ | ल | ■ | न | ■ | सु | र | ■ |
| ■ | हि | ■ | ब | गा | व | त | ■ | र | ■ | हा |
| ज | ल | न | ■ | म | ■ | ■ | अ | भि | मा | नि |
| ग | ■ | ■ | चु | ■ | रा | ज | न | ■ | ■ | का |
| त | र | ■ | ना | ह | क | ■ | ब | ■ | चा | र |
| ■ | ब | हा | व | ■ | ■ | म | न | मो | ह | क |

## सुडोकु नवताल- 5397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

सुडोकु नवताल- 5396 का हल



# सोना या शेयर 2024 में किस से चमकेगी आपकी किस्मत

*अक्सर देखने में आता है कि निवेशकों की निगाह हमेशा ऐसे विकल्पों को खोजती रहती है, जो उन्हें तगड़ा रिटर्न दिला सके। वर्ष 2023 को देखें तो सोना और सेंसेक्स दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशकों के लिए ये दोनो एसेट्स निवेश का बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि निवेशकों के लिए शेयर और सोना दोनों ही पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद होता है।*

बिजनेस डेस्क

साल 2023 निवेशकों के लिए काफी गोल्डन रहा है। शेयर बाजार हो या सोना, दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया। इससे सैकड़ों निवेशक मालामाल हुए हैं। सेंसेक्स ने जहां ऐतिहासिक आंकड़ों को छू लिया तो सोना भी पहली बार 60 हजार के पार पहुंचा। अब बाजार के जानकारों के अनुमान है कि वर्ष 2024 भी निवेशकों को जमकर मुनाफा देकर जाएगर। ऐसे में सवाल उठता है कि इस साल निवेशकों को किस एसेट्स पर ज्यादा दांव लगाना चाहिए, सोने पर या शेयरों में। इस बारे में एक्सपर्ट ने निवेशकों के लिए कई काम की जानकारियां दी हैंए जिससे सारी कंफ्यूजन दूर हो गई। वर्ष 2023 को देखें तो सोना और सेंसेक्स दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशकों के लिए ये दोनो एसेट्स निवेश का बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि निवेशकों के लिए शेयर और सोना दोनों ही पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद होता है।

## बाजार ने पिछले साल 16 फीसदी रिटर्न दिया

अगर हम 2023 पर नजर डालें तो शेयर बाजार में करीब 10,000 अंकों का उछाल दिखा है। इसका मतलब है कि बाजार ने अपने निवेशकों को करीब 16 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसी तरह, अगर गोल्ड पर नजर दौड़ाई जाए तो 2023 में इस विकल्प में पैसे लगाने वाले को करीब 15 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न मिला है। ऐसे में हम 2024 को लेकर एक्सपर्ट से शेयर बाजार और सोना दोनों का ही ग्रोथ प्रोजेक्शन लेकर आए हैं, जिससे निवेशकों को यह जानने में आसानी होगी कि वे अपना पैस किस विकल्प में लगाएं।

## शेयर बाजार फिर देगा तगड़ा रिटर्न

इक्विटी और शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि साल 2024 में भी सेंसेक्स का प्रदर्शन जबरदस्त रहेगा। उन्होंने बताया कि 2024 की समाप्ति तक सेंसेक्स 83,250 और निफ्टी 25,000 के आंकड़े को पार कर सकता है। बता दें कि हाल ही में सेंसेक्स 71,434 पर बंद हुआ है। इस हिसाब से देखा जाए तो 2024 में सेंसेक्स करीब 12 हजार अंकों का उछाल हासिल कर सकता है। यह करीब 14.41 फीसदी का रिटर्न हुआ। इससे पहले 2 जनवरी, 2023 को सेंसेक्स 61,168 के स्तर पर बंद हुआ था। यानी शेयर बाजार से निवेशकों को इस साल 14 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिलने का अनुमान है।

- **दोनों ही दे रहे एफडी से दोगुना रिटर्न, फिर बेस्ट क्या**
- **शेयर और सोना दोनों पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद**
- **शेयर बाजार में करीब 10 हजार अंकों का उछाल दिखा**
- **बाजार ने अपने निवेशकों को 16 फीसदी का रिटर्न दिया**
- **गोल्ड में पैसे लगाने वाले को 15 फीसदी का रिटर्न मिला**

## सोने पर क्यों लगाएं दांव

एक जानी मानी कमोडिटी फर्म का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में जिस तरह के हालात चल रहे हैं और महंगाई ने पूरी दुनिया पर दबाव बना रखा है तो 2024 में भी गोल्ड की कीमतों में तेज उछाल का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गोल्ड ने 2023 को 63,203 रुपये के स्तर पर क्लोज किया और अपने निवेशकों को 14.88 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न दिया। 3 जनवरी, 2024 को 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 63,344 रुपये रहा, जो साल के आखिर तक 72 हजार रुपये तक जा सकता है। इस लिहाज से एक तोला सोना खरीदने वाले को प्रति 10 ग्राम करीब 9 हजार रुपये का फायदा होगा। इसका मतलब है कि गोल्ड पर इस साल 15.2 फीसदी का रिटर्न मिलने का अनुमान है। इसलिए निवेशक गोल्ड में भी पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वैसे भी गोल्ड को निवेश का सबसे अच्छा विकल्प माना जाता रहा है। ऐसे में गोल्ड पर पैसा लगाना काफी लाभकारी साबित हो सकता है।

## फिर दोनों में बेस्ट कौन

आंकड़ों से स्पष्ट है कि न शेयर बाजार और सोना दोनों ही दहाई अंकों में रिटर्न दे रहे हैं। दोनों का ही अनुमान लगभग एक जैसा है। ऐसे में निवेशकों को दोनों ही विकल्पों को अपने पोर्टफोलियो में रखना चाहिए। जो निवेशक ज्यादा जोखिम उठाने की क्षमता रखते हैं, उन्हें ज्यादातर पैसे शेयर बाजार में लगाने चाहिएं। वहीं, कम जोखिम की क्षमता रखने वालों को सोने पर दांव लगाना चाहिए। सोने पर इसलिए भी ज्यादा भरोसा है, क्योंकि ग्लोबल मार्केट में चल रही उथल-पुथल को देखें तो सोने की मांग आगे और बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा महंगाई व बढ़ती ब्याज दरों की वजह से भी सोना हॉट कमोडिटी बना रहेगा।

# म्यूचुअल फंड्स से अलग हैं आर्बिट्राज फंड

बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को आमतौर पर यही सलाह दी जाती है कि किसी फंड में पैसे लगाने के बाद धैर्य के साथ सही समय का इंतजार करें और उसे बेचने का फैसला तभी करें, जब आपके निवेश की वैल्यू पर्याप्त रूप से बढ़ जाए। लेकिन इनवेस्टमेंट का एक तरीका ऐसा भी है, जिसमें फंड मैनेजर इक्विटी में निवेश तभी करता है, जब उसे मुनाफा सामने नजर आ रहा हो। सही मौका मिलते ही वह एक हाथ से निवेश करता है और दूसरे हाथ से बेचकर प्रॉफिट बुक कर लेता है। बाकी तमाम एसेट्स की तुलना में बिलकुल अलग ढंग से काम करने वाले इस फंड का नाम है आर्बिट्राज म्यूचुअल फंड। निवेश की बिलकुल अलग स्ट्रैटजी के कारण इसे इक्विटी में निवेश का सबसे कम जोखिम वाला तरीका भी कहा जा सकता है। इक्विटी इनवेस्टमेंट के मामले में आर्बिट्राज का मतलब है, किसी एक शेयर की एक समय में दो अलग-अलग बाजारों या एक्सचेंज में दो अलग-अलग कीमतों के बीच मौजूद अंतर का फायदा उठाकर उसकी खरीद-बिक्री करना। मिसाल के तौर पर अगर एक शेयर का दाम एक स्टॉक एक्सचेंज में ज्यादा और दूसरे एक्सचेंज में कम हो, तो उसे एक ही साथ सस्ते बाजार से खरीदकर महंगे बाजार में बेचा जा सकता है और इस तरह फौरन मुनाफा कमाया जा सकता है।

# शेयर खरीदने के बाद रहें बेफिक्र भाव गिरे तब भी फायदे में रहोगे

*हर सौदे में नुकसान से बचने के लिए हेजिंग करना जरूरी ● स्टॉक मार्केट में हेजिंग का मतलब रिस्क मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी ● यह आपको बड़े नुकसान से बचाने में हर हाल में सक्षम ● शेयरों में पैसा लगाना बाजार जोखिमों के अधीन होता है ● फ्यूचर एंड ऑप्शन में कॉल और पुट की एक्सपायरी भी ● इसकी अवधि एक माह तक हो सकती है ● आप हर माह अपनी कैश पॉजिशन को नुकसान से बचा सकते हैं*

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में पैसा लगाते वक्त एक डर हमेशा निवेशकों के मन में रहता है कि कहीं स्टॉक गिर तो नहीं जाएगा। यह चिंता बड़े निवेशकों को बहुत रहती है, क्योंकि जो व्यक्ति बाजार में 10 लाख, 1 करोड़ या उससे ज्यादा पैसा लगाता है तो शेयरों में गिरावट होने का डर लाजिमी है, लेकिन, शेयरों में करोड़ों रुपये लगाने वाले इन्वेस्टर्स नुकसान से बचने के लिए बीमा भी करा लेते हैं। आप सोचेंगे कि शेयर खरीदने पर कौन-सा इंश्योरेंस होता है हमने तो आज तक नहीं सुना। आपने नहीं सुना इसका यह मतलब नहीं है कि ऐसा नहीं होता है। चूंकि शेयरों में पैसा लगाना बाजार जोखिमों के अधीन है और जहां रिस्क है वहां खुद को सिक्योर करना बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शेयर बाजार में फ्यूचर एंड ऑप्शन के कॉन्सेप्ट को लाया गया है, जिन्हें हेजिंग टूल कहा जाता है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएं कि कि एफ एंड ओ यानि फ्यूचर एंड ऑप्शन क्या है। इसके क्या लाभ हैं। यह कैसे शेयर का भाव गिरने पर भी नुकसान नहीं होन देता।



*जरा सोचिये, 13 लाख रुपए कितनी बड़ी रकम होती है और वह हम ऐसे बाजार में रखते हैं जहां रिस्क और रिवॉर्ड दोनों मिलते हैं। जिस तरह हम महंगी गाड़ी खरीदने पर इंश्योरेंस कराते हैं और कीमती जेवरों की सुरक्षा के लिए उन्हें लॉकर में रखते हैं, इन दोनों कामों के लिए हमें प्रीमियम या किराया देना होता है। ठीक उसी तरह फ्यूचर एंड ऑप्शन में प्रीमियम अदा करके अपनी 13 लाख रुपए की पॉजिशन को हेज कर सकते हैं।*

## क्या होती है हेजिंग

बाजार के जानकारों का कहना है कि स्टॉक मार्केट में हेजिंग का मतलब रिस्क मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी यानी जोखिम प्रबंधन रणनीति है। इसका इस्तेमाल निवेशकों द्वारा शेयरों की कीमत में होने वाले से संभावित नुकसान को कम करने के लिए किया जाता है। हेजिंग की सुविधा शेयर, बॉन्ड, कमोडिटी और करेंसी सभी मार्केट में उपलब्ध है। इसे असानी से लिया जा सकता है। इसके कई प्रकार के लाभ होते हैं।

## जोखिम से बचाने वाला बीमा

मान लीजिये आपने बहुत रिसर्च करके कोई शेयर खरीदा और आप आश्वस्त हैं कि आने वाले दिनों में शेयर का भाव बढ़ेगा, लेकिन, बाजार में इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। एक बुरी खबर से शेयर औंधे मुंह गिर जाते हैं। ऐसे में अपनी पॉजिशन को हेज करना बहुत जरूरी है। मान लीजिये आप कोई भी स्टॉक खरीदते हैं, जिसका भाव 130 रुपए है। अगर आपने 130 के भाव से 10,000 शेयर खरीदे यानी कुल 13 लाख रुपये का निवेश किया।

## आसानी के कर सकते हैं

फ्यूचर एंड ऑप्शन में पुट या कॉल ऑप्शन खरीद या बेचकर कैश मार्केट की पॉजिशन को आसानी से हेज किया जा सकता है। हालांकि, कॉल और पुट खरीदने में सिर्फ प्रीमियम देना होता है जो काफी कम होता है, जबकि सेल करने के लिए मार्जिन लगता है जो काफी ज्यादा होता है। इसलिए निवेशक कम पैसे में अपने निवेश किए गए रुपयों को आसानी से हेज कर सकते हैं और होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

## यह भी कर सकते हैं

निवेशकों ने जिस स्टॉक के लिए 130 के भाव पर 10,000 शेयर खरीदे हैं। अगर शेयर गिरा तो नुकसान से बचने के लिए आप इस स्टॉक के 130 रुपए की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन खरीद सकते हैं, जिसका भाव इस बाजार तक 4 रुपए तक चल रहा है और इसका लॉट साइज 10,000 है। आपको 40,000 रुपए का प्रीमियम देना होगा। यानी 13 लाख की कैश पॉजिशन में होने वाले नुकसान से बचने के लिए आपने 40,000 में पुट ऑप्शन खरीद लिया।

## ऐसे होता है प्रॉफिट

अब आप देखिये कैश पॉजिशन में 1 लाख का प्रॉफिट होता है और पुट ऑप्शन में 40,000 का नुकसान भी हो जाए तो भी आप 60,000 के मुनाफे में रहेंगे। वहीं, अगर शेयर का भाव गिरकर 120 रुपए आ जाता है तो पुट ऑप्शन का प्रीमियम बढ़ेगा। ऐसे में कैश पॉजिशन में आपको 1 लाख का नुकसान होगा। वहीं, पुट का प्रीमियम बढ़कर 4 रुपए से बढ़कर 14 रुपए पहुंच जाता है तो यहां आपको 1 लाख रुपये का प्रॉफिट होगा यानी कैश पॉजिशन में 1 लाख का नुकसान और पुट ऑप्शन में 1 लाख का प्रॉफिट होने पर 'नो लॉस नो प्रॉफिट' रहेगा। अगर पुट का प्रीमियम 14 से बढ़कर 16 रुपए हुआ तो उल्टा आप 20,000 के प्रॉफिट में रहेंगे। हालांकि, फ्यूचर एंड ऑप्शन के जरिए हेजिंग करने के लिए शेयरों की चाल पर नजर रखना बहुत जरूरी है, जिस दिशा में शेयर बढ़े उसके हिसाब से पॉजिशन को काटना जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हासिल किया जा सके। बता दें कि फ्यूचर एंड ऑप्शन में कॉल और पुट की एक्सपायरी होती है, जिसकी अवधि एक माह होती है। आप हर माह अपनी कैश पॉजिशन को हेजिंग के जरिए नुकसान से बचा सकते हैं।

# एक दो नहीं, बल्कि 5 तरह की होती हैं एसआईपी



बिजनेस डेस्क

बिजनेस डेस्क। शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि एसआईपी कितने प्रकार की होती है, एसआईपी के बार में सुना तो लगभग सभी ने होगा, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि एसआईपी भी कई तरह की होती है। बाजार के जानकारों का कहना है कि एसआईपी करीब पांच प्रकार की होती है। इसमें निवेश करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह आपको 10 से 30 फीसदी तक का रिटर्न देकर मालामाल करने में सक्षम होती है। जब कभी बात निवेश की आती है तो आपने अक्सर लोगों को ये सुझाव देते सुना होगा कि एसआईपी शुरू कर लो। एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान। इसके तहत आप हर महीने एक तय रकम किसी म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। हालांकि, ये बात कम ही लोग जानते हैं कि एसआईपी भी कई तरह की होती है। आइए जानते हैं कितनी तरह की होती है एसआईपी और कैसे करती है काम।

## 1. रेगुलर एसआईपी

सबसे पहली है रेगुलर एसआईपी, जिसके तहत आप हर महीने एक तय रकम निवेश करते हैं। यह आप हर महीने, तिमाही या छमाही आधार पर कर सकते हैं। आपके पास ये विकल्प होता है कि आप तारीख खुद से चुन सकते हैं।

## 2. स्टेप-अप एसआईपी

इस एसआईपी के तहत आपको एक तय अवधि में एसआईपी को बढ़ाने की सुविधा मिलती है। जैसे सालाना आधार पर आप एसआईपी की रकम को बढ़ा सकते हैं। मान लीजिए कि आप हर महीने 10 हजार रुपए की एसआईपी करते हैं, तो इसके तहत आप उसे हर साल 10 फीसदी या 5 फीसदी जो भी आप चाहे उस दर से बढ़ा सकते हैं. इसके तहत आपका निवेश ऑटोमेटिक तरीके से बढ़ता चला जाता है।

## 3. फ्लेक्सिबल एसआईपी

इसके बाद नंबर आता है फ्लेक्सिबल एसआईपी का, जिसके तहत आप अपनी एसआईपी में कुछ बदलाव कर सकते हैं। उदाहरण के लिए आप एसआईपी की रकम बढ़ा सकते हैं या घटा सकते हैं। हालांकि, अगर आप ऐसा कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको अपने फंड हाउस को एसआईपी कटने की तारीख से करीब हफ्ते भर पहले बताना होगा।

## 4. ट्रिगर एसआईपी

यह सबसे दिलचस्प एसआईपी है। इसमें आप पैसे, समय और वैल्युएशन के आधार पर तय कर सकते हैं कि कब एसआईपी ट्रिगर होगी। आप इसके लिए पहले से ही कंडीशन लगा सकते हैं। जैसे अगर कीमत के आधार पर बात करें तो आप कंडीशन लगा सकते हैं कि जब एनएवी 1000 रुपए से अधिक हो जाए तो ट्रिगर एसआईपी शुरू हो जाए। वहीं, आप ये भी तय कर सकते हैं कि अगर एनएवी 1000 रुपए से कम हो जाए तो आपके कुछ अतिरिक्त पैसे एसआईपी में लगने लगें। इसी तरह से समय और वैल्युएशन के आधार पर भी ट्रिगर एसआईपी को प्लान किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग**
प्रेस काम्पलेक्स, शेड नं.1, होशंगाबाद रोड, एम.पी.नगर जोन-1, भोपाल
फोन नंबर (0755) 2553096, E-mail eewrdbpl@gmail.com
विज्ञप्ति क्रमांक 01/व.ले.लि./2023-24/74 भोपाल दिनांक 01.04.2024

**विज्ञप्ति**

जल संसाधन विभाग के अधीन निम्नलिखित कार्यालयो में मासिक किराये पर 3 वर्ष के लिए निर्धारित अर्हताधारी कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं, डेस्कटॉप, बहुउद्देशीय प्रिन्टर एवं अन्य अनिवार्य उपकरणों के साथ लिया जाना है।
इच्छुक आवेदक अपना मोहरबंद प्रस्ताव दिनांक 24.01.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, भोपाल में जमा कर सकता है।
विस्तृत विवरण जल संसाधन विभाग की वेबसाईट http://www.mpwrd.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

| स. क्रं. | कार्यालय का नाम एवं पता (जहां कार्य के लिए नियोजन होना है) | कार्यालय में वाछित कम्प्यूटर ऑपरेटर की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय मुख्य अभियंता, चंबल बेतवा कछार, जल संसाधन विभाग, भोपाल (स्थापना कक्ष) | 1 |
| 2 | कार्यालय आयुक्त, कमाण्ड क्षेत्र विकास संचालनालय, जल संसाधन विभाग, भोपाल | 1 |

नितिन कुहीकर, कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग, भोपाल
मोबाईल नं. 6260214739
जी-22624/23
दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

**शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय**
आयुष परिसर, कलियासोत डेम के किनारे, एम.ए.सी.टी. हिल्स, भोपाल-03
क्रमांक/स्था./चिकि./पीएचपी/23-24/8720-25 भोपाल, दिनांक : 29.12.2023

**विज्ञप्ति**
**पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू**

संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/10/आयुष मिशन/23/5806-5931 दिनांक 05.10.2023 के द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल में आर्युविद्या-आयुष चिकित्सक (डॉक्टर)-01 पद, सुप्रजा-आयुष चिकित्सक (डॉक्टर)-01 पद, वयोमित्र-आयुष चिकित्सक (डॉक्टर)-01 पद एवं आर्युविद्या-बहुद्देशीय कार्यकर्ता (एमटीएस)-01 पद, सुप्रजा- बहुद्देशीय कार्यकर्ता (एमटीएस)-01 पद तथा वयोमित्र-बहुद्देशीय कार्यकर्ता (एमटीएस)-01 हेतु अनुबंध के आधार पर वॉक-इन-इन्टरव्यू **दिनांक 12.01.2024 को प्रात: 10 बजे से 12 तक** नियत किया जाता है जिसमें आवेदक आवेदन पत्र के साथ वांछित शैक्षणिक अर्हता के स्व-प्रमाणित अभिलेखों की छायाप्रति के दो सेट जिनमें दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची भी साथ लायें। आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट पर प्रदर्शित है। विस्तृत विवरण महाविद्यालय की वेबसाइट www.ghmcbhopalayush.in पर उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/113158/2024 प्रधानाचार्य एवं सी.ई.ओ.

**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला विदिशा म.प्र.**
पुरानी कलेक्ट्रेट सिविल लाईल विदिशा ई-मेल horticulture36@yahoo.in
क्रमांक/उद्यान/तक-1/PM-FME/2023-24/77-78 विदिशा दिनांक 05.01.2024

**- प्रेस विज्ञप्ति -**
उद्यान विभाग मे जिला रिर्सोस पर्सन हेतु आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि - 17.01.2024

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उद्योग उन्नयन योजना (PM-FME) स्कीम अंतर्गत योजना के दिशा निर्देश अनुसार जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया जा चुका है। आत्म निर्भर भारत अभियान के दिशा निर्देश अनुसार जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर सूक्ष्म खादय प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक लाभार्थियों को हैंड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला रिर्सोस पर्सन (फेसिलेटर) के रूप मे चयन किया जाना है।
संचालनायल उधानिकी तथा खादय प्रसंस्करण म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक / उद्यान/ एस.एम.एफ.पी/2020-21/9821 दिनांक 26.12.2020 द्वारा जिला रिर्सोस पर्सन फेसिलेटर के रूप मे नियुक्ति हेतु कंडिका क्रमांक 9.3.8.2 के संशोधन एवं खादय प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली के आफिस मेमोरेंण्डम दिनांक 18.05.2022 अनुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु योग्यताए निम्नानुसार है।
1. First preference of District Resource persons should be persons With Diploma/Degree in food technology with experience.
2. Second preference for persons with diploma / degree in food technology without experience.
3. Third preference for persons with degree in agriculture and experience in food technology and preparing DPRs etc.
4. (Any Suitable persons like Retired govt.bank officials, insurance agents, bank mitras, consultancy firms, individual professionals etc)
निर्धारित किये गये है।
जिला रिर्सोर्स पर्सन के कार्य :-
● रिसोर्स पर्सन, एकल उद्योगों एवं समूहो को डीपीआर तैयार करने, बैंक से ऋण लेने, एफएसएसएआई के खाद्य मानको, उद्योग आधार, जीएसटी आदि सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लायसेंस प्राप्त करने मे सहायता जैसी हेल्ड होल्डिंग सेवायें प्रदान करेगें।
● प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर रिसोर्स पर्सन को भुगतान, बैंक से ऋण की स्वीकृति के आधार पर 20000/- रूपयें के मान से किया जायेगा। 50 प्रतिशत राशि का भुगतान बैंक ऋण की स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान उद्योग आधार पंजीकरण प्राप्त होने तथा एफएसएसएआई मानको के अनुपालन परियोजना के इम्लीमेंटेशन तथा ट्रेनिंग प्रदान करने के पश्चात किया जायेंगा। आवेदन की अंतिम तिथि 17.01.2024 है आवेदन मय दस्तावेजो के कार्यालय सहायक संचालक उद्यान पुरानी कलेक्ट्रेड जिला विदिशा मोबाईल नंबर 9981340957 समय प्रातः 10 बजे से 05.00 बजे तक कार्यालयीन मेल आई.डी (horti.vidisha@mp.gov.in) पर आन लाईन एवं आफ लाईन स्वीकार किये जायेगें।

(एन.एस. तोमर)
सहायक संचालक उद्यान
जिला विदिशा (म.प्र.)
जी-22630/23
दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

**कार्यालय नगर परिषद मुंगावली जिला अशोकनगर मध्य प्रदेश**
E-mail address : cmomungawali@mpurban.gov.in
क्रमांक/1677 मुंगावली, दिनांक 04/01/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

Online Percentage Rate bids for the following works (Estimated on UADD SOR w.e.f 02/082021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibillity criteria :-

| क्र. | टेन्डर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समय अवधि/ अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये मे) अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_324329_1 | Green Space Development Work at Mungaoli Town District Ashoknagar Under Amrut 2.0 Scheme (Construction of Boundary Wall, Construction & Installation, Testing & Commissioning of External Electrification, Constructed of Paved Walkway, Plantation Work of Trees & Landscaping, Installation of Benches, Installation of Child Play Equipment's & Installation of Gym Equipment's) | 6 माह (वर्षाकाल सहित)/ Rs. 32.95 laks | Rs. 5000/- Rs. 24711/- | 05/02/2024 को शाम 5:30 बजे तक |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेंबसाईट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देख सकते है। अन्य किसी जानकारी के लिए निकाय की तकनिकी शाखा में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

अध्यक्ष
नगर परिषद मुंगावली
जिला अशोकनगर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मुंगावली
जिला अशोकनगर (म.प्र.)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
**ई- नीलामी विक्रय सूचना**
SCAN HERE For detailed terms & conditions.
परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न वर्णित खातों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ बड़ौदा, एयरपोर्ट रोड शाखा, भोपाल फोन : 0755-4030551 | | | | |
| ऋणी : मेसर्स यूनिटेक एक्वा सॉल्यूशंस प्रोपराइटर- श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री घनश्याम नारायण शर्मा, पता: 1. प्लॉट नं. 71, सेक्टर बी, औद्योगिक क्षेत्र बगरोदा, भोपाल (म.प्र.) 462026, 2. मकान नंबर 25, [illegible] भोपाल म.प्र. | बंधक संपत्ति एक लीजहोल्ड औद्योगिक शेड/भवन एवं उस पर निर्मित संरचना के लीज होल्ड अधिकार स्थित प्लॉट संख्या 71, प्लॉट क्षेत्रफल 930.00 वर्ग मीटर, सेक्टर, बी इण्डस्ट्रियल एरिया, बगरोदा, ग्राम बगरोदा, जिला- भोपाल म.प्र. 462026 चतुर्सीमाएं: उत्तर-प्लॉट नंबर 98, दक्षिण-12 मीटर चौड़ी सड़क, पूर्व-प्लॉट नंबर 72, पश्चिम-प्लॉट नंबर 70 | ₹ 31,70,000/- / ₹ 3,17,000/- / ₹ 10,000/- | 08-02-2024 दोपहर 2.00 बजे से 6.00 बजे तक | 04.09.2023 / 22.11.2023 / ₹ 92,98,531.48/- + ब्याज एवं अन्य खर्च |
| | 2. बंधक संपत्ति एक आवासीय प्लाट नं. 174, खसरा नंबर 25/2,25/3/1, 26/1 का भाग, क्षेत्रफल 1500.00 वर्गफुट मंदाकिनी कॉलोनी, ग्राम दामखेड़ा, वार्ड नंबर 82, कोलार रोड, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल म.प्र. चतुर्सीमाएं: उत्तर-कॉलोनी रोड, दक्षिण - अन्य रोड, पूर्व-स्कूल, पश्चिम- प्लॉट नंबर 173 | ₹ 40,50,000/- / ₹ 4,05,000/- / ₹ 10,000/- | | |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https:// www.bankofbaroda.in / e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इच्छुक निविदाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्त तालिका में वर्णित दूरभाष क्रमांक पर सम्पर्क कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें - किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक की वेबसाइट / ibapi पर दर्ज विवरण ही मान्य होगा।
तारीख : 06.01.2024, स्थान: भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

**इस समय समूचा देश राममय है। 22 जनवरी को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा होने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से राम मंदिर निर्माणाधीन है। इसका एक भाग इस माह की 22 जनवरी तक तैयार हो जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी। इस समारोह को भव्य बनाया जा रहा है। सभी दलों, अनेक संतों समेत देश विदेश के हजारों गणमान्य लोगों को भव्य समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा पर राजनीति भी शुरू हो गई है। विपक्ष की ओर से सरकार पर तीखे आरोप लगाए जा रहे हैं कि भाजपा राम का राजनीतिक फायदा लेने के लिए यह सब कर रही है। भाजपा के निर्माण के कुछेक वर्ष के बाद से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पार्टी के कोर एजेंडे में रहा है। आज अगर राम मंदिर बन रहा है, तो निश्चित ही इसे भाजपा के संकल्प व अभियान का प्रतिफल माना जाएगा। राम व मंदिर पर राजनीति का आंकलन करता आजकल का यह अंक...**



# 'राममय' का सांस्कृतिक-राजनीतिक दौर



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**श्रीराम के बिना भारत की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नववर्ष 2024 की शुरुआत हुई है, तो भारत 'राममय' हो उठा है। यह हिन्दुओं का ही नहीं, राष्ट्र के उत्सव का दौर है। मुसलमान भी राम पर फूलों की बरसात कर रहे हैं। अयोध्या विवाद में जो इकबाल अंसारी बाबरी मस्जिद के पक्षकार थे, वह भी 'राममय' हो चुके हैं। वह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान मौजूद रहेंगे। यह देश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक गौरव का दौर है। 'राममय' होने की राजनीति का भी प्रबल विरोध किया जा रहा है। विपक्ष के अलग अलग नेता अपने बयानों से विरोध के बहाने राम की छवि को धूमिल करने के कुत्सित प्रयास करते नजर आ रहे हैं। विपक्षी भी अयोध्या जाएं व प्रभु राम की भक्ति की तरंगों का लाभ ग्रहण करें।**

मुझे 11 जून, 1989 की तारीख बार-बार याद आती है। उस दिन हिमाचल प्रदेश की 'चाय-घाटी' पालमपुर में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक थी। लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। पार्टी के सभी शीर्षस्थ नेता बैठक में मौजूद थे। तब भाजपा एक नवजात-सी पार्टी थी। मैंने एक जूनियर पत्रकार के तौर पर कार्यकारिणी को कवर किया था। जब मीडिया को ब्रीफ किया गया कि एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि अयोध्या में प्रभु राम का भव्य और दिव्य मंदिर बनाया जाएगा। गांव-गांव 'राम' के नाम की शिलाएं पूजी जाएंगी और अंततः उन्हें अयोध्या भेजा जाएगा। आडवाणी सोमनाथ मंदिर से अयोध्या तक की रथ-यात्रा करेंगे और देश भर में राम मंदिर को लेकर एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक आंदोलन छेड़ा जाएगा। तब मैं भाजपा के प्रस्ताव की राजनीति और उसकी व्यापकता को समझ नहीं पाया था। पालमपुर में भाजपा ने एक ऐतिहासिक रैली भी की और पालमपुर से शिमला तक मार्च भी निकाला गया। कुछ अंतराल के बाद हिमाचल में विधानसभा चुनाव हुए, तो भाजपा को बहुमत मिला और शांता कुमार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। उसी वर्ष आम चुनाव में भाजपा के 86 सांसद जीत कर लोकसभा में आए, जबकि उससे पहले सदन में भाजपा के मात्र 2 ही सांसद थे। यहां से भाजपा का पुनरोत्थान और विस्तार शुरू हुआ। आज अयोध्या में 'राम मंदिर' ने आकार ले लिया है और त्रेता युग का दौर जीवंत हो उठा है। 22 जनवरी को प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक 'यजमान' के तौर पर करेंगे।

## सांस्कृतिक पुनरोत्थान का प्रतीक

दरअसल श्रीराम के बिना भारत और लोकतंत्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नववर्ष 2024 की शुरुआत हुई है, तो भारत 'राममय' हो उठा है। यह हिन्दुओं का ही नहीं, राष्ट्र के उत्सव का दौर है। मुसलमान भी राम पर फूलों की बरसात कर रहे हैं। अयोध्या विवाद में जो इकबाल अंसारी बाबरी मस्जिद के पक्षकार थे, वह भी 'राममय' हो चुके हैं। वह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान मौजूद रहेंगे। यह देश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक गौरव का दौर है। ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद के मंत्रोच्चार और यज्ञों का दौर है। उन कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए भी पूजन किए गए हैं, जिन्हें 'राममय' मान कर मार दिया गया था। हालांकि अब मैं इस अध्याय को विस्मृत करने के पक्ष में हूं, क्योंकि श्रीराम 'क्षमावादी' थे। अयोध्या त्रेता युग में देवनगरी थी, श्रीराम की जन्मस्थली थी, आज भी उसका स्थान बैकुंठ से कम नहीं है। प्रभु राम के जयघोष हैं, मंत्रोच्चार, शंखनाद, डमरू वादन है, फूलों की बरसात में लोग नृत्यमग्न हैं, क्योंकि राम अयोध्या में अपने महलनुमा मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। अयोध्या को कभी 'अभिशप्त नगरी' भी मान लिया गया था। वह कुछ दुराग्रही नेताओं की दुर्बुद्धि और आसुरी कर्म था। वे अयोध्या में प्रवेश करने से हिचकते थे, लेकिन आज खुद को 'राममय' साबित करने की होड़ में जुटे हैं। प्रभु राम और भारत, उसके लोकतंत्र के आपसी संबंधों का सच यह है कि संविधान की किताब में राम-सीता का चित्र छपा है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर धर्म की व्याख्या है, लिहाजा धर्म कोई छुआछूत का विषय नहीं है, जिसे राजनीति से अलग रखा जाए। राजनीति लोकतंत्र का ही प्रारूप है। अयोध्या का राम मंदिर सांस्कृतिक पुनरोत्थान का प्रतीक है, तो राजनीति का भी मुद्दा है। भाजपा अपने सभी चुनाव घोषणा-पत्रों में इसे शामिल करती रही है। साफ है कि वह इस मुद्दे पर जनादेश मांगती आई है। इसी मुद्दे ने भाजपा को 303 सांसदों के प्रचंड बहुमत तक पहुंचा दिया है। बेशक अन्य मुद्दे भी महत्वपूर्ण रहे हैं। राम मंदिर के उद्घोष पर जो उन्माद और ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में पैदा होता रहा है, उससे राजनीतिक लक्ष्य भी साधे गए हैं। भाजपा माने या न माने, राम मंदिर 2024 के आम चुनाव का सबसे अहं मुद्दा साबित होगा।

## राम पर विपक्ष की ओछी सियासत

'राममय' होने की राजनीति का भी प्रबल विरोध किया जा रहा है। राजनीति से अलग ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि चुनावी फायदे के लिए भाजपा अयोध्या में राम मंदिर के एक ही हिस्से का उद्घाटन करवा रही है। भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा चुनाव के मद्देनजर कराई जा रही है। सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने एक ही धर्म के राजनीतिकरण के कारण राम मंदिर समारोह का बहिष्कार किया है। एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार सरीखे वरिष्ठ नेता ने बयान दिया है कि जो सत्ता में हैं, उन्हें गाय और गौमूत्र ही दिखाई देता है। उन्हीं की पार्टी के एक मराठी नेता ने यहां तक अनर्गल अलाप किया है कि राम 'मांसाहारी' थे। किसी ने आशंका जताई है कि अयोध्या में 'गोधरा जैसे दंगे' कराए जा सकते हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जनता के सामने सवाल किया है कि आपको मंदिर चाहिए अथवा अस्पताल! वह जरा अपने पिता लालू यादव से पूछ लें कि जेल से छूटने के बाद वह सबसे पहले हनुमान मंदिर क्यों गए थे? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ सांसद सोनिया गांधी को समारोह के निमंत्रण-पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन वे मुस्लिम वोट की खातिर असमंजस में हैं, लिहाजा अपना कार्यक्रम नहीं बताया है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पार्टीजनों को राम मंदिर जाने की छूट देकर एक सौहार्दपूर्ण निर्णय किया है। सवाल हो सकता है कि जब देश 'राममय' हो चुका है, तो ऐसी नफरत क्यों फैलाई जा रही है? क्या राम-विरोध से विपक्षियों को ज्यादा वोट मिल सकेंगे? यदि भाजपा हिन्दुत्व की राजनीति कर रही है, तो विरोधी भी जातीय गणना की सियासत कर ही रहे हैं। इसके अलावा विपक्ष के राजनीतिक एजेंडे में मस्जिदवाद, अडाणी भी हैं। विपक्ष की राजनीति बेरोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार के मुद्दे तक ही सीमित नहीं है। यह तो लोकतंत्र है। त्रेता युग में भी श्रीराम का विरोध करने वाले असुर, खलनायक थे, लिहाजा अब कलयुग में क्या अपेक्षा की जा सकती है?



## तीर्थस्थल के तौर पर अयोध्या का उदय

अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसला सुनाया था कि वहां राम मंदिर का निर्माण कराया जाए। भूखंड तय करने और ट्रस्ट बनाने का दायित्व प्रधानमंत्री को सौंपा गया था, लिहाजा उन्होंने कैबिनेट के जरिए यह काम किया। मस्जिद के लिए भी अयोध्या के पास ही भूखंड तय किया गया है। मेरी जानकारी है कि अब मुस्लिम लॉ बोर्ड और बाबरी मस्जिद समिति उस भूखंड को कबूल करने को तैयार है। यदि अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया गया है और रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाकर शेष देश के लिए 'अमृत भारत' और 'वंदे भारत' रेलगाड़ियां शुरू की गई हैं, तो उनके उद्घाटन प्रधानमंत्री नहीं करेंगे, तो क्या विपक्ष करेगा? अयोध्या में विश्व स्तरीय 20 होटलों के लिए ज़मीन दी गई है। एक अनुमान है कि प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद औसतन 3 लाख श्रद्धालु हररोज़ अयोध्या में आ सकते हैं। हिसाब लगाएं कि यदि इतने श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या आएंगे, तो उस नगरी और आसपास के इलाकों की अर्थव्यवस्था कितनी समृद्ध होगी? अयोध्या को भी, अर्थव्यवस्था के लिहाज से, रोम, मक्का-मदीना और भारत के ही तिरुपति मंदिर की जमात में रखा जा सकेगा। अयोध्या का तो परिसंस्कार किया जा रहा है। बेशक नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो विवादों के बाद अयोध्या गए और राम नगरी के चैतरफा परिसंस्कार का दायित्व निभाया। अयोध्या का तो चेहरा ही बदलने लगा है।

## आस्था से राजनीति तक

आम चुनाव के मद्देनजर अयोध्या के राम मंदिर पर भाजपा ही नहीं, आरएसएस और विहिप ने एक 'मास्टर प्लान' तैयार की है। संघ परिवार के कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर आमंत्रण बांट रहे हैं और पावन कार्यक्रम के सीधा प्रसारण को देखने के लिए लोगों को मानसिक तौर पर तैयार कर रहे हैं। भाजपा और संघ परिवार 15 जनवरी तक करीब 12 करोड़ परिवारों के 60 करोड़ लोगों से संपर्क करेंगे। उन्हें भगवान राम का चित्र और पूजित अक्षत (चावल) देंगे। उन्हें 22 जनवरी के समारोह को सामूहिक तौर पर देखने, भजन और भोग का न्योता दिया जा रहा है। विहिप ने 22 जनवरी को देश के 5 लाख गांवों के मंदिरों, धार्मिक या सार्वजनिक स्थलों में भी आयोजनों का लक्ष्य तय किया है। भाजपा और संघ परिवार की यह पूरी कवायद 'राममय' होने के लिए है। भाजपा ने आम चुनाव में 50 फीसदी या उससे अधिक वोट हासिल कर 350-400 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। ऐसा लक्ष्य विपक्ष भी तय कर सकता है। राम मंदिर संघ परिवार के लिए आस्था और देश की अस्मिता का प्रतीक है, तो राजनीतिक मकसद भी है। विपक्षी भी अयोध्या जाएं व प्रभु राम की भक्ति की तरंगों का आध्यात्मिक लाभ ग्रहण करें। इसमें गलत क्या है? मात्र विरोध के लिए विरोध से विपक्ष पुनजीर्वित नहीं होगा।

# भारतीय अस्मिता के सांस्कृतिक पुरुष श्रीराम



प्राण प्रतिष्ठा
प्रो. निरंजन कुमार
अधिष्ठाता, दिल्ली विश्वविद्यालय

22 जनवरी 2024, यह दिन इतिहास में अमर हो जाएगा। सदियों की सांस्कृतिक गुलामी के बाद इस दिन प्राचीन सांस्कृतिक नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा और नवनिर्मित मंदिर के उत्सव का कार्यक्रम है। आज पूरे भारत ही नहीं बल्कि भारत से जुड़े हुए संसार के हर हिस्से में रहने वाले लोगों की भावनाएँ हिलोरें ले रही हैं। प्रश्न उठता है क्यों राम को लेकर देश और दुनिया गुंजायमान है? क्या राम सिर्फ हिंदुओं के आराध्य देव हैं? या क्या श्रीराम केवल उत्तर भारत के देव हैं? गाहे-बगाहे कुछ लोग इस तरह का वितंडा खड़ा करते रहते हैं, जबकि अगर आप रामकथा को देखें तो श्रीराम का चरित्र न केवल सार्वदेशिक है, बल्कि सार्वपंथिक, सार्वजनीन और सर्व समावेशी भी। अयोध्या के श्रीराम परम ईश्वर तो हैं ही, इसके अतिरिक्त वे एक विराट सांस्कृतिक पुरुष भी हैं जिनसे पूरा भारतवर्ष ही नहीं संसार के विभिन्न देश युगों-युगों से प्रभावित हुए हैं।

## सबके राम

सभी क्षेत्रों, भाषाओं, जातियों और धर्मों के लोगों ने अपने-अपने तरीके से रामायण अथवा रामकथा को रचा है। केवल 'हिंदू' कहलाने वाले समाज ही नहीं बल्कि बौद्ध, जैन, सिख आदि भारतीय पंथों के साथ-साथ मुसलमान और ईसाइयों तक को रामकथा ने गहरे प्रभावित किया है। वाल्मीकि के 'आदि रामायण' के बाद व्यास रचित महाभारत में भी 'रामोपाख्यान' के रूप में यह कथा वर्णित हुई है। फिर बौद्ध परंपरा में श्रीराम से संबंधित 'दशरथ जातक जैसी कथाएँ उपलब्ध हैं। जैन साहित्य में स्वयंभू कृत 'पउमचरिउ' जैसे रामकथा संबंधी कई ग्रंथ हैं। सिख धर्म में भी राम का महत्वपूर्ण स्थान है, जिन्हें राम अवतार या राजा राम कहा जाता है। गुरु गोविंद सिंह द्वारा रचित दशम ग्रंथ के अन्तर्गत 'चौबीस अवतार' में राम का उल्लेख भगवान विष्णु के 24 दिव्य अवतारों में से एक के रूप में किया गया है। मुसलमानों में कवि रहीम ने, जो तुलसी के समकालीन थे, राम के आदर्श को नमन करते हुए लिखते हैं 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्राण/हिन्दुआन को वेद सम, यवनहीं प्रकट कुरान', तो ईसाइयों में रामकथा के प्रामाणिक शोधकर्ता फादर कामिल बुल्के के अनुसार "जिन आदर्शों, जीवन-मूल्यों और सामाजिक समरसता की प्रतिष्ठा के लिए श्रीराम संघर्ष करते हैं वे पूरे भारतीय जीवन-संस्कृति में रचे-बसे हैं"। स्पष्ट है कि श्रीराम सभी पंथों से परे एक ऐसे सांस्कृतिक चरित्र हैं जो भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त 'पंथनिरपेक्ष' शब्दावली के सच्चे प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

## समस्त भारतीयता के प्रतिनिधि

भौगोलिक दृष्टि से देखें तो उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम सभी दिशाओं में रामकथा विद्यमान है। पूर्व में 'कृतिवास रामायण' और पूर्वोत्तर के रामायणों की चर्चा होती है, तो महाराष्ट्र में 'भावार्थ रामायण' है। उत्तर में वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस हैं, तो दक्षिण में कम्ब रामायण है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में हिन्दी में 11, मराठी में 8, बाङ्ला में 25, तमिल में 12, तेलुगु में 12 तथा उड़िया में 6 महत्वपूर्ण रामायण मिलते हैं। इसके अतिरिक्त गुजराती, मलयालम, कन्नड़, असमिया,कश्मीरी, उर्दू, अरबी, फारसी, संथाली व पूर्वोत्तर आदि की अनेक भाषाओं में रामकथा लिखी गयी। इस दृष्टि से राम समस्त भारतीयता के प्रतिनिधि चरित्र हैं।



## सार्वभौमिक चरित्र राम

यही नहीं, भारत के बाहर भी संसार के अनेक देशों में अनेक भाषाओं में रामचरित्र आपको दिखाई पड़ेगा। विदेशों में भी 'तिब्बती रामायण'; पूर्वी तुर्किस्तान की 'खोतानी रामायण'; इंडोनेशिया की 'ककबिनरामायण'; जावा का 'सेरतराम', 'सैरीराम', 'रामकेलिंग', 'पातानीरामकथा'; इण्डोचाइना की 'रामकेर्ति','खमैररामायण'; म्यांमार की 'यूतोकी रामयागन'; थाईलैंड की 'रामकियेन' आदि रामचरित्र के सार्वभौमिकता का बखूबी बखान करती हैं।

## समावेशी राम

श्रीराम सर्व समावेशी भी हैं, सामाजिक समरसता के सच्चे प्रतीक हैं। यह अनायास नहीं कि तथाकथित सवर्ण जातियों के अतिरिक्त पिछड़े-दलित तथा आदिवासी जातियों के लोगों ने भी राम को अपनी रचना का विषय बनाया। कबीर "मेरा मन रामहि आहि" कहते हैं तो रैदास "जब मन मिलो राम-सागर सों" की धुन लगाते हैं। इक़बाल जैसे शायर ने तो श्रीराम की शान में कविता लिखी। उन्होंने श्रीराम को हिंदू धर्म का प्रतीक न मान कर भारत की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में पहचाना है।

## सामाजिक समरसता के प्रतीक

सामाजिक समरसता के प्रतीक श्रीराम सामाजिक दृष्टि से राज पुरुष होते हुए भी सभी समुदायों, सभी जातियों, सभी वर्गों और समुदायों के प्रति समानधर्मा और समभावी हैं। एक तरफ उनका आत्मीय संबंध कोल, किरात, भील, शबर, गुह और निषाद आदि ओबीसी या आदिवासी लोगों के साथ है, तो दूसरी तरफ पशु-पक्षियों और वृक्षों-पादपों से भी उनका वैसा ही प्रगाढ़ संबंध है। केवट, गुह और निषादराज आदि जहाँ राम के मित्र हैं, वहीं भाव-विभोर होकर भीलनी माता शबरी के झूठे बेर भी श्रीराम खाते हैं। एक ओर पक्षीराज जटायु के प्रति करुणा व्यक्त करते हैं तो वानरश्री हनुमान उनके अंतरंग है, और भल्लूकराज जामवंत और वानरराज सुग्रीव उनके मित्र।

## आज भी प्रेरणास्रोत

आज के भौतिकतावादी युग में सामाजिक विघटन और पारिवारिक मूल्यों के क्षरण के दौर में जिस तरह से सारे सामाजिक और पारिवारिक संबंध टूट रहे हैं, भाई अपने भाई से, पिता अपने पुत्र से, और मित्रता के संबंध जब क्षणभंगुर हो रहे हैं, ऐसे में भी राम का उदात्त चरित्र शाश्वत प्रेरणास्पद और मन में एक उत्साह जगाने वाला दिखाई पड़ता है। राम का चरित्र एक तरफ करुणा सम्पन्न है तो दूसरी तरफ वीर और शौर्यवान भी। अपने पराक्रम रूप में वे राक्षसों के आतंक का खत्म कर सज्जनों को दिलासा देते हैं। आज जब संसार आतंकवाद की विभीषिका झेल रहा है, ऐसे में भी श्रीराम का यह रूप संसार को एक वैश्विक संदेश दे सकता है।

सार्वजनीन चरित्र श्रीराम का ऋषि-मुनियों, भक्तों-संतों और कवियों आदि ने महिमा मंडन तो किया ही, आधुनिक काल में भी विभिन्न मनीषियों और चिंतकों जैसे विवेकानंद, महर्षि अरविंदो, तिलक, रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, विनोबा भावे और लोहिया राम चरित्र से बहुत प्रभावित थे, और अपने लेखन का विषय बनाया। भारत के कण-कण में, हर मन में राम विराजमान हैं। श्रीराम वह सांस्कृतिक पुरुषोत्तम हैं जो देश-काल से परे हैं। श्रीराम जिन जीवन मूल्यों, आदर्शों, मर्यादा और सामाजिक समरसता की प्रतिष्ठा के लिए संघर्ष करते हैं, वे भारतीयों के जीवन-संस्कृति में रचे-बसे हैं। यह अकारण नहीं कि जिस निर्माणाधीन राम मंदिर की आज चर्चा हो रही है उसके निर्माण के लिए निधि समर्पण में पूरी दुनिया में बसे हिन्दू भारतीयों लोगों के साथ-साथ कम्युनिस्ट, बौद्ध, पारसी, ईसाई व मुसलमान ने भी सहयोग किया है। यह देश सदा ऋणी रहेगा क्योंकि यह राम मंदिर ही नहीं, राष्ट्र मंदिर भी है।

# 'धर्मराज्य' के लिए मिलती रहेगी प्रेरणा



राम मंदिर
प्रो. महेश चंद गुप्ता
शिक्षाविद् व डीयू के पूर्व प्रोफेसर

हर सनातनी और राष्ट्रवादी देशवासी उस घड़ी का साक्षी बनने को आतुर है, जब अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। सनातन संस्कृति के आस्थावान इस अवसर को दिव्य, अद्भुत, अलौकिक तथा देश के सम्मान की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त करने वाला मान रहे हैं। आशा की जा रही है कि श्रीराम लला के अयोध्या में विराजमान होने के बाद भारत फिर से राम राज्य के आदर्श बनने की ओर अग्रसर होगा।

22 तारीख के इंतजार में देश में कुछ वैसा ही माहौल है, जिस प्रकार दीपावली और स्वाधीनता दिवस से पहले हुआ करता है। देश का हर नागरिक इस दिन दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए तत्पर है। सनातन धर्म और संस्कृति में जिनकी आस्था है, उनके लिए जितना 15 अगस्त के दिन का महत्व है, उतना ही जनवरी की 22 तारीख का भी होगा। यह कोई साधारण दिन नहीं है और न ही आसानी से देखना नसीब हो रहा है। यह कई पीढ़ियों द्वारा सदियों तक किए गए प्रयासों-संघर्षों का परिणाम है। श्रीराम के प्रयोजन के लिए जिन लोगों ने अपना सर्वस्व होम कर दिया, यह उन हुतात्माओं के बलिदान का प्रतिफल है।

अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजास्थल नहीं है बल्कि यह हमारे लिए तप, त्याग और संकल्प प्रतीक और स्थायी प्रेरणापुंज बनने जा रहा है। इसकी वजह साफ है-श्रीराम का यह भव्य मंदिर जिस आंदोलन की बदौलत आकार ले पाया है, वह अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत आंदोलन था। उसी अर्पण, तर्पण और संकल्प की बदौलत ये मंदिर कोटि-कोटि लोगों की सामूहिक संकल्प शक्ति और हमारे राष्ट्र का प्रतीक बनने जा रहा है। जन मान्यता है कि इसी मंदिर में श्री रामलला के विराजित होने के उपरांत राम राज का शिलान्यास भी हो जाएगा। उस राम राज की आधारशिला रखी जाएगी, जिसकी परिकल्पना न जाने कब से हम भारत के लोग कर रहे हैं। सदियों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है।

अभी हम जिस कालखंड में जी रहे हैं, वह भारत के लिए क्रांतिकारी, गौरवशाली और बड़े सकारात्मक बदलावों का कालखंड है। पूरी दुनिया हमारी संस्कृति को मान रही है। भारत की गौरवशाली और प्राचीन संस्कृति की तरफ लोगों का रूझान है। पाश्चात्य संस्कृति की ओर खिंचे रहने वाले युवा भी हमारी संस्कृति को पुनः अंगीकार कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद समेत सौ से ज्यादा संस्थाएं समाज को जाग्रत कर रही हैं। निश्चय ही आने वाला समय अच्छा समय है, इसमें श्रीराम मंदिर मील का पत्थर बनने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो अगले पच्चीस सालों में मंदिर से राम राज की यात्रा का शुभारंभ करने की तैयारी शुरू की है। इसके लिए संघ की एक महत्ती योजना है, जिसके तहत संघ अगले पच्चीस सालों में ऐसे सशक्त भारत का निर्माण करना चाहता है, जिसकी बदौलत भारत एक बार पुनः विश्व गुरु बने। वर्ष 2047 में देश की आजादी के एक सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आरएसएस की जो परिकल्पना है, उसे साकार करने के लिए केन्द्र बिंदू राम का मंदिर है और संघ समाज की सभी संस्थाओं को राम राज्य की परिकल्पना के अनुरूप संवैधानिक दायरे में स्थापित करने का रोडमैप बना रहा है। संघ चाहता है आगामी पच्चीस सालों में प्रत्येक व्यक्ति का हृदय ऐसा हो, जिसमें श्रीराम स्वयं बसें और हर व्यक्ति अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जीवन की रचना इसी के अनुरूप करे।



आज यह सब करने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला, जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे विशाल भवन नष्ट कर दिए। हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं मगर वह श्रीराम को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस राम को कैसे मिटाते, जो कण-कण में हैं, हर जन के हृदय में हैं। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश हो कर चले गए लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राम मंदिर की बदौलत देश में सुख, शांति, समृद्धि, वैभव की जगमगाहट होना तय हो गया है।

विरोध कर रहे मुट्ठी भर नेताओं को समझना चाहिए कि राम मंदिर किसी एक व्यक्ति अथवा पार्टी का नहीं है, इससे करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है। राम किसी एक के नहीं, सबके हैं। समूचे संसार के हैं। भारतवर्ष में करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र राम हैं तो अनेक विदेशों में भी हैं।

आज यह धारणा बलवती हो रही है कि राम मंदिर अनंत काल तक समूची मानवता को प्रेरणा देगा तो यह अकारण नहीं है। शास्त्रों में उल्लेख इस बात का है कि श्रीराम के समान कोई नीतिवान समूची धरा पर कभी नहीं हुआ। कोई गरीब व दुःखी न हो, यह राम राज का उद्देश्य था। श्रीराम का संदेश यह था कि नर-नारी को समान भाव से सुख मिले और बुजुर्गों व बच्चों की सदैव रक्षा हो।

कुछ लोगों के मन में प्रश्न उठ सकता है कि आखिर राम राज क्या है? राम राज एक सामाजिक व्यवस्था का नाम है। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसकी परिकल्पना महात्मा गांधी ने भी की थी। राम राज रूपी सामाजिक व्यवस्था समर्पण एवं त्याग की भावनाओं से ओत-प्रोत है। राम राज ऐसी व्यवस्था का द्योतक है, जिसमें शांति, सत्य और जन भावना का समावेश लाजिमी है। इसमें 'प्राण जाए पर वचन न जाए' की भावना निहित है। लोक भावनाओं के सम्मान के बिना तो राम राज की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। तुलसी दास जी ने राम राज के बारे में रामायण में जो लिखा है, उसे देखिए। वे कहते हैं- ''दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, रामराज काहु नहीं व्यापा।'' अर्थात राम जी के राज में न देह से संबंधित रोग थे, न दैवीय प्रकोप और न ही भौतिक आपदाओं का प्रभाव व्याप्त था।

महात्मा गांधी के 20 मार्च, 1930 को हिन्दी पत्रिका 'नवजीवन' में 'स्वराज्य और रामराज्य' शीर्षक से प्रकाशित लेख में राम राज्य का बहुत ही सुंदर शब्दों में वर्णन किया गया है। गांधी जी लिखते हैं कि ''स्वराज्य के कितने ही अर्थ क्यों न किए जाएं, तो भी मेरे नजदीक तो उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है, और वह है रामराज्य, यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सब कार्य धर्म पूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है, जिसमें रामराज्य के लिए योग्य साधन का ही उपयोग किया गया हो। याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पाण्डित्य की कोई आवश्यकता नहीं है। जिस गुण की आवश्यकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों- स्त्री, पुरुष, बालक और बूढ़ों- तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है। दुःख मात्र इतना ही है कि सब उसे जगाते नहीं हैं। सत्य, अहिंसा, मर्यादा-पालन, वीरता, क्षमा, धैर्य आदि गुणों का हममें से हरेक व्यक्ति परिचय दे सकता है। श्रीराम का मार्ग मानवता का मार्ग है। जब-जब हम श्रीराम के मार्ग पर चले हैं तो विकास ने बाहें फैलाई हैं लेकिन यह भी सत्य है कि जब-जब हम राम जी के रास्ते से भटके हैं तो हमारा पतन हुआ है। अब हम राम के मार्ग पर हैं। हमारा मूल रास्ता ही यही है क्योंकि राम हमारी संस्कृति के आधार हैं।

# बोट रेस में 36 टीमों ने लिया भाग, प्रथम पुरस्कार जीतने वाले राज और रोहित को मिली बाइक

## स्व. श्री कन्छेदीलाल केवट जी की स्मृति में विधायक बोट रेस में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संतनगर

स्व. श्री कंछेदीलाल केवट की स्मृति में विधायक बोट रेस शनिवार को बड़े तालाब में बेहटा गांव क्षेत्र में आयोजित की गई। यह आयोजन रोहन (रामू केवट) द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थत रहे। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत संयोग बना है, अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी का दिव्य मंदिर बनने जा रहा है और प्रभु श्रीराम जी को वनवास के दौरान नदी पार लगाने वाले केवट समाज के साथ आज हम यह उत्सव मना रहे हैं।



### इन्हें मिला पुरस्कार

बोट रेस में 36 टीमों में भाग लिया, जिसमें सीनियर वोट रेस में प्रथम पुरस्कार राज रैकवार, रोहित रैकवार को स्प्लेंडर बाइक दिया है। द्वितीय पुरस्कार सुधीर रैकवार, विशाल रैकवार को नगद राशि के रूप में 21,000 रुपए दिए, तृतीय पुरस्कार अर्जुन चौहान, हन्नी रैकवार को नगद राशि के रूप में 11,000 रुपए दिए हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, चन्दू ईसरानी, कमल वीधानी सहित क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मतदाता सूची में नाम जोड़ने एसडीएम ने ली बैठक

**औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज एसडीएम कार्यालय में एसडीएम ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारी में मतदाता सूची संबंधित बैठक की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, अमर पेठारी के साथ 8 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक आयोजित



**औबेदुल्लागंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक रायसेन कार्यालय में आयोजित हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नमों एप, विकसित भारत एंबेसडर, नवमतदाता सम्मेलन, मंडल सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रणजीत चौहान एवं सह प्रभारी प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत राव गरुण उपस्थित थे। डॉ. भूपेंद्र नागर ने बताया कि जिले के चारो विधानसभा में हजारों नव मतदाता के सम्मेलन होंगे, और नमो एप से हजारों युवाओ को जोड़ा जाएगा।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य शुरू

**मंडीदीप।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम शनिवार से शुरू हो गया है। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई गई। मतदान केंद्र व जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए 13 और 20 जनवरी को शिविर लगाए जाएंगे।

### राष्ट्रीय हॉकी में जिले की 8 प्रतिभाएं चयनित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर से राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता अंडर-19 पंजाब में रविवार से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नगर के 4 बालक और 4 बालिकाओं का चयन जालंधर पंजाब खेलने के लिए किया है। चयनित खिलाड़ी हॉकी फीडर सेंटर मंडीदीप के हैं। इनमें बालिका वर्ग से रजनी यादव, साधना यादव, मुस्कान सिरवैया है। बालक वर्ग में संजू राजपूत, संजय चांवरिया, कमल झरिया और राज वर्मा का चयन किया है। अंडर -17 बालिका राष्ट्रीय शालेय बालिका हॉकी प्रतियोगिता में मंडीदीप की पूजा कोरी का चयन मध्य प्रदेश की टीम में किया है।

## ऐशबाग में आधा दर्जन बदमाशों ने जमकर मचाया उत्पात

# ऑटो सवार बदमाशों ने युवक को मारा चाकू, गाड़ियों में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

### बाग उमराव दुल्हा में रात करीब एक बजे की वारदात

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उपराव दुल्हा में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात ऑटो में आए बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए घर के बाहर सड़कों पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने सड़क पर खड़े युवक से मारपीट करते हुए पीठ में छुरी मार दी। पुलिस के अनुसार बाग उमराव दुल्हा निवासी मोहम्मद सहाब (40) बैटरी ऑटो चलाते हैं। शुक्रवार रात वह अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए नवीन नगर आए थे।

रात करीब एक बजे दोनों घर के बाहर खड़े हुए थे, तभी तीन-चार बदमाश पहुंचे और सहाब के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो एक बदमाश ने सहाब की पीठ में चाकू से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद रिश्तेदार ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। इसी बीच वहां बदमाशों के तीन अन्य साथी ऑटो लेकर पहुंचे थे। सभी बदमाश एक ऑटो में मोहल्ले में घूम रहे थे और सड़क किनारे खड़े वाहनों में तोड़फोड करते रहे। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर जब तक लोग बाहर निकले, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

गाली देने से मना किया तो एक बदमाश ने सहाब की पीठ में चाकू से हमला कर दिया



### मोहल्ले वालों को देखकर भाग निकले

आरोपी जब नवीन नगर पहुंचे तो उन्होंने सहाब और उसके साथ खड़े रिश्तेदार को देखकर गाली-गलौज की। इसी बीच पीछे से मोहल्ले वाले पहुंचे तो बदमाश भाग निकले। पुलिस ने सहाब की रिपोर्ट पर अरमान, शफीक बच्चा, अदनान, अमन, फरदीन और मुन्ना के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट, चाकूबाजी, हत्या का प्रयास और तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## युवा वकील ने लगाई फांसी, कान में मिला इयरफोन, आंखों पर बंधी थी पट्टी

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित विकासकुंज कॉलोनी त्रिलंगा में शुक्रवार को युवा वकील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह जिला न्यायालय में प्रेक्टिस कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मूलतः वारासिवनी बालाघाट निवासी अंशुल बंसोड पिता आनंद बंसोड़ (28) ने एक जनवरी को त्रिलंगा स्थित विकासकुंज कॉलोनी में दो कमरों का मकान किराए पर लिया था। अंशुल ने भोपाल से ही एलएलबी की पढ़ाई पूरी की और हाल ही में जिला न्यायालय में प्रेक्ट्रिस शुरू कर दी थी। पिता बालाघाट में पीडब्लूडी में एसडीओ हैं। शुक्रवार को अंशुल की मां सुबह से ही कॉल कर रही थीं, लेकिन अंशुल का कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। मां ने शाम को अंशुल के दोस्त को बताया और घर जाकर अंशुल से बात कराने का कहा। बाद शाम करीब 7 बजे दोस्त अंशुल के घर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी देर तक दरवाजा नही खुला तो दोस्तों ने दरवाजा की दरार से झांककर देखा। भीतर अंशुल का शव फंदे पर लटका नजर आया। एएसआई एसएन साहू ने बताया कि अंशुल की आंख पर कपड़े की पट्टी बंधी थी। कान में ईयरफोन लगे थे, लेकिन ईयरफोन मोबाइल से कनेक्ट नहीं था। पास ही शराब का क्वार्टर और डिस्पोजल मिले हैं। एक डिस्पोजल में शराब का तैयार पैग बना मिला है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत सिर में मिली चोट

**भोपाल।** टीटी नगर थाने के पीछे बन रही शासकीय कमला स्कूल की निर्माणाधीन बिल्डिंग के जीने के पास घायल मिले मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोट थी। अनुमान है कि यह चोट जीने से गिरने के कारण लगी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार वीरेंद्र राजपूत पिता गोर्वधन राजपूत (23) बारना, तहसील बाड़ी बरेली, जिला रायसेन का था। वह शासकीय कमला स्कूल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में रह रहा था और यहीं मजदूरी कर रहा था। वह शराब पीने का आदी था।

### क्राइम ब्रांच ने शिकायत के आधार पर की कार्रवाई

## प्रभावी लोगों के नाम पर धौंस जमाने वाला ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल क्राइम ब्रांच ने इंदौर के राजेन्द्र नगर के निवासी नवीन पिता कैलाश सिंह राठौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवीन राठौर सत्ताधारी दल के प्रभावी लोगों के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल कर लोगों से गैर कानूनी काम के नाम पर ठगी किया करता था।

हाईस्कूल पास नवीन राठौर बेरोजगारों और नौकरीपेशा लोगों को भी आसानी से अपना शिकार बना लेता था। नवीन सत्ताधारी दल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को स्वयं का करीबी बताकर स्थानांतरण कराने, नियुक्ति दिलवाने, शासकीय विभागों में टेंडर दिलवाने, विवादित जमीनों पर कब्जा दिलाने और कब्जा हटाने के नाम पर ठगी करने का आदी है। क्राइम ब्रांच भोपाल ने सत्ताधारी दल के पदाधिकारी की ओर से दी गई सूचना पर नवीन के विरुद्ध धारा 417, 420 और 500 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत नवीन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिन लोगों से ठगी की जानकारी प्राप्त हुई है, उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

### हेम्टू इंटक यूनियन ने वीके सिंह को सौंपा ज्ञापन

## दस हजार रुपए प्रतिमाह वाली रिवॉर्ड स्कीम शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

हेम्टू इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक मानव संसाधन वीके सिंह से मुलाकात कर रिवॉर्ड स्कीम एवं शिफ्ट के समय में किए गए परिवर्तन के संदर्भ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि 11 जनवरी को कॉर्पोरेट कार्यालय में रिवॉर्ड स्कीम के संदर्भ में रखी गई पहली बैठक में ही रिवॉर्ड स्कीम का निराकरण कर प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रुपए एरियर सहित रिवॉर्ड स्कीम का भुगतान किया जाए।

मांग उठाई गई की रिवॉर्ड स्कीम जटिल न हो कर सुलभ हो जिसका लाभ प्रत्येक वर्कमैन जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करने वाले सभी वर्कमैन जिसमें ड्राफ्समेंन, मेंटिनेंस क्वालिटी एवं एनेक्सी में कार्य करने वाले सभी वर्कमैन को मिलना चाहिए। जब तक रिवॉर्ड स्कीम प्रारम्भ नहीं होती तब तक शिफ्ट के



समय में परिवर्तन न किया जाए। स्कूल एवं कैंटीन सब्सिडी बहाल कर स्टाफ कैंटीन को पूर्व की भांति प्रारंभ किया जाए। सिंह ने कहा कि इन विषय को 11 जनवरी को होने वाली बैठक में रखा जाएगा। वहीं शिफ्ट के समय में किए गए परिवर्तन पर भी विचार किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री गौतम मोरे, कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला, युथ इंटक अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, आदि कई इंटक यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम दाहोद पहुंची


## आयुष्मान कार्ड को लेकर बच्चों ने दिया स्वस्थ भारत का संदेश



**औबेदुल्लागंज :** विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को ग्राम दाहोद पहुंची। इस दौरान लगे शिविर में जनता को अनेकों योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जन अभियान परिषद के क्लस्टर समन्वयक वीर सिंह चौहान ने बताया कि संकल्प यात्रा में बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। बच्चों द्वारा आयुष्मान कार्ड को लेकर स्वस्थ्य भारत का संदेश दिया और प्रशासन के द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष सुशील शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री, महेन्द्र मैथिल, भाजपा नेता पवन मंडलोई, जन अभियान परिषद के अध्यक्ष अब्दुल हकीम सद्धिकी, गणराम, जिला पंचायत सदस्य, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

### पटेल लोकसभा चुनाव लड़ने की कर रहे तैयारी

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता राजकुमार पटेल की



लगातार दूसरे दिन भी बैठक हुई। इस दौरान राजकुमार पटेल विदिशा, भोजपुर बुधनी से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि ऐसे समीकरण बनते दिखाई दे रहे हैं कि पटेल पावरफुल प्रत्याशी के रूप में सामने आ सकते हैं। कांग्रेस के अमर पेठारी, सोहेल, राजाराम यादव, पंकज नागरानी, कमलेश लोधी, अनिल प्रजापति ने बताया कि पटेल लोकसभा के लिए कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी रहेंगे, वे चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

### रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह

## विधायक पटवा के निर्देशन में राम भक्त घर-घर जाकर दे रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| औबेदुल्लागंज

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य मंदिर में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने बताया कि भोजपुर में विधायक सुरेन्द्र पटवा के मार्गदर्शन में 6 मंडलों में एवं चार नगर परिषदों में भव्य तैयारी की जा रही है। पूरा भोजपुर क्षेत्र में 22 जनवरी को राममय होगा। सुंदरकांड, रामायण पाठ, श्री राम की जाप आदि धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता के अलावा श्रीराम भक्त जगह-जगह जाकर लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहे हैं।

#### पीले चावल देकर अयोध्या आने का कर रहे आग्रह



श्रीराम भक्त कड़कड़ाती सर्दी में अलग-अलग कॉलोनियों में जाकर लोगों को पीले चावल देकर हाथ जोड़कर आग्रह कर रहे हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन के प्रभु श्रीरामलला नवनिर्मित मंदिर के दर्शन के लिए अपने अनुकूल समयानुसार अयोध्याजी में परिवार सहित पधारें। नगर में भाजपा की महिला मीडिया प्रभारी आरती यादव, पार्षद समीक्षा विक्रम यादव, जीतू नंदवंशी, राजेंद्र गुड्डू साहू, संदीप चौरसिया, सुजीत यादव, क्षेत्र के स्वयं सेवक, जन अभियान के वॉलंटियर सहित नगर के धर्मप्रेमी क्षेत्र में अयोध्या राम मंदिर समारोह में सहभागिता का आग्रह कर रहे हैं। तामोट में भी रामकिशोर चौहान, सुलेखा चौहान, कोमल चौहान, बाबूलाल चौहान, हेमराज चौहान, संजीव चौहान आदि निमंत्रण देने में जुटे हैं।

### छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित प्रियंका नगर में दसवीं कक्षा की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार प्रियंका नगर निवासी दीपमाला भड़कले (17) दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसकी मां की बचपन में ही मौत हो चुकी है, जबकि पिता उसे छोड़कर अलग रहता है। वह अपने नाना-नानी के साथ रह रही थी। उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता था और दो बार फेल हो चुकी थी। शुक्रवार को परिवार के सभी लोग काम पर चले गए थे। इस दौरान दोपहर में दीपमाला की तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही परिजन घर पहुंचे उसे निजी अस्पताल ले गए। उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे निजी अस्पताल से एम्स लेकर पहुंचे पर कुछ देर बाद मौत हो गई।

### डाऊ केमिकल कंपनी के वकील ने कहा-


## भोपाल न्यायालय को सुनवाई का अधिकार नहीं

विधिक संवाददाता ▶▶| भोपाल

गैस त्रासदी की जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड कंपनी को खरीदने वाली अमरीकी कंपनी डाऊ केमिकल कंपनी की ओर से जिला न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील रवींद्र श्रीवास्तव, पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केन्द्र सरकार सिद्धार्थ लूथरा और भोपाल के एडवोकेट संदीप गुप्ता ने बहस पेश करते हुए कहा कि यह कंपनी अमेरिका में है, इसलिए भोपाल के न्यायालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आती। कंपनी के खिलाफ केस चलाने का इस न्यायालय को कोई अधिकार नहीं है। वर्ष 2012 में हाईकोर्ट का जो फैसला आया, उसमें डाऊ केमिकल कंपनी पक्षकार नहीं थी, बल्कि डाऊ केमिकल इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड कंपनी पक्षकार थी, इसलिए वो फैसला हम पर लागू नहीं होता।

#### इस संबंध में अब तर्क की आवश्यकता नहीं

याचिकाकर्ता भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन के वकील अवि सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए डाऊ केमिकल कंपनी की आपत्ति का विरोध करते हुए कहा कि मप्र हाईकोर्ट ने 19 अक्टूबर 2012 को क्षेत्राधिकार के संबंध में निर्णय कर दिया था, इसलिए इस संबंध में अब तर्क की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि डाऊ केमिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और डाऊ केमिकल कंपनी एक ही ग्रुप की कंपनियां हैं। इसलिए यह फैसला इस कंपनी पर भी लागू होगा। वहीं डाऊ केमिकल कंपनी के वकील ने कहा कि उक्त आदेश के द्वारा न्यायालय का क्षेत्राधिकार होने अथवा न होने का बिंदू निर्णिय नहीं किया गया है। न्यायालय ने बहस सुनने के पश्चात 20 जनवरी के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है।



- याचिकाकर्ता के वकील ने दी दलील-डाऊ का पक्षकार बनाया जाना आवश्यक
- न्यायालय ने बहस सुनने के पश्चात 20 जनवरी के लिए फैसला सुरक्षित रखा

उल्लेखनीय है कि गैस पीड़ित संगठनों ने गैस त्रासदी के आपराधिक मामले में डाऊ केमिकल कंपनी को पक्षकार बनाए जाने की मांग को लेकर जिला अदालत में याचिका दायर की थी। जिला अदालत द्वारा वर्ष 2014 से डाऊ केमिकल कंपनी को इसका जवाब देने के लिए अदालत में हाजिर होने के लिए समंस जारी किए जा रहे थे। वर्ष 2001 में यूनियन कार्बाइड कंपनी इण्डिया लिमिटेड को डाऊ केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूएस ने खरीद लिया था। याचिकाकर्ता भोपाल गुरुप फॉर इंफ अमेज्शन एंड एक्शन की ओर से वर्ष 2004 में भोपाल की जिला अदालत में याचिका दायर कर डाऊ केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूएस को प्रकरण में पक्षकार बनाए जाने की मांग की गई थी।

### मेल नर्स से मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश

**भोपाल।** बागसेवनिया थाने से चंद कदमों की दूरी पर शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास बाइक सवार बदमाशों ने मेल नर्स से मोबाइल छीन लिया। छीने गए मोबाइल की कीमत दस हजार रुपए है। पुलिस ने उक्त मामले में चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय संदीप मेवाड़ा, दीपशिखा अस्पताल में मेल नर्स है। वे अस्पताल में ही एक कमरे में रहते हैं। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र पैलेश के पास अन्नपूर्णा होटल में वह खाना खाते हैं। शुक्रवार रात खाना खाकर दीपशिखा अस्पताल लौट रहे थे। इस दौरान मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। वे विद्या नगर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनका मोबाइल छीन लिया।

### चिल्ड्रेंस होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में हुआ आयोजन

## अमेरिका से आए अतिथियों के स्वागत में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग नृत्य प्रस्तुति




**संतनगर।** चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधी नगर में सीएचआई-यूएसए संस्थान के एसोसिएट दादा नारी पोहानी, उनकी पत्नी लक्ष्मी पोहानी, विजय केवलरामानी एवं उनकी पत्नी अनीता केवलरामानी का विद्यालय में आगमन हुआ। इस अवसर पर दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत एवं रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं 99वें अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह में तबला वादन में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाली शाला की प्रतिभावान छात्रा अवनी साहू को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# अपने दो हिंदू साथियों के साथ 17 दिनों से पैदल चल रही शबनम

# मुंबई से पैदल अयोध्या जा रही शबनम सीहोर पहुंचीं, कहा- रामजी सबके हैं...ये नया भारत

## एक दिन में 37 किमी का तय करती सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

21 वर्षीय शबनम शेख के हौसलों और धार्मिक आस्था को देखकर लोग हैरान हैं। वह मुंबई से अयोध्या तक पैदल जा रही हैं, उनके और साथियों के हाथों में भगवा ध्वज हैं। जिस पर जय श्री राम लिखा हुआ है। रास्ते में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे लगाते हुए एक दिन में उनका सफर 37 किलोमीटर का कब पूरा हो जाता है उन्हें ही नहीं पता चलता।जी हां , हम बात कर रहे हैं मुंबई निवासी 21 वर्षीय शबनम शेख की, वह अभी फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उनके दो साथी विनीत पांडे और रामराज शर्मा उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए मुंबई से अयोध्या जा रहे हैं। शनिवार को यह तीनों श्रद्धालु सीहोर पहुंचे, जहां जगह-जगह पर उनका लोगों ने स्वागत किया।

### बचपन से रामजी को मानते हैं

शबनम ने कहा उन्हें पैदल चलते हुए 17 दिन हो गए हैं। श्रद्धा के लिए मन में विचार आना जरूरी नहीं है, बचपन से राम जी को मानते हैं जितना हम नबी को रिस्पेक्ट करते हैं उतना ही राम जी की रिस्पेक्ट करते हैं। कड़ाके की ठंड में हम यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा रामजी सबके हैं, राम धुन अकेले शबनम शेख के अंदर ही नहीं आ रहा है, मौलाना में भी आ रहा है, वह राम भक्ति में लीन है यह नया भारत है।

### अपने धर्म के साथ दूसरे धर्म का करती है सम्मान



मीडिया से चर्चा करते हुए शबनम ने कहा कि वह शुरू से ही हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में रही है और उन्हें अपने धर्म के साथ-साथ दूसरे धर्म का सम्मान करना भी बहुत अच्छे से आता है। सोशल मीडिया पर लोग मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं ,उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को टॉर्चर करने वालों को जेल में डाल देना चाहिए। ऐसे लोगों पर हनुमान जी का गदा सिर पर मारना चाहिए।

# भोजपाल महोत्सवः महाकाल के भजनों की सुमधुर गूंज में भक्तिमय हुए बाबा के भक्त

## उज्जैन के राजा...महाकाल तेरी गुलामी मेरे काम आ रही है पर झूमा भोपाल



**भोपाल।** भेल दशहरा मैदान पर चल रहा भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार को भजन गायक किशन भगत ने बाबा महाकाल और प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी। किशन ने गणेश वंदना से भजनों की शुरुआत की। इसके बाद बाबा महाकाल के भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ भोजपाल महोत्सव मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर के साथ ही मेला टीम ने दीप प्रज्वलित कर की।

इंदौर निवासी किशन भगत ने उज्जैन के राजा... से अपने गाने की शुरुआत की। इसके बाद महाकाल तेरी गुलामी मेरे काम आ रही है, महाकाल का नाम जपो के साथ ही प्रभु श्रीराम की भजनों की प्रस्तुति दे चुके हैं।

### गुनगुनाते थे भक्ति भजन

बता दें कि किशन बाबा महाकाल के भक्त हैं। बाबा की सेवा, भक्ति के साथ ही उनके नाम की भजनों को गुनगुनाते रहते थे। इस दौरान उन्होंने पैसे देकर अपना पहला गाना महाकाल के राजा को रिकॉर्ड कराया। इस गाने को इतनी प्रसिद्धि मिली कि किशन ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। किशन आज देशभर में भजनों की प्रस्तुति देने जा रहे हैं। शनिवार को आपके शहर में चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में प्रस्तुति दी।

### प्रदेश में यह सबसे बड़ा आयोजन

मेला अध्यक्ष ने बताया कि राजाभोज की नगरी में राजाभोज के नाम से होने वाले आयोजनों में प्रदेश में यह सबसे बड़ा आयोजन है। मेले में राजाभोज की 12 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई गई है। मेले में छोटे-बड़े करीब 500 विभिन्न सामग्री के स्टॉल लगाए गए हैं। इस मौके पर मेला समिति के मो. जाहिद खान, दीपक बैरागी, देवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र सिंह जाट, मो. रेहान, मंत्री चंदन वर्मा, विनय सिंह, केश कुमार शाह, आफताब सिद्धकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सहमंत्री सुनील वैष्णव, वाहिद खान, संदीप सहित मेला समिति से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।



एनएसएस में पंजीयन कराने की छात्रों को दी गई जानकारी

# कॉलेजों में भ्रमण कर विवेकानंद जयंती के आयोजन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय के अन्तर्गत चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शनिवार को संजीव प्रकाश श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष कृषि विभाग), कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, दिनेश प्रसाद एवं सुरभी (सहयोगी राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज (एमबीबीएस), बीएएमएस, होम्योपैथी, फार्मेसी, नर्सिंग कॉलेज का भ्रमण किया। सभी कॉलेजों के प्राचार्य से 2023-24 के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी को राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीयन हेतु चर्चा की तथा 12 जनवरी को भारत के ज्ञान, संस्कृति और दर्शन को विश्वभर में दिग्विजय कराने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह पर अयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की।

# गो-माता की सेवा और श्रमदान किया



**भोपाल।** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के बीपी वधानी एवं दिनेश चंद्र मैखुरी के भोपाल आगमन पर केदार प्रसाद दुबे के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार की गौशाला इमलिया पर गौ सेवा, परिसर स्वच्छता एवं निरीक्षण किया गया। रविवार को मीनाल कॉलोनी शाखा के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के तत्वावधान में पंच कुंडी नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ एमपीईबी ग्रांउड शिव राम जानकी मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 22 को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, मध्य भारत प्रांत भगवा रंग से रंगा होगा, हमारा लक्ष्य 35 लाख परिवारों को निमंत्रित करनाः राजेश

**भोपाल।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरो पर हैं। मध्य प्रदेश में भी इसकी धूमधाम से तैयारी की जा रही है। 22 जनवरी को एमपी भगवा रंग से रंगा होगा। प्रदेश में बड़े स्तर पर दीपावली उत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद ने दी है। शनिवार को मध्य भारत प्रांत मंत्री और अक्षत वितरण अभियान प्रांत के संयोजक राजेश जैन ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 22 जनवरी को मध्य भारत प्रांत भगवा रंग से रंगा होगा, दीपावली मनाई जाएगी। बड़े स्तर पर उत्सव मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने रूपरेखा तैयार की है। हर बाजार में



लाइटिंग होगी, आतिशबाजी के साथ शहर और गांव रंगोली से सजेंगे। सभी कॉलेज, स्कूल और शिक्षण संस्थान समेत सार्वजनिक स्थान पर बड़ी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर समेत हर गांव में हर सनातनी के घर पर भगवा पताकाएं लगाई जाएगी। मध्य भारत प्रांत के करीब 11 हजार मंदिरों में आयोजन होंगे। प्रांत के सभी बड़े और प्रमुख मंदिरों में दो दिनों तक विशेष धार्मिक आयोजन होगा। सभी सनातनियों को एक करने का काम किया जाएगा। हर सनातनी के घर एक पत्र, एक चित्र और अक्षत पहुंचा जा रहा है।

राजेश जैन ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मध्य भारत प्रांत के 12000 गांव तक पहुंचे। 35 लाख में से 15 लाख घरों तक पहुंचा। 15 जनवरी तक प्रांत के हर हिंदू घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

### एमबीबीएस-2022 बैच को दी जानकारी

# एम्सः ड्रग थेरेपी ऑफ मेनिया और बाइपोलर इलनेस पर हुआ व्याख्यान

**भोपाल।** एम्स भोपाल के फार्माकोलॉजी और मनोचिकित्सा विभाग द्वारा एमबीबीएस 2022 बैच के लिए ड्रग थेरेपी ऑफ मेनिया एंड बाइपोलर इलनेस पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान, फार्माकोलॉजी और मनोचिकित्सा विभाग का एक संयुक्त प्रयास था। जिसका उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और उसका उपचार में अनुप्रयोग के बीच के फासले को समाप्त करना है। व्याख्यान में फार्माकोलॉजी और मनोचिकित्सा के एकीकरण ने छात्रों को सीबीएमई के सिद्धांतों को मजबूत करते हुए, वास्तविक जीवन के नैदानिक मामलों के संदर्भ में ड्रग थेरेपी के अनुप्रयोग को समझने में मदद की।

# जिंदगी लाइव

## खबर संक्षेप

### यंग थिंकर्स फोरमः अल्लामा इकबाल पर व्याख्यान आज

**भोपाल।** यंग थिंकर्स फोरम द्वारा रविवार दोपहर 3 बजे से स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी, न्यू मार्केट भोपाल में अल्लामा इकबाल पर केंद्रित व्याख्यान का आयोजन किया होगा। इसमें इतिहास व इस्लाम के अध्येता श्रीकृष्ण श्रीवास्तव वक्ता होंगे और उनके द्वारा द्वारा इकबाल की रचनाओं पर संदर्भ और अर्थ सहित चर्चा की जाएगी। प्रदेश के उर्दू, अरबी, फारसी के विद्वान, लेखर, शायर, गजलकार, साहित्यकार सम्मिलित होंगे। इकबाल के लेखन के दो पक्ष हैं। शायरी ने मुस्लिम समुदाय के मानस पर विशेष प्रभाव डाला है।

### कला भवन सभागार में आज चक्रधर महोत्सव

**भोपाल।** वृन्दा कथक केन्द्र एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा रोहित नगर स्थित कला भवन सभागार में 7 जनवरी को चक्रधर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रविवार शाम 5 बजे आयोजित इस महोत्सव में अनूप जलोटा के शिष्य सत्यनारायण नायर गजल एवं भजन की प्रस्तुति देंगे।

### 18वीं ब्लाइंड चैलेंज कार रैली 14 जनवरी को



**भोपाल।** अरुषि द्वारा 14 जनवरी को भोपाल शहर के लोगों के लिए अलग तरह की कार रैली का आयोजन होगा। इसमें दृष्टिबाधित नेवीगेटर ब्रेल लिपि में लिखी गई रूट मैप बुक पढ़कर कार चालक को रास्ता बताएंगे। ब्लाइंड चैलेंज कार रैली को 'हमसफर' नाम दिया है। रैली में रफ्तार से नहीं बल्कि नियंत्रित गति से व सही रास्ते पर चलकर ही मंजिल पर पहुंचा जा सकेगा। ज्यादा धीमें या तेज चलने पर पेनाल्टी लगेगी। रैली के अनूठे रोमांच को रैली में शामिल होकर ही जाना जा सकता है। शुभारम्भ डी.बी. मॉल से सुबह 9.30 बजे होगा।

# भ्रष्टाचार रूपी बकरी का चारा बनता विकास रूपी पौधा

## शहीद भवन में हरिशंकर परसाई के व्यंग 'बकरी चर गई पौधा' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





प्रशासनिक कार्य व्यवहार में भ्रष्टाचार किस तरह से अपनी पैठ किए हुए है, कि प्रशासक, भ्रष्टाचार की समाप्ती के लिए एक आयोग का गठन करते है, जो खुद भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। कुछ ऐसे ही भ्रष्टाचार रूपी कालिमा से पर्दा हटाता हरिशंकर परसाई का व्यंग 'बकरी चर गई पौधा' का मंचन शनिवार की शाम शहीद भवन सभागार में किया गया।

पिंक बर्ड सोसाइटी द्वारा एक घंटा दस मिनट के इस नाटक में नाट्य रुपांतरण कमलेश दुबे का रहा। साथ ही नाटक में संगीत और मंच सज्जा में नवीन प्रयोगों को दर्शकों ने खूब सराहा। नाटक में दिखाया कि सचिवालय में माननीय द्वारा लगाए गए पौधे को भ्रष्टाचार रूपी बकरियां स्वतः ही हजम कर जाती है यह पता नहीं चलता। सचमुच उसे बकरी ने हजम कर लिया या किसी ओर के द्वारा वह विकास रूपी पौधा गायब कर दिया जाता है।



### बना दिया बकरी आयोग

परसाई के व्यंग्य में बताया गया है कि जिस बकरी के द्वारा पौधा खाया गया है, उसे ढूंढ़ने को सभी को लगा दिया जाता है। उसकी जांच के लिए एक बकरी आयोग बना दिया जाता है। आयोग के लिए डेपुटेशन पर लोग बुलाए जाते हैं और संविदा पर नियुक्ति की जाती है। बकरी को खोजन के लिए दस से पंद्रह साल तक का खाका तैयार किया जाता है और भविष्य में ऐसी गलती दौबारा नहीं हो उसके लिए कड़े दिशा-निर्देश और कार्य व्यवहार में बड़े परिवर्तन किए जाते हैं। अंत में एक भले मानुस को बीच में लाकर उसकी बकरी के सर पर आरोप मढ़कर सभी अधिकारी कर्मचारी नेता मंत्री सब बरी हो जाते हैं। इस तरह यह विकास रूपी पौधे की व्यवस्था का पहिया लगातार घूमता रहता है, भ्रष्टाचार रूपी बकरी उसे हजम करती रहती है। जिससे वह पौधा ठीक ढंग से नहीं बढ़ पाता।

# लता मंगेशकर, किशोर कुमार के गीतों से सजी संगीत संध्या



### रवींद्र भवन में म्यूजिकल नाइट 'नाकाबंदी' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम 3 ग्रुप की ओर से शनिवार की शाम रवींद्र भवन में 'नाकाबंदी' म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें एम 3 ग्रुप के कलाकारों ने लता मंगेशकर, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, जगजीत सिंह के गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में 21 सिंगर और तीन संगीतकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। साथ ही प्रस्तुति में श्रेया घोषाल, अरजीत सिंह, सोनू निगम, पलक मुच्छल के गीतों ने भी समां बांधा और श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# केरल में दिखाई जाएगी सुदीप सोहनी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म



मध्य प्रदेश से चयनित होने वाली एकमात्र फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवा फिल्मकार सुदीप सोहनी की फिल्म 'यादों में गणगौर' का चयन केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिस्सूर में चल रहे 7वें अंतरराष्ट्रीय फोकलोर फिल्म फेस्टिवल में हुआ है। 9 जनवरी को त्रिस्सूर के 130 साल पुराने सेंट थॉमस कॉलेज के मीडिया स्टडीज सभागार में फिल्म का प्रदर्शन होगा। महोत्सव में 70 देशों की 300 से अधिक सांस्कृतिक और सौंदर्य की दृष्टि से उल्लेखनीय फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं, जो विभिन्न देशों की जीवंत कला संस्कृति, विविधताओं और सिनेमाई उत्कृष्टता को दर्शाती है। यह देश का अनूठा फिल्म फेस्टिवल है, जिसमें त्रिस्सूर नगर के पांच अलग-अलग कला और मीडिया संस्थानों और सभागारों में फिल्मों का प्रदर्शन होता है। इस समारोह में सुदीप की फिल्म मध्य प्रदेश से एकमात्र चयनित फिल्म है। इस डॉक्यूमेंट्री के नेशनल चलचित्रम समारोह गुवाहाटी, अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल शिमला और साउथ एशियन फिल्म समारोह, शिकागो (अमेरिका) में प्रदर्शन हो चुके हैं।

### 11 जनवरी से शुरू होगा परी बाजार



# सूफियाना कव्वाली,चारबैत और शो में दिखेगी भोपाल की संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़ी झील किनारे बने रानी कमला पार्क में 11 जनवरी से साहित्य, कला एवं संस्कृति के उत्सव परी बाजार का आयोजन होगा। बेगम्स ऑफ भोपाल की ओर से आयोजित इस चार दिवसीय ऐतिहासिक महोत्सव में प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों से भी एग्जीबिटर्स प्रदर्शनी में शामिल होंगे।

यह जानकारी शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बेगम्स ऑफ भोपाल की अध्यक्ष रखशां जाहिद ने दी। महोत्सव का शुभारंभ 11 को शाम 4 बजे राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। परी बाजार में हस्तशिल्प प्रोडक्ट्स, हैंडलूम बुनकरों द्वारा बनाए गए वस्त्र और ड्रेस मटेरियल्स प्रदर्शित किए जाएंगे। परी बाजार की थीम रंगे बाग है जो प्रदेश के प्रमुख एवं ट्रेडिशनल ब्लॉक बाग प्रिंट को समर्पित है। महोत्सव में महिलाओं द्वारा कव्वाली पेश की जाएगी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

# महोत्सव का समापनः नेहरू युवा केंद्र के युवा विकसित भारत के संकल्प को कर रहे पूरा

- लोक नृत्य में शहडोल के कलाकार व कविता लेखन में देवेश शर्मा रहे प्रथम

**भोपाल।** नेहरू युवा केंद्र संगठन, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल के आईईएस विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। दो दिवसीय युवा उत्सव में प्रदेशभर के 700 से अधिक युवाओं ने भाग लिया है। समापन अवसर पर भाषण, पेंटिंग, कविता, सांस्कृतिक नृत्य तथा फोटोग्राफी विधा में श्रेष्ठ प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया।



### विकसित भारत बनाने लेना होगा पंच प्रण का संकल्प

केंद्रीय राज्य मंत्री कुलस्ते ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत का मान विश्व मंच पर लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में नेहरू युवा केंद्र संगठन के नौजवान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हमें पंच प्रण का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। वर्तमान समय में भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलाव आ रहा है।

### भोपाल चैप्टर महिला समिति की बैठक संपन्न



**भोपाल।** वनबंधु परिषद की भोपाल चैप्टर महिला समिति की बैठक आयोजित की गई। किरण अग्रवाल की अध्यक्षता में जनवरी में आयोजित होने वाले फूड मेकिंग मेला की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फूड मेला 14 जनवरी को ई-2 अरेरा कॉलोनी स्थित पार्क में लगाया जाएगा। जिसमें गेम्स के साथ-साथ कई तरह के व्यंजनों को तैयार किया जाएगा।

### विश्व हिंदी दिवस पर वक्तव्य 10 को

**भोपाल।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा 'विचार विमर्श' का आयोजन 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे से हिंदी भवन के महादेवी वर्मा सभागार में होगा। कार्यक्रम संयोजक जया केतकी ने बताया कि विमर्श में 'हिंदी के विश्व भाषा बनने की चुनौतियां' विषय पर वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पूर्व आईएएस एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव का मुख्य वक्तव्य होगा।

# हमारी मातृशक्ति...



कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच सशस्त्र सीमा बल की महिलाएं नई दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल करते हुए।

## खबर संक्षेप

### रायुडू ने वाईएसआर कांग्रेस से दिया इस्तीफा




**भुवनेश्वर।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू को राजनीति रास नहीं आई। वे 2 हफ्ते तक भी इस पिच पर नहीं टिक पाए। 28 दिसंबर को वाईएसआर कांग्रेस में शामिल होने वाले अंबाती ने 6 जनवरी को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कुछ समय राजनीति से दूर रहने की घोषणा की।

### संजय को राहत, जाकर फार्म भरने की छूट



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की एक कोर्ट ने संजय सिंह को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए खुद जाकर नॉमिनेशन भरने की छूट दी है। इससे पहले आप ने शुक्रवार के लिए नामित किया था।

### दिल्ली के मोदी मिल इलाके में भीषण आग




**दिल्ली।** यहां के मोदी मिल इलाके के जंगल में भीषण आग लगने की खबर है। दमकल की 7 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। ये आग मथुरा रोड स्थित मोदी मिल के जंगल में लगी है। आसपास भारी जाम लग गया है।

### मॉडल दिव्या मर्डर की जांच करेगी एसआईटी



**गुरुग्राम।** मॉडल दिव्या पाहुजा मर्डर केस में एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी में डीसीपी क्राइम, सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच के इंचार्ज इंस्पेक्टर अनिल और थाना प्रभारी सेक्टर-14 शामिल हैं। दिव्या की होटल सिटी प्वाइंट में होटल मालिक अभिजीत सिंह ने गोली मार दी थी।

### नोएडा में 14 तक बंद रहेंगे 8वीं तक के स्कूल




**ग्रेटर नोएडा।** भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिले के नर्सरी से आठवीं तक के 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने कहा, घने कोहरे और ठंड के कारण गौतमबुद्धनगर में मान्यता प्राप्त आठवीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

---

राशन घोटाले में बंगाल में ईडी की छापामार कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

# हमले के बाद से फरार हुए टीएमसी नेता शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस

ईडी ने नोटिस को सभी एयरपोर्ट और सीमा सुरक्षा बल, सीमा पुलिस तथा अन्य एजेंसियों को भेज दिया है। जगह-जगह उसकी तलाश की जा रही है।

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापामारी के दौरान टीम पर भीड़ के हमले के मामले में ईडी ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस शुक्रवार को उसके घर पर छापा मारने पहुंची थी, तभी टीम पर हमला हो गया था। इसमें कई अधिकारी घायल भी हो गए थे। घटना के बाद से शेख फरार है। ईडी के मुताबिक शाहजहां शेख के समर्थकों ने ही हमला किया था।

ईडी ने नोटिस को सभी एयरपोर्ट और सीमा सुरक्षा बल, सीमा पुलिस तथा अन्य एजेंसियों को भेज दिया है। उत्तर 24 परगना जिला परिषद सदस्य शेख के संदेशखाली स्थित आवास पर तलाशी ले रही ईडी टीम पर उसके समर्थकों ने हमला कर दिया और सीआरपीएफ कर्मियों के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने घटना के संबंध में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है, हालांकि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।


## शाहजहां के समर्थकों ने किया था ईडी टीम पर हमला

अधिकारियों पर जानलेवा हमले के बाद एक्शन में ईडी

शंकर समर्थकों ने किया ईडी टीम के वाहनों पर पथराव



हमले में कई अफसर गंभीर घायल ईडी के अनुसार जब उनका काफिला बोनगांव से निकल रहा था, तभी भीड़ ने उनकी गाड़ियों पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिससे एक गाड़ी का शीशा टूट गया। सूत्र ने कहा कि हमारे अधिकारियों और केंद्रीय बलों को 100 से अधिक लोगों की भीड़ का सामना करना पड़ा। हालांकि, केंद्रीय बल स्थिति को नियंत्रित करने में कामयाब रहे।



**नगर पालिका का पूर्व अध्यक्ष शंकर गिरफ्तार**

ईडी ने बोनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। आध्या पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी है। ईडी राशन घोटाले को लेकर टीएमसी नेता शाहजहां शेख के ठिकाने पर छापा मारने पहुंची थी।

### यह तीसरी गिरफ्तारी

राशन वितरण घोटाल में में ईडी ने तीसरी गिरफ्तारी की है, पहले कोलकाता स्थित व्यवसायी बकीबुर रहमान, फिर राज्य के वन मंत्री और पूर्व राज्य खाद्य आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को गिरफ्तार किया गया। अब शंकर को दबोचा गया है।

ईडी का दावा

### हथियारों से लैस 800-1000 लोगों ने अटैक किया

ईडी के अधिकारियों पर हमले को लेकर जांच एजेंसी ने बड़ा दावा किया। ईडी ने कहा कि हमारी टीम पर 800 से 1000 लोगों ने हमला किया। हमलावरों ने मोबाइल, लैपटॉप और कैश लूट लिया। ईडी ने कहा कि पीडीएस घोटाले के मामले में उत्तर 24 परगना के टीएमसी के संयोजक शाहजहां शेख के 3 परिसरों की तलाशी ले रही थी। तलाशी के दौरान एक परिसर में ईडी टीम और सीआरपीएफ कर्मियों पर 800-1000 लोगों ने जान लेने के इरादे से हमला किया।

---

मुसलमानों को बदरुद्दीन की नसीहत

# 20 से 26 जनवरी तक घर में रहें, कहीं यात्रा न करें



एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने मुसलमानों से कहा है कि वे 20 से 26 जनवरी के बीच घर पर ही रहें। इतना ही नहीं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मुस्लिम विरोधी बताया। एआईयूडीएफ प्रमुख ने कहा कि भाजपा हमारे धर्म की दुश्मन है। रैली में अजमल ने कहा कि मुसलमान 20 से 26 जनवरी के बीच घर पर ही रहें और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ट्रेन से यात्रा करने से बचें।

### मदरसा का कर रहे थे शिलान्यास

असम के ग्वालपाड़ा जिले के कदमतल में एक मदरसा के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए अजमल ने कहा कि भाजपा मुसलमानों से नफरत करती है और हमारे खिलाफ कुछ भी करवा सकती है। इस अवसर तक सभी अपने घर में रहें और सुरक्षित रहें, क्योंकि उस दिन अयोध्या में राम मंदिर की मूर्ति का स्थापना होने वाली है। इसलिए आपसे गुजारिश है कि हर मुसलमान आदमी इस तारीख तक कहीं आने जाने से या रेल की यात्रा करने से परहेज करें।

## गिरिराज बोले-किसी से नफरत नहीं

### 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' ही हमारा लक्ष्य



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भाजपा मुसलमानों से नफरत नहीं करती। हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ काम करते हैं। सिंह ने कहा कि अयोध्या भूमि विवाद मामले में पूर्व वादी इकबाल अंसारी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है और वह प्रार्थना में भी भाग लेंगे। सिंह आरोप लगाया कि बदरुद्दीन अजमल और असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग समाज में नफरत फैलाते हैं और भाजपा सभी धर्मों का सम्मान करती है।

---

पीएम ने एक्स पर किया भजन शेयर

# स्वस्ति का 'मेरे राम आएंगे' हम सबके दिल को छू गया





एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रामनगरी अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां लगभग पूरी हैं। इस बीच सिंगर स्वस्ति मेहुल ने भगवान राम के लिए एक भजन गाया है, जो खूब सुर्खियां बटोर रही है। ये भजन पीएम नरेंद्र मोदी के दिल को भी छू गया। पीएम मोदी ने स्वस्ति के इस गाने को लेकर एक ट्वीट भी किया है।

### यह भाव-विभोर कर रहा

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा 'स्वस्ति जी का ये भजन एक बार सुन लें तो लंबे समय तक कानों में गूंजता रहता है। आंखों को आंसुओं से, मन को भावों से भर देता है।

---

एनसीआरटीसी कम अवधि के लिए देगी

# किराए पर 'नमो भारत' में करें फिल्म व डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने हाल ही में फिल्म शूटिंग सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए आरआरटीएस स्टेशन परिसर और प्रतिष्ठित नमो-भारत ट्रेनों को किराए पर उपलब्ध कराएगी। आरआरटीएस स्टेशन और नमो-भारत ट्रेनें अब फिल्म शूटिंग, डॉक्यूमेंट्री और टीवी विज्ञापनों आदि के लिए अल्पकालिक अवधि के लिए किराए पर मिल सकेगी।



### विश्वस्तरीय सुविधाएं भी

आरआरटीएस के बुनियादी ढांचे और नमो भारत ट्रेनें विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ वास्तुकला और मॉडर्न डिजाइन से परिपूर्ण हैं, जो मनोरम और बहुमुखी शूटिंग का लक्ष्य रखने वालों के लिए उत्तम विकल्प हो सकती हैं।

---

राहुल के नेतृत्व में 14 से शुरू होगा इसका सफर

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो और टैगलाइन लॉन्च

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस फिर से यात्रा मोड में आ गई है। इस बार यात्रा का पूर्व से पश्चिम की ओर जाएगी। इस यात्रा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नाम दिया गया है।

यह राहुल गांधी के नेतृत्व में निकलेगी। कांग्रेस ने इस यात्रा का लोगो भी लॉन्च कर दिया है। शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो लॉन्च किया।

### मणिपुर क्यों नहीं गए पीएम मोदी?



खरगे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और पीएम मोदी पर निशाना साधा। खरगे ने कहा, पीएम कई जगह जाकर फोटोशूट कराते हैं, वे मणिपुर क्यों नहीं गए।

**14 जनवरी से शुरू हो रही यात्रा**

उन्होंने बताया कि राहुल के नेतृत्व में हम 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू कर रहे हैं। यात्रा से जुड़ने के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं, कांग्रेस के मित्र दलों और सिविल सोसाइटी को भी आमंत्रित किया गया है। खरगे ने कहा कि 14 से मणिपुर से मुंबई तक यह शुरू की जा रही है।

---

जिला अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार किया

# अब 4 सप्ताह तक सार्वजनिक नहीं की जाएगी सर्वे रिपोर्ट

## ज्ञानवापी परिसर से संबंधित रिपोर्ट में वाराणसी जिला जज का फैसला

एजेंसी ⏭ वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शनिवार को जिला अदालत से आदेश आ गया है। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार कर लिया है जिसमें टीम ने 4 सप्ताह तक रिपोर्ट सार्वजनिक न करने की अपील की थी।

एएसआई ने जिला जज को आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए, क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए।

### 2 सील बंद लिफाफों में रिपोर्ट दाखिल



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में 2 सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी, फिर ईमेल आईडी देकर रिपोर्ट मांगी है।



**सर्वे रिपोर्ट लीक न हो, मीडिया कवरेज पर लगे रोकः मसाजिद कमेटी**

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने अनुरोध किया कि शपथ पत्र लेने के बाद ही सर्वे की रिपोर्ट दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्वे की रिपोर्ट लीक नहीं होगी। मीडिया कवरेज पर रोक लगाने की मांग भी की गई है।

---

यूपी के डीजी ने दिए आदेश

# 'प्राण- प्रतिष्ठा' में स्मार्ट फोन इस्तेमाल न करें पुलिसकर्मी

एजेंसी ⏭ अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। यूपी पुलिस ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त के लिए पूरी तरीके से तैयारियों में जुटी है।



डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने आदेश जारी कर 22 जनवरी और 26 जनवरी की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को मोबाइल फोन न इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा मोबाइल चलाते कई बार लापरवाही की जाती है।

### इस कार्यक्रम में कई हस्तियां मौजूद रहेंगी

इस दिन अयोध्या में पीएम नरेंद्र मोदी समेत तमाम दिग्गज हस्तियां मौजूद रहेंगी, ऐसे में सुरक्षा में कोई चूक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# भूकंप के बाद बारिश और बर्फबारी



**जापान** इशिकावा प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र

**126** से ज्यादा भूकंप से हुई मौतें

**200** लोग लापता तलाश जारी

**सैकड़ों घायल उपचारत**

- राहत सामग्री नहीं पहुंचने से मडराया खतरा
- सबसे ज्यादा मौतें वाजिमा में 69, सुजु में 38, घायल 27
- मकान ढहकर सड़कों पर मलबे के रूप में तब्दील

## खबर संक्षेप

### जलमग्न हुआ इंग्लैंड सड़कें बनी नदी



**लंदन।** इंग्लैंड से लेकर यूरोप तक बारिश से कराह उठा है। इंग्लैंड के कई शहर भयंकर बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। कई सड़कें नदी में तब्दील हो गईं। खेतों में पानी भर गया और नावें और बहुत से वाहन बह गए। रेल सेवाएं और सड़क बाधित होने से आवागमन रुक गया है। वहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बाढ़ में फंसे हजारों लोगों को शिविरों में विस्थापित किया गया है।

### म्यांमार के 'लाउककैंग शहर' पर जबरन कब्जा



**म्यांमार।** चीन की सीमा से लगे म्यांमार के 'लाउककैंग शहर' पर दूसरे देश ने कब्जा कर लिया है। म्यांमार के सैनिकों ने दुश्मनों के सामने समर्पण कर दिया। म्यांमार की सरकार ने बताया कि उसने चीन से लगी उत्तर-पूर्वी सीमा के निकट 'लाउककैंग' से अपने बलों को हटा लिया है। गुरुवार को 'द थ्री ब्रदरहुड अलायंस' ने लाउककैंग शहर पर नियंत्रण कर लिया।

### हाईजैक शिप के अंदर घुसी मार्कोज कमांडो की टीम, 24 घंटे में 21 क्रू सदस्यों को बचाया

# लुटेरों के चंगुल से मुक्त भारतीयों के खिले चेहरे, 'भारत माता की जय' से गूंजा समुद्र

◆ *नौसेना की मार्कोज टीम ने जहाज में सैनिटाइजेशन ऑपरेशन चलाया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने बहादुरी की एक ओर मिशाल पेश की है। उसने अपनी सूझबूझ से शुक्रवार को उत्तरी अरब सागर में हाईजैक हुए मालवाहक जहाज 'एमवी लीला नॉरफॉक' में समुद्री लुटेरों के चंगुल में फंसे सभी 21 लोगों को बचा लिया, जिनमें 15 भारतीय भी शामिल हैं। इस घटना के बाद हर कोई भारतीय नौसेना की तारीफ कर रहा है। इन सबके बीच एक नौसेना ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें बचाए गए लोगों की खुशी साफ देखी जा सकती है। लोग भारत माता की जय के नारे लगाते और भारतीय नौसेना के जवानों को धन्यवाद देते नजर आए।

- भारतीय नौसेना की चेतावनी के बाद हाईजैकर्स जान बचाकर भागे
- नौसेना ने पूरे शिप को कब्जे से छुड़ाने के लिए अपनी एलीट मार्कोज टीम को भी उतारा
- भारतीय नौसेना में 1987 में एलीट कमांडो फोर्स मार्कोज का गठन

*भारतीय नौसेना द्वारा साझा किए वीडियो में एक भारतीय कहता दिख रहा है कि उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। वहीं, एक अन्य ने कहा कि 24 घंटे से डर में थे। अब हमें राहत मिली है। इसी बीच, एक शख्स ने कहा कि हम सब भारत की नौसेना पर गर्व महसूस करते हैं। फिर क्या था सब लोग एक सुर में 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे।*



### हर भारतीय की जान बचाने को तत्पर है भारतः अनुराग ठाकुर

एमवी लीला नोरफोक हाईजैक घटना पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत की पहचान है कि वो हर एक भारतीय की जान बचाने के लिए कुछ भी करता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नहीं, अनेक उदाहरण दिए हैं कि कैसे हर भारतीय की जान को बचाया जाए।

### डर से भाग निकले लुटेरे

जवानों ने जहाज को चारों ओर से घेर लुटेरों को चेतावनी दी। मार्कोस कमांडो अगवा पोत पर उतरे और उसकी तलाशी ली तो कोई लुटेरा वहां मौजूद नहीं था। वे जवानों को देखकर वहां से भाग गए। आईएनएस चेन्नई कार्गो शिप एमवी लीला नॉरफॉक के पास मौजूद है। जहाज में बिजली उत्पादन और नेविगेशन सिस्टम को बहाल करके उसे अगले बंदरगाह तक यात्रा शुरू करने में मदद की जा रही है।

**वीडियो में दिखी खुशी**

वीडियो में एक भारतीय कहता दिख रहा है कि उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। वहीं, एक अन्य ने कहा कि 24 घंटे से डर में थे। अब हमें राहत मिली है। इसी बीच, एक शख्स ने कहा कि हम सब भारत की नौसेना पर गर्व महसूस करते हैं। फिर क्या था सब लोग एक सुर में 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे।

### नौसेना ने जहाज को घेरा

नौसेना के मार्कोस कमांडो ने बताया था कि सूचना मिली थी कि जहाज पर हथियार से लैस पांच से छह लोग सवार हैं, जिनके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। इस पर जहाज का पता लगाने के लिए तुरंत एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान पी-8 आई और लंबी दूरी के 'प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन' को तैनात किया गया।

### लॉरेंस गैंग के सदस्यों की 4 संपत्तियां कीं अटैच

# आतंक-अपराध और नशे पर एनआईए का... बड़ा एक्शन






एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी देश में आतंकी-गैंगस्टर और ड्रग तस्करी के मकड़जाल को खत्म करने की दिशा में कदम उठा रही है। ऐसे ही एक और बड़े कदम में एआईए ने 6 दिसंबर को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की संगठित टेरर-क्राइम सिंडिकेट के सदस्यों की चार चार संपत्तियों को अटैच किया।

एनआईए ने हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में समन्वित छापेमारी में संपत्तियां कुर्क की गईं। एनआईए ने हथियार जब्ती मामले में जम्मू-कश्मीर में एक आवासीय घर को कुर्क किया। ये सभी संपत्तियां आतंकवाद की आय हैं, जिनका इस्तेमाल आतंकी साजिश रचने में किया जाता है।

### यह संपत्तियां अटैच

संपत्तियों में लखनऊ के गोमती नगर एक्टेंशन में सुलभ आवास योजना के आश्रय-1 का फ्लैट-77/4 शामिल है, जो लखनऊ में आतंकी गिरोह के आश्रयदाता विकास सिंह से संबंधित है। कुर्क की गई दो अन्य संपत्तियां पंजाब के फाजिल्का के गांव बिशनपुरा की हैं जो आरोपी दलीप कुमार उर्फ भोला उर्फ दलीप बिश्नोई के स्वामित्व में थीं। हरियाणा के यमुनानगर निवासी जोगिंदर सिंह के नाम पर पंजीकृत एक फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की गई। विकास सिंह लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी है, जिसने पंजाब पुलिस मुख्यालय पर रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड हमले में शामिल आरोपियों समेत आतंकियों को शरण दी।

### फॉर्च्यूनर कार का इस्तेमाल

जोगिंदर सिंह लॉरेंस के करीबी गैंगस्टर काला राणा का पिता है। जोगिंदर सिंह पर आरोप है कि वह आतंकी कृत्यों के लिए हथियार और गोला-बारूद के ले जाने के लिए अपनी फॉर्च्यूनर कार का इस्तेमाल करने दे रहा था। आरोपी दलीप कुमार की संपत्ति का इस्तेमाल हथियारों को रखने और आतंकी गिरोह के सदस्यों को शरण देने के लिए किया जा रहा था।

### यूएसः टेक ऑफ के बाद विमान की खिड़की उड़ी




घटना के बाद जांच में जुटी टीम

1. अमेरिका के ओरेगॉन में अलास्का एयरलाइंस के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की
2. यात्री बोला-खिड़की उड़ने के बाद सामने मौत दिखने लगी
3. अलास्का एयरलाइंस में सवार 177 यात्रियों की जान बाल-बाल बची

### फल-फूल रहा है होटल उद्योग

## जम्मू में 77 साल का रिकॉर्ड टूटा, 2 करोड़ पर्यटक पहुंचे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में पिछले साल रिकॉर्ड 2 करोड़ पर्यटक आए। यह पिछले 77 साल में सबसे अधिक है। यह अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद परिवर्तन का संकेत है। इससे रोजगार बढ़े हैं। होटल उद्योग फल-फूल रहा है। पिछले वर्ष यहां 100 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हुई।

फ्रांस ने कश्मीर के उभरते आकर्षण पर एक रिपोर्ट पेश की है। दशकों के संघर्ष के बाद विदेशी यात्रियों के लिए खुलने वाला एक भूला हुआ स्वर्ग बताया गया है।



### आकर्षण का नया युग

प्रवक्ता ने कहा कि ल फिगारो की रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह जम्मू-कश्मीर के संघर्षग्रस्त अतीत से एक समृद्ध वर्तमान तक की यात्रा को खूबसूरती से दर्शाती है। भूले हुए स्वर्ग को विश्व मंच पर अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के रूप में चित्रित किया गया है, जो जादू और आकर्षण के एक नए युग का प्रतीक है।

झूम उठे सीमा पर रहने वाले लोग

## आजादी के 75 साल बाद जम्मू-कश्मीर के कुंडियां और पतरू गांव में पहुंची बिजली

एजेंसी ▶▶ कुपवाड़ा

देश को आजादी मिले हुए 75 साल हो गए हैं, लेकिन अभी भी दूर-दराज के कई ऐसे गांव हैं, जहां अबतक बिजली नहीं पहुंची है। जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में एलओसी के पास ऐसे ही दो गांवों में पहली बार बिजली पहुंचाई गई है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि कुपवाड़ा जिला के केरन इलाके में कुंडियां और पतरू गांव में 75 साल में पहली बार बिजली पहुंची है। यहां रहने वाले लोगों ने पहली बार बिजली का अनुभव महसूस किया है। उन्होंने बताया कि समृद्ध सीमा योजना के तहत स्थापित किए गए 250-केवी के दो सब स्टेशनों का उद्घाटन कश्मीर मंडलायुक्त वीके भिदुरी ने किया है।



■ यहां रहने वाले लोगों ने पहली बार बिजली का अनुभव महसूस किया

### लोगों ने जताया आभार

प्रवक्ता ने कहा कि इन गांवों में रहने वाले लोगों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के सुशासन के प्रति आभार व्यक्त किया, जिसने देश से अलग-थलग पड़े समुदायों में ग्रिड कनेक्टिविटी पहुंचाई। उन्होंने बताया, जैसी ही उनके घर बिजली की रोशनी से जगमगाए, वातावरण खुशी और उल्लास से भर गया, जो कई दशकों का लंबा इंतजार खत्म होने का प्रतीक था। उन्होंने दावा किया कि इन गांवों में लाइट पहुंचाने का प्रोजेक्ट रिकॉर्ड दो महीनों में पूरा किया गया है। कश्मीर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड इलेक्ट्रिक डिवीजन, कुपवाड़ा द्वारा इस विद्युतीकरण परियोजना को धरातल पर पहुंचाया गया है।

### सीमा पर भारतीय सुरक्षाबल मुस्तैद

## पीओके के जंगलों में लगी भीषण आग भारतीय सीमा तक फैली

एजेंसी ▶▶ पुंछ

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के एक जंगल में लगी आग भारतीय सीमा तक फैल गई है। आग के लगातार बढ़ने की वजह से भारत में सुरक्षाबलों के जवान सतर्क हो गए हैं, ताकि आग की आड़ में किसी तरह की घुसपैठ न हो सके।

यह आग जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास वन क्षेत्र तक फैल गई है। आग शुक्रवार देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भड़की और मेंढर उपमंडल के बालाकोट सेक्टर तक फैल गई।



### अलर्ट जारी

भीषण आग को देखते हुए नियंत्रण रेखा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आग की आड़ में आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश न कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रण रेखा की रक्षा कर रहे सेना के जवान आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

### विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया, आरोप- चल रही है 'अवैध सरकार'

# बांग्लादेश में आज मतदान और दूसरी तरफ हड़ताल, कई नेता गिरफ्तार

*बांग्लादेश में आज होने वाले चुनाव की तैयारियां पूर्ण*

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में रविवार को होने वाले मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस चुनाव पर भारत और पाकिस्तान की पैनी निगाह है। इस चुनाव में मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनाव नहीं लड़ रही है।

विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है और ''अवैध सरकार'' के खिलाफ 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने विपक्ष के कई नेताओं के इससे पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। बता दें, हसीना 2009 से सत्ता में हैं। उन्होंने चुनाव दिसंबर 2019 में जीता था, जिसमें जानलेवा हिंसा हुई थी और चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। बीएनपी ने 2014 में भी चुनाव का बहिष्कार किया था।

- हसीना के चौथी बार जीतने पर लोगों को आर्थिक स्थिति और खराब होने का डर
- चुनाव पर भारत और पाकिस्तान की पैनी निगाह
- चुनाव में उतरे 27 राजनीतिक दल



### 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी

देश के निर्वाचन आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान में कुल 11.96 करोड़ पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं और उनके अलावा 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं। भारत के 3 पर्यवेक्षकों समेत 100 विदेशी पर्यवेक्षक निगरानी रखेंगे।

### चुनाव निष्पक्ष और विश्वसनीय नहीं...

बीएनपी ने शनिवार से 48 घंटे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। जो 27 राजनीतिक दल चुनाव लड़ रहे हैं उनमें विपक्षी जातीय पार्टी भी शामिल है। बाकी सत्तारूढ़ आवामी लीग की अगुवाई वाले गठबंधन के सदस्य हैं जिसे विशेषज्ञों ने ''चुनावी गुट'' का घटक सदस्य बताया है। बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार करते हुए 6 जनवरी को सुबह 6 बजे से 8 जनवरी को सुबह 6 बजे तक 48 घंटे की देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है। मौजूदा सरकार के रहते कोई भी चुनाव निष्पक्ष और विश्वसनीय नहीं होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 3-0 से रौंदा वार्नर का अपने आखिरी मैच में अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| सिडनी

डेविड वार्नर ने अपने घरेलू मैदान पर 57 रन बनाकर 112 टेस्ट मैच के अपने कॅरियर का अंत किया। आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके इस दिग्गज सलामी बल्लेबाज को शानदार विदाई दी। ऑस्ट्रेलिया जब लक्ष्य से केवल 11 रन दूर था तब वार्नर को साजिद खान ने पगबाधा आउट किया। जब वह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से पवेलियन की तरफ बढ़ रहे थे तब दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में वह आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। साजिद ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी पगबाधा आउट किया था। ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए।



### वॉर्नर ने जड़ा 37वां अर्धशतक

डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट कॅरियर के आखिरी मैच में कॅरियर का 37वां अर्धशतक जमाया। वह 57 रन की पारी खेलकर साजिद खान की गेंद पर एलबीडब्लू आउट हुए। वॉर्नर जब आखिरी टेस्ट पारी खेलने के लिए मैदान पर उतरे तो पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सभी प्लेयर्स ने उनके सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं।

### वार्नर की उपलब्धि

| | टेस्ट | वनडे |
|---|---|---|
| मैच | 112 | 161 |
| पारी | 205 | 159 |
| रन | 8786 | 6932 |
| औसत | 44.6 | 4530 |
| उच्च. स्कोर | 335* | 179 |
| शतक | 26 | 22 |
| अर्धशतक | 37 | 33 |



### पाक की लगातार 17वीं हार

ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। टीम ने यहां लगातार 17वां टेस्ट मैच गंवा दिया। उन्हें आखिरी बार 1995 में ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट जीत मिली थी। इस बीच टीम का कोई मुकाबला ड्रॉ भी नहीं रहा।

### डब्लूटीसी के टॉप पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद ऑस्ट्रेलिया को डब्लूटीसी में भी फायदा हुआ। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। टीम के 2 सीरीज में 5 जीत और एक ड्रॉ से 54 पॉइंट्स हैं और 56.25% पॉइंट्स होने के कारण टीम पहले नंबर पर है। दूसरे नंबर पर भारत है। टीम के 2 सीरीज में 2 जीत और एक ड्रॉ से 26 पॉइंट्स हैं, टीम 54.16% पॉइंट्स होने के कारण दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के 50% पॉइंट्स हैं, वे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। जबकि 2 सीरीज में 2 जीत और 3 हार के बाद पाकिस्तान के 22 पॉइंट्स हैं।

## खबर संक्षेप



### अफ्रीका में 'फुल लेंग्थ' की गेंदबाजी कारगर नहीं

**केपटाउन।** अपनी स्विंग गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले मुकेश कुमार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मौका नहीं मिला लेकिन न्यूलैंड्स में दूसरे टेस्ट मैच में उनकी कारगर गेंदबाजी के बाद टीम प्रबंधन को अपनी चूक का एहसास हुआ। मोहम्मद सिराज (सात विकेट) और जसप्रीत बुमराह (आठ विकेट) की अनुभवी जोड़ी ने दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इस बीच टीम के तीसरे तेज गेंदबाज मुकेश ने चार विकेट लिए जिसमें दूसरी पारी में शीर्ष क्रम के दो खिलाड़ियों को आउट करना शामिल था।

### केवल तेज गेंदबाजी पर ध्यान देने की सलाह



**नवी मुंबई।** भारत की युवा तेज गेंदबाज टिटास साधु ने कहा कि दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा रही हैं और केवल तेज गेंदबाजी करने पर ध्यान देने की उनकी सलाह का यह 19 वर्षीय खिलाड़ी प्रत्येक दिन पालन करती है। टिटास ने शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 17 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने यह मैच आसानी से 9 विकेट से जीता। यह 2012 के बाद पहला अवसर था जबकि भारत की किसी गेंदबाज ने मैच में चार या इससे अधिक विकेट लिए। झूलन ने मार्च 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

### भारत ए की अगुवाई करेंगे अभिमन्यु



**मुंबई।** बंगाल के अनुभवी खिलाड़ी अभिमन्यु ईश्वरन को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आगामी चार दिवसीय मैच के लिए शनिवार को 13 सदस्यीय भारत 'ए' टीम का कप्तान चुना गया। इंग्लैंड लायंस की टीम भारत दौरे पर इस मैच से पहले दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी जो 12-13 जनवरी को अहमदाबाद में होगा। इसके बाद 17 से 20 जनवरी तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा। टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, प्रदोष रंजन पॉल, केएस भरत, मानव सुथार, पुलकित नारंग, नवदीप सैनी, तुषार देशपांडे, विद्वथ कावेरप्पा, ध्रुव जुरेल और आकाश दीप।

## ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट
# कोको गॉफ और स्वितोलिना में आज होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

पिछली बार की चैंपियन कोको गॉफ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में हमवतन एम्मा नवारो को केवल 62 मिनट में 6-3, 6-1से हराया। गॉफ इस तरह से ऑकलैंड में दो वर्षों में लगातार 18 सेट और नौ मैच जीत चुकी है। रविवार को होने वाले फाइनल में कोको का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की वांग ज़ियू पर 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। स्वितोलिना को इस मैच के दौरान दो बार 'मेडिकल टाइमआउट' भी लेना पड़ा लेकिन आखिर में वह चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराने में सफल रही।



### स्वियाटेक और हर्काज़ ने पोलैंड को फाइनल में पहुंचाया

सिडनी। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और ह्यूबर्ट हर्काज के शानदार प्रदर्शन से पोलैंड ने शनिवार को यहां फ्रांस को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके कैरोलिन गार्सिया को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। इसके बाद एटीपी रैंकिंग में नौवें नंबर पर काबिज हर्काज ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 7-5 से हराकर अपनी टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। पोलैंड ने इसके बाद मिश्रित युगल का मैच भी जीता। पोलैंड रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड ने ग्रुप चरण में केवल एक मैच गंवाया था। उसने चीन को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### भारत में 'वॉर' लागू करने सोच रहा एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने अतिरिक्त वीडियो समीक्षा प्रणाली के ट्रायल में भारत को शामिल करने के लिए खेल के नियमों को निर्धारित करने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड को पत्र लिखा है। वीडियो समीक्षा प्रणाली को पहली बार 2016-17 में फीफा की प्रतियोगिताओं में उपयोग किया गया था। इससे रेफरी को सही फैसले करने में मदद मिली। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 'हमारा मुख्य उद्देश्य मैच अधिकारियों को तकनीक के जरिए सशक्त बनाकर गलतियों की संख्या को कम करना है। हम वीएआर को लागू करने के लिए कार्य जारी रखेंगे लेकिन मेरा मानना है कि एवीआरएस की शुरुआत के लिए भारत जैसा देश अच्छा विकल्प हो सकता है। एवीआरएस हमें तकनीक के प्रभाव का अध्ययन करने, हमारे मैच अधिकारियों को नई अवधारणा से प्रशिक्षित करने तथा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और क्लबों को इसके अनुकूल ढलने में मदद करेगा।'



# पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में ठोका दमदार शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका दौरे के लिए जब चेतेश्वर पुजारा को नजरअंदाज किया गया, तो हर किसी को लगा कि दिग्गज बल्लेबाज का टेस्ट कॅरियर अब समाप्ति की ओर बढ़ चला है।

किसी ने कहा कि टीम इंडिया की दीवार अब ढह चुकी है, तो किसी ने पुजारा की काबिलियत पर सवाल खड़े किए। हालांकि, इन सभी बातों और आलोचकों के मुंह पुजारा ने एकबार फिर जोरदार तमाचा जड़ा है। रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले ही मैच में



पुजारा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक ठोक डाला है। सौराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए चेतेश्वर पुजारा झारखंड के खिलाफ नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 157 रन बना लिए हैं।

# फॉर्मूला ई ने हैदराबाद रेस को रद्द कर दिया

**हैदराबाद।** फॉर्मूला ई ने तेलंगाना की नई सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए हैदराबाद में होने वाली रेस को रद्द कर दिया है। भारत में होने वाली इस दूसरी फॉर्मूला ई रेस का आयोजन 10 फरवरी को होना था। फॉर्मूला ई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, 'तेलंगाना सरकार के अंतर्गत आने वाले नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास विभाग ने 30 अक्टूबर 2023 को मेजबान शहर के साथ किए गए अनुबंध का पालन नहीं किया जिसके कारण यह रेस रद्द कर दी गई।'



## ब्रिसबेन फाइनल
# आर्यना सबालेंका की आज रिबाकिना से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां दो बार की चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका पर 6-2, 6-4 की जीत से ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत एलीना रिबाकिना से होगा। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में भी सबालेंका और रिबाकिना का सामना हुआ था। इसमें सबालेंका ने रिबाकिना पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल कर ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।

सबालेंका ने 2022 विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना के साथ सात मुकाबलों में पांच में जीत हासिल की है। आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर सबालेंका की जीत की लय 15 मैच की हो गई है जिसमें एडिलेड में 2023 के शुरू में खिताब के बाद मेलबर्न पार्क में ग्रैंडस्लैम ट्राफी जीतना भी शामिल रहा। सबालेंका ने अजारेंका के खिलाफ 10 ऐस और 35 विनर लगाये। अजारेंका ने 2012 और 2013 में लगातार आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीते थे। रिबाकिना ने 19 वर्षीय लिंडा नोसकोवा पर 6-3, 6-2 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया।



## रणजी ट्रॉफी
# बिहार की दो टीमें मैदान पर उतरीं, सुलझा विवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार क्रिकेट के लिए गुटबाजी कोई नई बात नहीं है और दो दशकों से चली आ रही अंदरुनी कलह के कारण उसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड की नाराजगी का सामना करना पड़ा और साथ ही कुछ अच्छी प्रतिभाएं भी राज्य से दूर हो गईं। टीम पटना में जन्मे और पले-बढ़े ईशान किशन और गोपालगंज के रहने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की सेवाएं लेने में विफल रही।

ये खिलाड़ी क्रमशः झारखंड और बंगाल के लिए खेलकर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन गए हैं। गुटबाजी की घटना का ताजा मामला शुक्रवार को पटना में सामने आया जब दो टीमें मोइन-उल-हक स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट बी ग्रुप मैच खेलने पहुंची गईं। इसमें से एक टीम का चयन बिहार क्रिकेट संघ के सचिव अमित कुमार ने किया और दूसरी टीम का चयन बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। तिवारी की टीम आखिरकार मैच खेलने में सफल रही। इस टीम की अगुवाई बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर आशुतोष अमन कर रहे हैं।



## अभ्यास सत्र...



खूंटी। शनिवार को खूंटी जिले में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 मैच से पहले एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी।

## ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से दी थी करारी शिकस्त
# टी20 श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। एक दिवसीय श्रृंखला में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है।

भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया।



### पैरी का 300वां मैच

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा, 'हम वास्तव में रविवार को होने वाले मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह हमारी टीम के लिए एलिस पेरी की उपलब्धि का जश्न मनाने का शानदार अवसर है। उनके 300वें मैच का हिस्सा बनने को लेकर वास्तव में प्रत्येक खिलाड़ी उत्साहित है। वह इस पर बात नहीं करना चाहती है क्योंकि इससे उसे लगता है कि वह उम्रदराज हो गई है।' ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद रहेगी कि पेरी बड़ा स्कोर बनाकर इस मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेगी।

### गेंदबाजों ने दिलाई जीत

भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था। टिटास ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'प्रत्येक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है। मेरा मानना है कि क्षेत्ररक्षण में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि एक गेंदबाज मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है।'

# काल्डेरानो और मनिका डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर में पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| मापुसा

दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ह्यूगो काल्डेरानो, शीर्ष भारतीय महिला मनिका बत्रा, युगल विशेषज्ञ जी साथियान और अचंता शरत कमल जैसे कुछ शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर 2024 में चुनौती पेश करेंगे।

यह टूर्नामेंट 23 से 28 जनवरी के बीच यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 250,000 डॉलर है। इसमें खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक जीतने और डब्लूटीटी कप फाइनल और डब्लूटीटी चैंपियंस सीरीज के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने का मौका मिलेगा। ब्राजील के पूर्व युवा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता



काल्डेरानो, भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की देखरेख में 'स्तूप स्पोर्ट्स एनालिटिक्स' और 'अल्टीमेट टेबल टेनिस द्वारा सह-आयोजित टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ में भाग लेने वाले 20 बड़े खिलाड़ियों में से एक होंगे। मनिका वर्तमान में विश्व में 35वें स्थान पर काबिज हैं।




# पहली बार दिनभर कोहरा, ठिठुरे लोग

## दिन-रात में 4 डिग्री का अंतर, रात के तापमान में कमी और हवाएं सर्द होने रात होगी ज्यादा सर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शनिवार को भी दिनभर धूप के दर्शन नहीं हुए, शाम 5 बजे के करीब कुछ हिस्सों में ढलते सूरज की लुकाछिपी रही। यह सीजन में पहला मौका है जब लगातार तीसरे दिन धूप नहीं खिली और दिनभर कोहरे के बादलों के बीच हवाओं का असर बढ़ने से सर्दी का अहसास बढ़ गया। दिन का पारा एक डिग्री गिरकर 18.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.2 कम रहा है। रात का पारा मामूली बढ़कर 14.2 डिग्री रहा, जिससे शहर के दिन और रात के तापमान में केवल 4.6 डिग्री की ही अंतर रह गया। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को भी मौसम लगभग ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सर्द हवाओं की रफ्तार बढने के साथ दिनभर कोहरे का असर रहने से रात में भी सर्दी बढ़ सकती है।

### शाम को अचानक बढ़ी सर्दी

शहर में दिनभर कोहरे का असर रहा, जिससे आसमान पर घने बादलों की जमावट का अहसास होता रहा। सुबह के समय अति घना कोहरा रहने से वाहनों को हेड लाइट जलाकर दूरी तय करना पड़ी। इससे वाहन रेंगते नजर आए। इधर, कोहरे और सर्दी के कारण शहर में गर्म कपड़ों का रुझान बढ़ गया।

### गर्म कपड़ों में लिपटे रहे लोग

दिन में सर्द हवाओं और धुआं धुआं रहे मौसम के बीच सर्दी से राहत के लिए सड़क के किनारे दुकान लगाने वालों से लेकर हाथ ठेले पर सब्जी आदि बेचने वाले दिन भी अलाव तापते दिखे। दिनभर लोग गर्म कपड़ों और कंबल में लिपटे दिखे, तो कई घर में ही रजाई में लिपटे रहे।

**बाहर से आने वाले नागरिकों के लिए विश्राम की व्यवस्था भी की**

## शहर में जल रहे 415 स्थानों पर अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में कड़ाके की ठंड और ठिठुरते भोपाल को राहत देने के लिए नगर निगम ने पूरे शहर में 415 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है। कोहरा और ठंडी हवाएं चलने के कारण यह अलाव दिनभर 24 घंटे ही जल रहे हैं। यह अलाव रैन बसेरा के अलावा बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, ऑटो स्टेंड सहित सभी मार्केट और सार्वजनिक स्थानों पर भी अलाव जल रहे हैं। निगम अधिकारियों के शहर के बाहर से आने वाले आश्रय विहीन नागरिकों के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था व सार्वजनिक स्थलों पर रात व्यतीत करने वाले नागरिकों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। निगम का अमला समस्त 21 ज़ोनों में 415 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था कर रहा है।



### अधिकारी लगातार ले रहे जानकारी

निगम की इस व्यवस्था का समय.समय पर मुख्यमंत्री, मंत्री, महापौर व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी आश्रय स्थलों व अलाव स्थलों पर जाकर अवलोकन भी किया जा रहा है।

### यहां की व्यवस्था

ठंड से राहत पहुंचाने के लिए जोन 1 में 16 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है, जबकि जोन 2 में 7 स्थान, जोन 3 में 12 स्थान, जोन क्र 4 में 19 स्थान, जोन 5 में 17 स्थान, जोन 6 में 22 स्थान, जोन 7 में 30 स्थान, जोन में 122 स्थान, जोन 9 में 1 स्थान, जोन 10 में 15 स्थान, जोन 12 में 4 स्थान, जोन 13 में 12 स्थान, जोन 14 में 4 स्थान, जोन 15 में 10 स्थान, जोन 16 में 15 स्थान, जोन 17 में 7 स्थान, जोन 18 में 16 स्थान, जोन 19 में 21 स्थान, जोन 20 में 10 स्थान पर व्यवस्था की जा है।

## टेकऑफ में घंटों देरी, बिफरे यात्रियों ने मुंबई में किया हंगामा



- टर्मिनल की बिल्डिंग में जमीन पर बैठकर जताया विरोध
- भोपाल में भी घंटों की देरी से पहुंचीं

**संतनगर।** कोहरे के कारण राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानों की आवाजाही लगातार प्रभावित हो रही है। कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से आ रही है। शुक्रवार रात को इंडिगो की मुंबई फ्लाइट करीब पांच घंटे की देरी से रात 2 बजे भोपाल पहुंची। इस विमान में मुंबई में ही यात्रियों ने हंगामा कर दिया और वहीं टर्मिनल बिल्डिंग में नीचे जमीन पर बैठ गए, जबकि यहां भोपाल में मुंबई फ्लाइट आने का इंतजार करते रहे। यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिकारी सेक्टर रीज़न ऑपरेशन बताकर अपना पल्ला झाड़ देते हैं। मालूम हो कि इंडिगो की मुंबई ईवनिंग उड़ान पिछले कई दिनों से लगातार लेट आ रही है।

## फॉग सेफ्टी डिवाइस भी नहीं रोक पा रहीं ट्रेनों की लेटलतीफी, कोहरे में पटरियों पर ट्रैकमैन डेटोनेटर लगाकर पाइलट को दिखा रहे राह

रेलवे का दावा है कि सर्दी के मौसम में कोहरे को मात देने के लिए ट्रेनों के इंजनों में फाग सेफ्टी डिवाइस लगाई गई हैं, लेकिन ये डिवाइस भी ट्रेनों का संचालन पटरी पर लाने के लिए कारगार साबित नहीं हो रही है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से लगातार ट्रेनों के देरी से आने का सिलसिला जारी है। तो वहीं अभी भी कोहरे की अधिकता के दौरान ट्रेनों के सफल संचालन के लिए संरक्षा सुरक्षा के लिए रेलवे प्रशासन अंग्रेजों के जमाने से काम में आने वाले पटाखों का ही उपयोग कर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार डेटोनेटर (पटाखे) का उपयोग काफी कम हो गया है। आने वाले दिनों में इनका यूज पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। जानकारी के अनुसार रेलवे ने कोहरे से निपटने के लिए पायलट को फॉग डिवाइज उपलब्ध कराए थे, पमरे जोन के तीन रेल मंडल में 1048 डिवाइस लगाई गई थी। लेकिन कोहरा छाते ही तमाम प्रयास फेल साबित हुए हैं।



### 270 मीटर की दूरी पर लगाए जाते हैं डेटोनेटर

अधिक कोहरा होने पर रेलकर्मी गैंगमैन, ट्रैकमैन पटरियों पर पटाखे लगाकर आगे रेल फाटक, सिग्नल, स्टेशन आदि की जानकारी देते है। सिग्नल से पहले पटरी पर 270 मीटर की दूरी पर डेटोनेटर (पटाखे) बांधे जाते है। ट्रेन गुजरने के साथ ही तेज आवाज होती है। इस पर चालक को आगे फाटक, सिग्नल आदि होने की जानकारी मिल जाती है और वह ट्रेन की गति को धीमी कर देता है।

डेटोनेटर व फॉग डिवाइस दोनों से पाइलट को कुछ मदद मिलती है। जिससे यहां पता चल जाता है कि इतनी दूरी पर सिग्नल है, लेकिन ट्रेन अभी 60 के ऊपर नहीं जा सकती है। इसके लिए भी नए कवच पर काम चल रहा है, जोकि जल्द आ जाएंगे। उससे रेलवे को काफी मदद मिलेगी। ट्रेनों की स्पीड और बढ़ जाएगी।
**हर्षित श्रीवास्तव,** सीपीआरओ, पमरे

## सचखंड एक्सप्रेस 13 घंटे, तो भोपाल एक्सप्रेस आई तीन घंटे की देरी से

इन दिनों दिल्ली, यूपी व महाराष्ट्र और छतीगढ़ में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। इसके चलते ट्रेनों धीमी गति से चलाया जा रहा है। दिल्ली, महाराष्ट्र व छतीसगढ़ से भोपाल की तरफ से आने वाली ट्रेनें लेट होने लगी है। शनिवार को सचखंड एक्सप्रेस 13 घंटे, तो भोपाल एक्सप्रेस करीब तीन घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंची। इसके चलते अब यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी के चलते कई यात्रियों स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में परेशान होते नजर आ रहे है।

- 12716 सचखंड एक्सप्रेस 13 : 13 घंटे यह ट्रेनें पहुंची देरी से
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 5 .15 घंटे
- 14116 प्रयागराज - डॉ. आंबेडकर नगर एक्स .6 .25 घंटे
- 12616 जीटी एक्स. 1.49 घंटे
- 12724 तेलंगाना एक्स. 2 .20 घंटे
- 11058 अमृतसर एक्स. 1.49 घंटे
- 12626 केरला एक्सप्रेस 4 .40 घंटे
- 20806 आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 2 .52 घंटे
- 12920 मालवा एक्स. 2 .55 घंटे
- 12156 भोपाल एक्स. 2 .51 घंटे

# मानसरोवर आयुर्वेद के 'अथर्व' में दिखा खिलाड़ियों का जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तीनों आयुर्वेदिक कॉलेजों में चल रहे अथर्व एनुअल फेस्ट के छठवें दिन खिलाड़ियों का जोश देखते ही बना। इस दौरान मानसरोवर आयुर्वेदिक महाविद्यालय, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद और मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी फैकल्टी ऑफ आयुर्वेद के खिलाड़ी इंडोर गेम्स में जीत के लिए डटकर खेले। शनिवार को चेस, टेबल टेनिस, कैरम आदि मुकाबले हुए।

अथर्व 2024 के 6वें दिन आउटडोर में जेवलिन थ्रो, लॉंग जंप, हाइ जंप, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो और कबड्डी के मैच खेले गए। बारह दिवसीय अथर्व फेस्ट आयुर्वेद



डायरेक्टर डॉ. बाबुल ताम्रकर सहित तीनों महाविद्यालयों के प्राचार्य, डॉ. भारत चैरागड़े, डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. अनुराग सिंह राजपूत के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे हैं। मैच कोऑर्डिनेटर्स में डॉ. सचिन खेड़किर, डॉ. स्वाति व्यास, डॉ. मनीष, डॉ. अंशुमान, डॉ. वर्षा, डॉ. प्रदीप, डॉ. रविन्द्र, डॉ. शरद, डॉ. मनोज आदि मौजूद रहे।

### टेबल टेनिस में मोइन और मुस्कान विनर

टेबल टेनिस ब्वाय फाइनल मैच में अमन शर्मा और मोइन खान के बीच खेला गया जिसमें मोइन खान विजेता रहे। वहीं टेबल टेनिस गर्ल्स फाइनल में लवीशा पंजरे को शिकस्त देकर मुस्कान सोनी विजेता बनीं।

### चेस में अलिंदी और अनिकेत विनर

चेस टूर्नामेंट गर्ल्स फाइनल मुकाबला अलिंदी खेड़े और दिव्या ढ़ोके के बची खेला गया जिसमें अलिंदी खेड़े जीतीं। वहीं ब्वॉयज फाइनल मुकाबला अर्जुन फालके और अनिकेत सालंके के बीच खेला गया जिसमें अनिकेत सालंके ने जीत दर्ज कराई।



### गर्ल्स खो-खो में एमएएमसी विजेता

खो-खो गर्ल्स के फाइनल में एमएएमसी बैच 21-22 और सियाराम बैच 21-22 के बीच कांटे की टक्कर रही, जिसमें एमएएमसी बैच विजेता रही। वहीं खो-खो ब्वॉयज सेमिफाइनल में सियाराम 23-24 ने एमएएमसी 23-24 को हराया।

# टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

सिंधौड़ा के राजघाट मैदान पर 15 दिनों तक चलने वाले 16वें क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में फाइनल मुकाबला बाबा इलेवन विदिशा एवं पिंटू इलेवन बैरसिया के बीच खेला गया, जिसमें पिंटू इलेवन बैरसिया टीम विजय हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुर्जर, जपं उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, जिपं सदस्य विनय मेहर, विजय सक्सेना, जालम सिंह गौर, कैलाश अहिरवार, नजीराबाद थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी, आलोक सिंह सोलंकी, सरपंच रामरतन गुर्जर, सुनील सक्सेना, अजय सक्सेना, सहित अन्य वरिष्ठ जन मौजूद रहे। समापन के शुरुआत में तीसरे इनाम लिए सिंधौड़ा इलेवन और खेजड़ा महाराजा के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सिंधड़ा इलेवन विजय हुआ। इसके उपरांत बाबा इलेवन विदिशा और पिंटू इलेवन बैरसिया के बीच महामुकाबला खेला गया, जिसमें बैरसिया की पिंटू इलेवन विजय हुई। टूर्नामेंट में उपस्थित सभी मेहमान अतिथियों द्वारा प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए तथा ट्राफी विजेता टीम पिंटू इलेवन बैरसिया को प्रदान की गई।



# लीग मुकाबलों में भोपाल का दबदबा आरएनटीयू और बीयू को मिली जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (मेन्स) टूर्नामेंट का आयोजन ध्यानचंद स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, गोवा, राजस्थान, मप्र और गुजरात की 54 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।

इसमें शनिवार को क्वार्टर फाइनल के मुकाबलों के बाद रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा ने अपने मुकाबले जीतते हुए लीग मैचेज के लिए बतौर टॉप-4 टीम क्वालिफाई किया। शाम के सेशन में लीग के मुकाबले प्रारंभ हुए जिसमें रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी को जीत हासिल हुई। ये सभी मुकाबले ध्यानचंद स्टेडियम में खेले गए।

**आज के मैच:** सुबह के सत्र में प्रातः 8 बजे से लीग के 4 मुकाबले मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। **समापन समारोह 4 बजे से:** समापन समारोह 4 बजे से। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता आरएनटीयू के चांसलर संतोष चौबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता, स्कोप यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, पूर्व ओलंपियन समीर दाद मौजूद रहेंगे।

### लीग मैचों के परिणाम

रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी और सावित्रिबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी के बीच खेले गए लीग के प्रमुख मुकाबले में रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की टीम को जीत मिली। इसमें सावित्रिबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी के 4 गोल के मुकाबले रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी ने 6 गोल किए। मुकाबले में रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की ओर से आमिद, अक्षय और सुंदरम ने 2-2 गोल दागे। सावित्रिबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी की ओर से मयूर ने 2 गोल किए। रोहन और कार्तिक ने 1-1 गोल किए।

### बीयू ने कोटा को हराया

इससे पहले लीग का मुकाबला बरकतउल्ला विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा के बीच खेला गया। इसमें बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी ने यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा को 4-2 से हराया। इसमें बीयू के पवन, सेम, दीवान, तालेब ने 1-1 गोल का योगदान दिया। वही यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा की ओर से संदीप और मनीष ने 1-1 गोल किए। सुबह के सेशन में क्वार्टर फाइनल के चार मुकाबले खेले गए जिसमें पहला मैच आरएनटीयू और ग्वालियर के एलएनआईपीई के बीच खेला गया। इसमे आरएनटीयू ने एलएनआईपीई को 8-2 से हराते हुए लीग मैचेज के लिए क्वालिफाई किया। इस मैच में आरएनटीयू की ओर से श्रेयस और आकाश ने 2-2 गोल किए। वहीं, शैलेंद्र, अली, सुंदरम और सद्दाम ने 1-1 गोल किया।

**कुश्ती संघ ने खेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

## कुश्ती अकादमी में 4-4 कोच, फिर भी रिजल्ट शून्य क्यों?

**भोपाल।** मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ के नेतृत्व में भोपाल ज़िला कुश्ती संघ एवं अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल सीहोर, रायसेन, विदिशा आदि कुश्ती संघ ने शनिवार को खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग को ज्ञापन सौंपा। विश्वामित्र अवॉर्डी एवं भोपाल ज़िला कुश्ती संघ के सचिव शाकिर नूर ने बताया कि इन सभी ने ज्ञापन में पुरानी खेल नीति एवं राज्य कुश्ती अकादमी में सुधार किए जाने खेल मंत्री सारंग को अवगत कराया है, जिससे प्रदेश के कुश्ती खेल की दिशा एवं प्रदेश में कुश्ती का विकास होना निश्चित होगा। ज्ञापन में कुश्ती खिलाड़ियों के अवार्ड संबंधी सुझाव एवं कुश्ती प्रशिक्षकों के सम्मान,प्रोत्साहनस्वरूप नग़द राशि दिए जाने में भेदभाव समाप्त किए जाने, कुश्ती अकादमी में बेवजह मुख्य सलाहकार के पद पर महासिंह राव को रखे जाने, चार-चार कोचों को अकादमी में रखने के बाद भी पहलवानों का रिज़ल्ट शून्य स्तर पर रहने एवं अकादमी के कोचों को अपने परफॉर्मेंस दिखाने देश की अन्य स्कीमों (साइ, खेलो इंडिया, जेएसडब्ल्यू) आदि स्कीमों या हरियाणा के किसी अन्य कुश्ती सेंटरों में प्रेक्टिस करने वाले के पहलवानों को अपना बताकर कुश्ती अकादमी के साथ कर रहे धोखे का विस्तार से उल्लेख किया है। इसके साथ ही प्रदेश से बाहर के मुख्य सलाहकार एवं अन्य कोचों का कुश्ती अकादमी से बॉयकॉट किए जाने की मांग की गई है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930